पौष मास, शुक्ल पक्ष 9, वर्ष 11, अंक 324, पृष्ठ 16, मूल्य : 5.00

वाराणसी, रविवार, 1 जनवरी, 2023

2023 अभिनंदन

# जनसंदेश टाइम्स

परख सच की

वाराणसी, लखनऊ, कानपुर, गोरखपुर एवं प्रयागराज से प्रकाशित

डाक संस्करण

E-paper : www.jansandeshtimes.net | Portal : www.jansandeshtimes.news

# कोई हमारी एक इंच जमीन नहीं ले सकता: शाह

## चीन पर राहुल गांधी को गृहमंत्री ने दिया जवाब

**बेंगलुरु।** आईटीबीपी के आवासीय एवं गैर आवासीय परिसर के उद्घाटन समारोह में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शनिवार को कहा कि भारत की विकास यात्रा में कानून-व्यवस्था का अच्छा होना अहम है और बीपीआर&डी के तत्वाधान में इसका रिसर्च बहुत अच्छे तरीके से हो ऐसे कुछ बदलाव हमने 3 साल में किए हैं जो अब अपने परिणाम भी देने लगे हैं। अमित शाह ने कहा कि आईटीबीपी सबसे दुर्गम क्षेत्र में काम करने वाला हमारा सुरक्षा बल है। हम कल्पना ही नहीं कर सकते कि -42 डिग्री सेल्सियस तापमान में देश की सीमाओं की सुरक्षा करना कितना दृढ़ मनोबल होता है। अमित शाह ने कहा कि जब हमारे आईटीबीपी जवान सीमा पर तैनात होते हैं तो किसी की भी हिम्मत नहीं है कि भारत की एक भी इंच का भी अतिक्रमण कर पाए। हमें भारत-चीन सीमा की चिंता नहीं होती है, जब पता चलता है कि आईटीबीपी के जवान सीमा की रक्षा कर रहे हैं।

आईटीबीपी ने अपने स्थापना काल में विषम भौगोलिक परिस्थितियों और मुश्किल क्षेत्रों में भी बेहतर प्रदर्शन किया है। मैंने जम्मू-कश्मीर और लद्दाख का दौरा किया, वहां के लोग आईटीबीपी के जवानों को हिमवीर



**संबोधन**

आईटीबीपी के आवासीय एवं गैर आवासीय परिसर के उद्घाटन समारोह में बोले अमित शाह

हमें भारत-चीन सीमा की चिंता नहीं होती है, जब पता चलता है कि आईटीबीपी के जवान सीमा की रक्षा कर रहे हैं

कहकर बुलाते हैं। यह उपलब्धि पद्मश्री और पद्मभूषण से भी बड़ी है, क्योंकि सैनिकों को यह उपनाम सरकार ने नहीं बल्कि देश की जनता को दिया है।

वहीं, कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने शनिवार को प्रेस वार्ता कर कहा कि मैं शहीद परिवार का हूं और मैं जानता हूं कि जब एक युवा अपनी जान देता है तो उसके परिवार पर क्या गुजरती है। लेकिन भाजपा के शीर्ष नेतृत्व में कोई ऐसा नहीं है जो यह समझता हो। हम नहीं चाहते कि हमारी सेना से कोई जवान शहीद हो। हम नहीं चाहते कि इस चीज को लापरवाही से लें और सेना राजनीतिक फायदे के लिए इस्तेमाल की जाए और उसका नुकसान हमारे जवानों, उनके परिवारों को हो।

कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने कहा कि हमारी सरकार ने चीन के मामले को पूरी तरह से अप्रभावी तरीके से संभाला है। कांग्रेस की विदेश नीति का लक्ष्य था कि चीन और पाकिस्तान को एक नहीं होने देना है जो हमने यूपीए-2 तक बखूबी किया। आज पाकिस्तान और चीन एक हो गए हैं। यह मामूली बात नहीं है। कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने कहा कि इन्होंने पहला कदम डोकलाम और दूसरा कदम लद्दाख में लिया। मुझे लग रहा है कि यह तैयारी कर रहे हैं। अब सवाल 'अगर' का नहीं बल्कि 'कब' का है। सरकार को हमारी वायु, थल और नौसेना की बात सुननी होगी और सेना का राजनीतिक इस्तेमाल बंद करना होगा। राहुल ने कहा कि चीन हमारा 2000 किमी क्षेत्र ले गया और पीएम जी कह रहे हैं कि कोई नहीं आया। अगर मैं आपके घर में घुस गया और आप कहें कि कोई नहीं घुसा तो इससे क्या संदेश जाएगा? सरकार इस पर भ्रमित हैं। जब हम सरकार पर बात करते हैं तो वह आर्मी के पीछे छिप जाते हैं। सरकार और आर्मी में फर्क है।

अरुणाचल के तवांग में 9 दिसंबर को भारत और चीन के सैनिकों में झड़प हुई थी। 600 चीनी सैनिकों ने 17 हजार फीट की ऊंचाई पर स्थित भारतीय पोस्ट को हटाने के लिए घुसपैठ की कोशिश की थी। यह पोस्ट यांगत्से में है। भारतीय सैनिकों ने चीनियों को खदेड़ दिया। इस दौरान भारतीय सेना के 6 जवान घायल हो गए थे, जिन्हें इलाज के लिए गुवाहाटी के अस्पताल में भर्ती कराया गया। भारतीय सेना के अधिकारियों ने बताया कि हमने चीन की सेना को भी काफी नुकसान पहुंचाया है।




## आतंक को हथियार बना भारत को बातचीत की मेज पर लाना संभव नहीं



**नई दिल्ली।** विदेश मंत्री एस जयशंकर ने पाकिस्तान और चीन को एक बार फिर आड़े हाथों लिया है। साइप्रस यात्रा के दौरान एक संबोधन में नाम लिए बिना पाकिस्तान पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा आतंकवाद को हथियार बनाकर भारत को बातचीत की मेज पर नहीं बैठाया जा सकता है। वहीं चीन के साथ सीमा विवाद मुद्दों पर एस जयशंकर ने कहा कि चीन के साथ हमारे संबंध सामान्य नहीं हैं क्योंकि हम वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) को एकतरफा बदलने के किसी भी प्रयास के लिए सहमत नहीं होंगे। अरुणाचल के तवांग सेक्टर में चीनी और भारतीय सैनिकों के बीच हुई झड़प पर उन्होंने कहा कि हमारी सीमाओं पर चुनौतियां हैं जो कोविड के दौरान और बढ़ गई हैं। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा मूल मुद्दों पर कोई समझौता नहीं होगा क्योंकि आतंकवाद से किसी भी देश को उतना नुकसान नहीं हुआ है जितना भारत को हुआ है।

**जवाब**

विदेश मंत्री एस जयशंकर ने पाकिस्तान और चीन को एक बार फिर आड़े हाथों लिया

उन्होंने कहा कि हम बहुत स्पष्ट हैं कि हम आतंकवाद को कभी स्वीकार नहीं करेंगे। पाकिस्तान पर परोक्ष रूप से हमला बोलते हुए उन्होंने कहा कि हम अपने सभी पड़ोसी देशों के साथ अच्छे संबंध चाहते हैं। लेकिन इसका मतलब यह नहीं है कि हम आतंकवाद के मुद्दे पर समझौता कर लें। हम आतंकवाद को हथियार बनाकर भारत को बातचीत की मेज पर लाने के लिए मजबूर नहीं होने देंगे। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की अध्यक्षता भारत के पास आने के बाद से ही पाकिस्तान आतंकवाद पर भारत को घेरने की कोशिश कर रहा है। इसी मकसद से पिछले कुछ दिनों से पाकिस्तान सरकार के तमाम मंत्री प्रेस कॉन्फ्रेंस कर भारत के खिलाफ जमकर बयानबाजी करते नजर आते हैं। पाकिस्तान के विदेश मंत्री बिलावल जरदारी भुट्टो ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर अभद्र टिप्पणी करते हुए कहा था कि मैं भारत को बताना चाहता हूं कि ओसामा बिन लादेन तो मर चुका है लेकिन गुजरात का कसाई अभी जिंदा है और भारत का प्रधानमंत्री है। जरदारी ने भारत सरकार की विचारधारा को हिटलर से प्रभावित बताया था।

## उत्तर प्रदेश में नववर्ष पर 47 आईपीएस अफसरों को मिला प्रमोशन का तोहफा

### आज से सभी अधिकारी अपने नए पद को सुशोभित करेंगे

**लखनऊ।** प्रदेश सरकार ने नववर्ष के मौके पर 47 आईपीएस अफसरों की प्रमोशन की सूची जारी कर दी। प्रमोशन की सूची के बाद अफसरों में नए साल के जश्न के लिए दोगुनी खुशी नजर आ रही थी। वहीं कुछ अधिकारियों के हाथ मायूसी भी लगी हैं। जिन्हें प्रमोशन से इस सूची से वंचित रहना पड़ा। बता दें कि, 1998 बैच के आईपीएस अफसरों में अभी दो को एडीजी बनने का मौका मिला है जबकि 1998 बैच में कुल सात अधिकारी है। आईपीएस भगवान शंकर श्रीवास्तव और आईपीएस अमित चंद्रा को एडीजी के पद पर प्रमोट कर दिया गया है। वहीं आईपीएस राम कृष्ण भारद्वाज, आईपीएस उपेंद्र अग्रवाल , आईपीएस जे रवींद्र गौड़ , आईपीएस दीपक कुमार , आईपीएस सुभाष चंद्र दुबे और आईपीएस अखिलेश कुमार को आईजी बनाया गया। जबकि




आईपीएस अधिकारी केशव कुमार चौधरी, आईपीएस अजय कुमार साहनी, आईपीएस अनीस अहमद अंसारी , आईपीएस अखिलेश चौरसिया , आईपीएस शिवासिम्मी चनपपा, आईपीएस मुनिराज जी , आईपीएस दिनेश कुमार पी , आईपीएस बबलू कुमार को डीआईजी के पद पर प्रमोट किया गया। इन अफसरों में आईपीएस आईपीएस कलानिधि नैथानी, आईपीएस प्रभाकर चौधरी , आईपीएस संजीव त्यागी , आईपीएस पूनम , आईपीएस कुंतल किशोर , आईपीएस हरीश चंदर , आईपीएस सत्यार्थ अनिरुद्ध पंकज , आईपीएस सत्येन्द्र कुमार , आईपीएस राठौड़ किरीट कुमार, आईपीएस शिव हरी मीना , आईपीएस शैलेश कुमार यादव , आईपीएस मिर्जा मंजर बेग , आईपीएस राहुल राज , आईपीएस शफीक अहमद , आईपीएस राधेश्याम , आईपीएस कल्पना सक्सेना , आईपीएस सुरेश्वर , आईपीएस जयप्रकाश , आईपीएस रामजी यादव , आईपीएस संजय सिंह , आईपीएस राम किशुन , आईपीएस राजकमल यादव , आईपीएस राकेश पुष्कर , आईपीएस मनोज कुमार सोनकर , आईपीएस कुलदीप नारायण , आईपीएस मनीराम सिंह , आईपीएस किरण यादव ,आईपीएस सुरेंद्र बहादुर , आईपीएस शाहब रसीद खां , आईपीएस एस आनंद , आईपीएस राजीव नारायण मिश्रा को सलेक्शन ग्रेड प्रदान किया गया है। ***एजेंसी***

## असम में परिसीमन से पहले 4 जिलों के विलय का फैसला

### सीएम सरमा बोले– उम्मीद है फैसलों के महत्व को समझेंगे लोग

**नई दिल्ली।** असम से एक बड़ी जानकारी सामने आ रही है। असम सरकार ने चार जिलों का अन्य चार जिलों में विलय के साथ-साथ कुछ गांवों के प्रशासनिक अधिकार क्षेत्र में बदलाव करने का फैसला किया। राज्य मंत्रिमंडल की बैठक के बाद मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में इसकी घोषणा की।

उन्होंने कहा कि प्रशासनिक आवश्यकताओं, समाज और असम के हितों को ध्यान में रखते हुए यह निर्णय भारी मन से लिया गया। हालांकि असम सरकार ने इसके पीछे की वजह का खुलासा नहीं किया। आपको बता दें कि बिस्वानाथ जिले को सोनितपुर में, होजई को नौगांव में, बजाली को बारपेटा में और तमुलपुर को बक्सा में मिला दिया जाएगा।



राज्य मंत्रिमंडल की बैठक में कुछ गांवों और कुछ कस्बों के प्रशासनिक अधिकार क्षेत्र में भी बदलाव किया गया है। विलय किए गए ज्यादातर जिले हाल के दिनों में बनाए गए थे।

मुख्यमंत्री ने विलय किए गए जिलों के लोगों से माफी मांगी। उन्होंने कहा कि मैं लोगों से माफी मांगना चाहता हूं लेकिन उम्मीद है कि वे फैसलों के महत्व को समझेंगे। हिमंत बिस्वा सरमा ने कहा कि राज्य के मंत्रियों की एक टीम इन जिलों का दौरा करेगी। साथ ही राज्य के मंत्री प्रमुख संगठनों और नागरिकों के साथ बातचीत कर इन फैसलों के कारणों को बताएगी जिनका खुलासा सार्वजनिक तौर पर नहीं किया जा सकता है। उन्होंने बताया कि जिन जिलों का विलय किया गया है उनके पुलिस और न्यायिक जिले जारी रहेंगे क्योंकि वे अन्य कार्यालयों और अधिकारियों के साथ हैं। गौरतलब है कि चुनाव अयोग ने असम में एक जनवरी, 2023 से परिसीमन तय होने तक नई प्रशासनिक इकाइयों के गठन पर भी रोक लगा दी है। आयोग ने असम के मुख्य चुनाव अधिकारी को निर्देशित किया है कि राज्य सरकार से यह सुनिश्चित कराएं कि एक जनवरी, 2023 से परिसीमन की प्रक्रिया पूरी होने तक नए प्रशासनिक निकायों या इकाइयों का गठन प्रतिबंधित रहेगा।

## नववर्ष की तैयारियों को लेकर यूपी पुलिस ने कसी कमर, हुड़दंग और अराजकता पर होगी नजर

**लखनऊ।** वर्ष 2023 के स्वागत में नववर्ष समारोह से पहले उत्तर प्रदेश पुलिस ने राज्य के सभी पुलिसकर्मियों को निर्देश जारी किये हैं कि वह यह सुनिश्चित करें कि लोग शांतिपूर्ण तरीके से नववर्ष मनायें। अपर पुलिस महानिदेशक (कानून व्यवस्था) प्रशांत कुमार ने कहा, नए साल को शांतिपूर्ण तरीके से मनाने के लिए, हमने राज्यभर के सभी पुलिसकर्मियों को निर्देश जारी किए हैं।

हमने अधिकारियों को यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है कि प्रदेश में किसी भी स्थान पर खासकर मॉल, बाजार, क्लब और बार में लोग किसी तरह का हंगामा न करें। उन्होंने कहा, हमने इन जगहों पर पर्याप्त संख्या में वर्दी और सादी पोशाक दोनों में पुलिस बल तैनात किया है। इसके अलावा, शराब पीकर गाड़ी चलाने के मामलों की जांच के लिए पुलिस टीमों को हर प्रमुख चौराहे पर ब्रेथ एनालाइजर के



**प्रशांत कुमार बोले**

नए साल को शांतिपूर्ण तरीके से मनाने के लिए, हमने राज्यभर के सभी पुलिस कर्मियों को निर्देश जारी किए

साथ रखा जाएगा।

प्रशांत कुमार ने कहा कि पुलिस यह सुनिश्चित करेगी कि इन समारोहों के दौरान महिलाओं या बच्चों को किसी भी तरह की कोई परेशानी न हो और इसके लिए हमने महिला अधिकारियों के साथ यूपी-112 गश्त वाहनों को भी तैनात किया है। उप्र पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी शनिवार शाम से ही गश्त शुरू कर देंगे। अपर पुलिस महानिदेशक ने कहा कि नए साल की पूर्व संध्या और नए साल के दिन धार्मिक स्थलों पर भी लोगों की भारी भीड़ होती है, कानून व्यवस्था बनायें रखने के लिए हम वहां भी पुलिस बल तैनात करेंगे। उन्होंने कहा, इसके साथ ही हमने पूरे उत्तर प्रदेश में सभी महत्वपूर्ण प्रतिष्ठानों की सुरक्षा बढ़ा दी है। कुमार ने कहा, हम लोगों से ट्रैफिक पुलिस द्वारा जारी यातायत निर्देशिका का पालन करने की अपील करते हैं, पुलिस वैकल्पिक पार्किंग सुविधा भी उपलब्ध कराएगी। हमने पहले देखा है कि युवा कुछ स्थानों पर तेज रफ्तार से बाइक पर स्टंट करते हैं, हमने इन सभी स्थानों की पहचान की है और इन स्थानों पर टेढ़े-मेढ़े बैरियर लगा दिए हैं, ताकि हम इसे रोक सकें और उनकी कीमती जान बचा सकें।

## ओबीसी आयोग की बैठक में सर्वे पर हुई चर्चा

### उचित मापदंडों को अपनाने की बनी सहमति

**लखनऊ।** यूपी सरकार की तरफ से गठित किये गए उत्तर प्रदेश राज्य स्थानीय निकाय समर्पित पिछड़ा वर्ग आयोग की पहली बैठक आज राजधानी के गोमतीनगर विस्तार में सूडा कार्यालय में आयोजित हुई। बैठक में आयोग के सदस्यों के बीच ओबीसी आरक्षण को तय करने के फॉमूर्ले पर चर्चा की गयी। मिली जानकारी के अनुसार सदस्यों में आरक्षण के लिए उचित मापदंडों को अपनाने की सहमति बनी है। आयोग के अध्यक्ष रामावतार सिंह ने कहा है कि आरक्षण को लेकर अन्य राज्यों के मॉडल भी देखे जाएंगे। इस कार्य में जो भी जरूरी चीजें शामिल करनी हैं या फिर पहले छूट गयी हैं उनको भी आयोग संज्ञान में लेगा। उन्होंने 6 महीने के अंदर कार्य को समाप्त करने की बात दोहराई। बताते चलें कि पूर्व जज राम




अवतार सिंह को उत्तर प्रदेश राज्य स्थानीय निकाय समर्पित पिछड़ा वर्ग आयोग का अध्यक्ष और पूर्व आईएएस चौब सिंह वर्मा, पूर्व आईएएस महेंद्र कुमार, पूर्व अपर विधि परामर्शी संतोष कुमार विश्वकर्मा और पूर्व विधि परामर्शी बृजेश कुमार सोनी को सदस्य नियुक्त किया गया है। इसके पहले इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने राज्य सरकार की अधिसूचना के मसौदे को खारिज कर दिया था और ओबीसी को आरक्षण दिए बगैर स्थानीय निकाय चुनाव कराने का आदेश दिया था।

### नए साल पर जश्न मनाने पहाड़ों पर उमड़े पर्यटक मनाली में लगा लंबा जाम

**नई दिल्ली।** नया साल दस्तक देने के लिए तैयार है और इस समय उत्तर भारत के लगभग सभी हिल स्टेशनों पर सैलानियों की भारी भीड़ है। शिमला कुल्लू मनाली हर जगह भारी भीड़ है। सिर्फ पर्यटक स्थल ही नहीं बल्कि मंदिरों में भी भीड़ बढ़ गई है। वैष्णो देवी मंदिर आने वाले श्रद्धालुओं की संख्या बढ़ी है। कोई अप्रिय घटना न हो इसके लिए पहले से तैयारियां की गई हैं। शनिवार को मनाली में भारी जाम देखने को मिला। तस्वीरों में भी देखा जा सकता है कि किस तरह मनाली की सड़क गाड़ियों से भरी हुई है। वहीं कुल्लू में भी पर्यटकों की भारी तादाद देखने को मिली है। इसके अलावा गोवा और धर्मशाला में भी कुछ ऐसा ही नजारा है और शिमला शहर में पिछले कई दिनों से हर दिन 3000 वाहन की एंट्री हो रही है। वैष्णो देवी धाम में भीड़ को देखते हुए सुरक्षा के इंतजाम बढ़ा दिए गए हैं। यात्रियों की सुरक्षा के लिए यहां पूरे इंतजाम किए गए हैं। निगरानी और भीड़ प्रबंधन के उद्देश्य से यात्रा ट्रैक और श्री माता वैष्णो देवी भवन पर 500 सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं।

## दिल्ली पुलिस ने बिहार जहरीली शराब कांड के मास्टरमाइंड को गिरफ्तार किया

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच ने बिहार के सारण जिले में जहरीली शराब कांड से जुड़े मामले में वांछित एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। सारण शराब कांड में 73 लोगों की जान चली गई थी। एक अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी। आरोपी की पहचान



सारण जिले के दोइला गांव निवासी रामबाबू महतो के रूप में हुई है। विशेष पुलिस आयुक्त (अपराध) रवींद्र सिंह यादव के अनुसार क्राइम ब्रांच के इंटर-स्टेट सेल को सूचना मिली थी कि महतो दिल्ली में कहीं छिपा हो सकता है। यादव ने कहा तकनीकी निगरानी और विशिष्ट जानकारी के आधार पर महतो को द्वारका से गिरफ्तार किया गया। उन्होंने कहा उचित कानूनी कार्रवाई की जा रही है और आगे की कार्रवाई के लिए आरोपी की गिरफ्तारी की जानकारी बिहार पुलिस के साथ साझा की गई है। पुलिस ने कहा कि बिहार में शराबबंदी के कारण आरोपी ने जल्दी और आसानी से पैसा कमाने के लिए यह तरीका चुना और नकली शराब बनाना और बेचना शुरू कर दिया। आरोपी की गिरफ़्तारी पर बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार बोले सरकार जांच कर रही है कि कौन लोग इसमें शामिल थे कौन इस (शराब) को लाया। जिस समय यह घटना घटी हमने अधिकारियों को तुरंत कार्रवाई करने के निर्देश दिए थे। आज कल रोज शराब पकड़ी जा रही है। ***एजेंसी***

# चीन के मामले को सरकार संभाल नहीं सकी

## राहुल गांधी ने बीजेपी पर किया प्रहार, चीन–पाकिस्तान का एक होना खतरनाक

**नई दिल्ली।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने सरकार पर चीन के मामले को संभालने में पूरी तरह विफल रहने और असमंजस की स्थिति में होने का आरोप लगाते हुए शनिवार को कहा कि इस सरकार की नीतियों के चलते चीन एवं पाकिस्तान एक हो गए हैं, जो खतरनाक बात है। उन्होंने यह दावा भी किया कि डोकलाम एवं तवांग में जो हुआ है, वो किसी बड़ी तैयारी का हिस्सा है।

कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी शनिवार को एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में संवाददाताओं से बातचीत में कहा कि सरकार को सेना, वायुसेना और नौसेना के पीछे नहीं छिपना चाहिए तथा पूरी स्थिति के बारे में देश को अवगत कराना चाहिए तथा अगर वह ऐसा करती है, तो कांग्रेस समेत सभी

**प्रेसवार्ता**

बीजेपी और आरएसएस मेरे लिए गुरु की तरह, उनके हमलों से मुझे फायदा

चीन के मामले में सरकार सेना के पीछे छिपी रही, देश को अंधेरे में रखा

विपक्षी दल उसकी मदद करेंगे। उन्होंने चीन से जुड़े सवाल पर कहा, मैं शहीद के परिवार से हूं।

मेरी दादी (इंदिरा गांधी) शहीद हुईं, मेरे पिता (राजीव गांधी) शहीद हुए। जब कोई जवान शहीद होता है, तो उसके परिवार को क्या महसूस होता है, मैं समझता हूं। भाजपा के शीर्ष नेतृत्व के लोग इसे नहीं समझते। यह अच्छी या खराब बात नहीं है, लेकिन



वास्तविकता है। राहुल गांधी ने कहा, मैं चाहता हूं कि हमारा एक भी जवान शहीद नहीं हो। मैं नहीं चाहता कि हम सेना को राजनीतिक फायदे के लिए इस्तेमाल करें और इसका नुकसान हमारे जवानों और उनके परिवारों को हो। मैं यह नहीं करना चाहता। उन्होंने कहा, आप लोग (मीडिया) मेरी टी-शर्ट की बात करते हैं। लेकिन मैं जानता हूं कि जो जवान सियाचिन और दूसरे स्थानों पर तैनात हैं, उन्हें किस मुश्किल का सामना करना पड़ता है। मैं हर जवान से प्यार करता हूं। मैं चाहता हूं कि उन्हें चोट नहीं लगे।

कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष ने आरोप लगाया, जब राष्ट्रीय स्तर का नेतृत्व रणनीतिक रूप से काम नहीं करता है, तो अंतरराष्ट्रीय संबंधों और भू-राजनीति में तुरंत प्रतिक्रिया आती है। हमारी सरकार ने चीन के मामले को पूरी तरह से मिस्हैंडल (संभालने में विफल) किया है। उन्होंने कहा, हमारी विदेश नीति का लक्ष्य था कि चीन और पाकिस्तान को कभी एक नहीं होने देना है। यह हमारा मुख्य लक्ष्य था। यह हमने संप्रग-2 तक सफलतापूर्वक किया। लेकिन आज पाकिस्तान और चीन एक हो गए हैं। यह खतरनाक बात है। राहुल गांधी ने दावा किया कि चीन और पाकिस्तान एक हुए, क्योंकि मौजूदा सरकार चीजों को संभालने में विफल रही। उनका कहना था, सरकार को सेना, वायुसेना और नौसेना की बात सुननी है।

उन्होंने अपने विरोधियों की तारीफ की और कहा कि मैं खासतौर से आरएसएस और बीजेपी के लोगों को धन्यवाद करता हूं क्योंकि जितना वे आक्रमण करते हैं उतना हमें सुधार करने का मौका मिलता है। मैं चाहता हूं कि वे और जोर से करें जिससे कांग्रेस पार्टी को अपनी विचारधारा अच्छे से समझ आए। मैं उनको अपना गुरु मानता हूं कि वह मुझे रास्ता दिखा रहे हैं कि क्या करना चाहिए और क्या नहीं और अच्छी ट्रेनिंग दे रहे हैं।

## यूपी में 1 जनवरी से दिसंबर 2023 तक निशुल्क राशन बांटने का आदेश जारी

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ सहित पूरे प्रदेश में भारत सरकार द्वारा राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम-2013 के अन्तर्गत निशुल्क राशन बांटने का आदेश शनिवार को जारी कर दिया गया। सरकार के इस निर्णय से पूरे यूपी सहित देश भर में 80 करोड़ लोगों को फायदा होगा। निशुल्क राशन दिसंबर 2023 तक बटेगा। अधिकारियों के मुताबिक लक्षित सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अन्तर्गत सम्पूर्ण प्रदेश में माह मार्च, 2016 से राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम 2013 प्रभावी है। उक्त अधिनियम के अन्तर्गत पात्रता सूची में सम्मिलित प्रदेश के अन्त्योदय एवं पात्र गृहस्थी कार्डधारकों को सब्सिडीयुक्त खाद्यान्न का वितरण सुनिश्चित कराया जाता है। अन्त्योदय कार्डधारकों को 35 किग्रा. खाद्यान्न (14 किग्रा. गेहूं व 21 किग्रा चावल) प्रति राशन कार्ड प्रति माह की मात्रानुसार एवं पात्र गृहस्थी राशनकार्डधारकों को उनसे सम्बद्ध यूनिटों पर 5 किग्रा खाद्यान्न (2 किग्रा) गेहूँ व 3 किग्रा चावल) प्रति माह प्रति यूनिट की मात्रानुसार वितरण सुनिश्चित कराया जा रहा है। वर्तमान में उपरोक्त दोनों राशनकार्डों पर गेहूं रू०-02 प्रति किग्रा व चावल रु-03 किग्रा की दर से वितरित कराया जा रहा है। प्रदेश के चयनित जनपदों में मोटे अनाज अर्थात मक्का का भी वितरण रु-1 प्रति किग्रा की दर से कराया गया है।



# बीस हजार का इनामिया बच्चूलाल गिरफ्तार

**कामयाबी**

**आजमगढ़ से आकर जौनपुर में करता था अपराध**

**पशु क्रूरता व गैंगस्टर में चल रहा था वांछित**

**जनसंदेश न्यूज**



गिरफ्तार आरोपी के बारे में जानकारी देती पुलिस

**गभिरन।** खुटहन थाना क्षेत्र के मरहट गांव के नहर पुलिया के पास से पुलिस ने शनिवार को एक बीस हजार के इनामिया को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। गिरफ्तार आरोपित खुटहन थाने में पशु क्रूरता और गैंगस्टर में वांछित चल? रहा था जिसकी गिरफ्तारी पर इनाम भी घोषित किया गया था। थाने पर आवश्यक लिखा पढ़ी के बाद आरोपित को चलान न्यायालय भेज दिया गया। उप निरीक्षक राजित राम यादव ने बताया आजमगढ़ जिले के दीदारगंज थाना क्षेत्र के चितारा कुशवां गांव निवासी बच्चूलाल यादव पर पशु क्रूरता व गैंगस्टर की कार्रवाई की गई थी। कई महीनों से वह फरार चल रहा था। जानकारी मिली कि वह चोरी छिपे यहां से पशुओं की तस्करी अब भी करता है। उसके पीछे मुखबिर लगा दिया गया। शनिवार की भोर में सूचना मिली कि वह उक्त नहर पुलिया के पास बैठा है। घेराबंदी कर उसे मौके से गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस टीम में थानाध्यक्ष के अलावा उप निरीक्षक राजित राम यादव, हेड कांस्टेबल संजय ओझा, संतोष यादव, सुदर्शन यादव, शिवाकांत, जितेंद्र और शशांक त्रिवेदी शामिल रहे।

## जालसाज ने सब्जी व्यवसायी के खाते से साढ़े छह लाख उड़ाये

**खेतासराय।** साइबर जालसाजों ने एक सब्जी कारोबारी के खाते से छह लाख 66 हजार 390 रुपये उड़ा दिए। क्षेत्र के बभनौटी मोहल्ला निवासी मुकेश सोनकर के खाते से 11 बार में पूरी जमा पूंजी पार कर दिए गया। मैसेज देखकर उन्होंने थाने में तहरीर दी। मुकेश सोनकर पुत्र खोवालाल सोनकर बाजार में सब्जी का व्यवसाय करते हैं। यूनियन बैंक की स्थानीय शाखा में उनका खाता है। मुकेश ने 19 सितंबर को फोन पे के जरिए 20.6 हजार रुपए का एक ट्रांजेक्शन किया था। खाते से पैसा कट गया लेकिन जिस खाते में ट्राजेक्शन किया था उसमें नहीं पहुंचा। कारण जानने के लिए मुकेश ने 30 दिसंबर को गूगल से फोन पे की कस्टमर आईडी के नंबर पर काल किया। फोन पर बात होने के दौरान जैसे जैसे करने को कहा गया मुकेश वैसे वैसे करता गया। इस बीच उन्होंने एटीएम का सीवीवी नंबर भी दिए गए एक ऐप पर भेज दिया। सारी प्रक्रिया करने के बाद मुकेश के खाते से जमा पूरी धनराशि निकल गई।

# सीआरपीएफ जवान को साथियों ने दी अंतिम विदाई



मृतक जवान की फाइल फोटो



साथी को गार्ड ऑफ ऑनर देते सीआरपीएफ के जवान

**मीरगंज।** थाना क्षेत्र के गोपपुर उमरी गाँव निवासी मृतक सुबेदार सुनील कुमार यादव को वाराणसी से लेकर घर पहुंचे साथी जवानों ने गार्ड ऑफ ऑनर दिया। तिरंगे में लिपटे सुनील के शव को साथियों ने कंधा देकर वाराणसी स्थित मणिकर्णिका घाट ले गए। रात 3 बजे वहाँ भी उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर देकर अंतिम रूप से विदा किया। उक्त गांव निवासी 40 वर्षीय सुनील कुमार यादव सीआरपीएफ में नायब सूबेदार पद पर कश्मीर के नीमच में तैनात थे। वे 16 दिसंबर को छुट्टी लेकर पैतृक गांव गोपपुर आये हुए थे। वृहस्पतिवार की रात अचानक तबियत खराब होने पर परिजन उन्हें सीएचसी मछलीशहर ले गए जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। शुक्रवार को दिन भर शोक प्रकट करने वालों का घर पर तांता लगा रहा। पीएम रिपोर्ट के बाद परिजन शव लेकर घर आ गये जहां वाराणसी से आये सीआरपीएफ के जवानों ने रात 11 बजे तिरंगे में लिपटे उनके शव को सलामी दी। वे साथ ही वाराणसी तक जाकर रात 3 बजे गार्ड ऑफ ऑनर के साथ उन्हें अंतिम विदाई दी।

## भाजपा पदाधिकारियों ने दी हीरा बा को श्रद्धांजलि

केराकत। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की मां हीरा बा के निधन पर शनिवार को बीजेपी कार्यकर्ताओं ने सरायबीरू गांव में अजय सोनकर के आवास पर श्रद्धांजलि समारोह का आयोजन किया जिसमें हीरा बा की तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पित कर तत्पश्चात दो मिनट का मौन रहकर पार्टी कार्यकर्ताओं ने अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की। श्रद्धांजलि समारोह की अध्यक्षता बृजेश सिंह ने किया। इस अवसर पर जिला महामंत्री अनुसूचित मोर्चा अजय सोनकर शास्त्री, मण्डल अध्यक्ष संजय सिंह, प्रदीप सिंह, मण्डल महामंत्री प्रदीप पिंकू, कीर्तिमान सिंह, रणधीर यादव सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# तहसील बार एसोसिएशन केराकत ने पीएम को भेजा पत्रक

**मांग**

**कानून के अधिकार को संविधान प्रदत्त मौलिक अधिकार का दर्जा दिये जाने की मांग**

**जनसंदेश न्यूज**



**जौनपुर।** कानून के विषय की जानकारी को संविधान प्रदत्त मौलिक अधिकार का दर्जा दिए जाने की मांग को लेकर विगत दिनों अधिवक्ता विकास तिवारी के नेतृत्व में राष्ट्रपति को सम्बोधित ज्ञापन जिलाधिकारी के माध्यम से प्रेषित किया गया था तथा जनपद के विद्वत जन से मुहिम में जुड़ने का आह्वान भी किया गया था।

उक्त विषय को लेकर तहसील बार एसोसिएशन केराकत ने कानून के विषय की जानकारी को संविधान प्रदत्त मौलिक अधिकार का दर्जा दिलाये जाने की मांग को लेकर उपजिलाधिकारी के माध्यम से प्रधानमंत्री को ज्ञापन प्रेषित किया। साथ ही यह मांग की गई की समाज में कानून मित्र पद का गठन करके भारतीय संविधान व कानून का ज्ञान जन-जन तक पहुंचाया जाय तथा कानून विषय के ज्ञान को अनिवार्य रूप से सर्व शिक्षा अभियान से जोड़ा जाए। अधिवक्ता विकास तिवारी व अतुल सिंह ने संयुक्त रूप से कहा कि सामाजिक या अन्य प्रकार की संहिताओं, नियम-कानूनों या संविधानों की अपनी विशिष्ट उपयोगिता है। संविधान, विधि या नियम-कानूनों से प्राप्त प्रतिफल यानी जिन संस्थाओं के लिए ये नियम-कानून निर्मित हुए, उन संस्थाओं की सहज एवं सरल रूप से संवहनीयता अथवा क्रिया कलाप से ही उनकी भूमिका को मापा जा सकता है। संविधान अथवा नियम-कानून लिखित या अलिखित दोनों प्रकार के होते हैं। कुछ प्राकृतिक रूप से बने सामाजिक संस्थाओं के नियम-कानून अलिखित होते हैं। जैसे परिवार, विवाह, अवस्था, जाति, समुदाय इत्यादि अलिखित, किंतु अन्यान्य संस्थाओं के कुछ लिखित एवं कुछ अलिखित यानी दोनों प्रकार के संविधान होते हैं। संविधान यानी कानून जिस समुदाय, जाति, वर्ग या व्यक्तियों के लिए होता है, यह स्वाभाविक अपेक्षा होती है कि उन्हें उन नीति-निर्देश तत्त्वों, नियम-कानून एवं संविधान का भली-भाँति ज्ञान हो। तहसील बार चुनाव आयोग अधिकारी व तहसील अधिवक्ता राजेश पाण्डेय व अनिल गांगुली ने संयुक्त रूप से कहा कि यह अत्यंत महत्त्वपूर्ण भी है कि जो संविधान जिस समाज अथवा संस्था के लिए बना है, उस संस्था अथवा समाज के प्रत्येक सदस्यों को उसकी संपूर्ण जानकारी होनी चाहिए। यदि उनसे कोई त्रुटि होती है या यदा-कदा उनसे नियम-कानून अथवा संविधान का उल्लंघन होता है तो वे दंड पाने के या प्रायश्चित्त करने के दायरे में आ जाते हैं। कानून मानव समाज के कुशल संचालन एवं स्वतः संवहन की दिशा में गतिशीलता एवं निरंतरता के? लिए एक आवश्यक उपकरण है। इसलिए हमारी कोशिश है और सरकार से मांग भी है कि भारत देश में निवास करने वाले प्रत्येक व्यक्ति को कानून का ज्ञान हो। इसके लिए आवश्यक है कि इसे संविधान प्रदत्त मौलिक अधिकार का दर्जा दिया जाय तथा ‌‍ह्लकानून मित्रह्व का निर्माण कर जनजागरण अभियान चलाया जाय। उपरोक्त अवसर पर तहसील बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष नमःनाथ शर्मा, उच्च न्यायालय के अधिवक्ता अतुल सिंह, पुनीत चंद्र श्रीवास्तव, दिनेश शुक्ला, प्रभात पाठक, रवि कुमार, राघव सिंह, दिनेश पांडेय, कुलदीप यादव, संजय चौबे, नीरज पाठक समेत अन्य अधिवक्तागण उपस्थित रहे।

## चंडीगढ़ की टीम ने क्वार्टर फाइनल में किया प्रवेश

**नौपेड़वा।** यादवेश क्रिकेट मेला राज्य स्तरीय क्रिकेट टूर्नामेंट में खेला गया। शनिवार का मुकाबला चंडीगढ़ और आयुष कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट कांधापुर के बीच में खेला गया जिसमें टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए चंडीगढ़ की टीम ने 20 ओवर में 192 रन बनाए। अभिषेक ने 35 और विशाल ने 40 रनों का योगदान दिया। अवनीश ने शानदार गेंदबाजी करते हुए 4 ओवर में 20 रन देकर तीन विकेट लिए। जवाब में 193 रनों का पीछा करने उतरी आयुष कॉलेज आफ मैनेजमेंट कांधापुर की टीम 155 रन ही बना सकी। अभिषेक ने 58 रन बनाए और पासवान ने शानदार गेंदबाजी करते हुए 4 ओवर में 15 रन देकर 5 विकेट लिए। मुख्य अतिथि देवेंद्र सिंह फौजी द्वारा मुरली वाले हौसला फाउंडेशन मैन ऑफ द मैच की ट्रॉफी प्रदान की गई। मैच के अंपायर मंगल यादव और मोहम्मद अनीस रहे। कमेंट्री दीपक यादव ने और स्कोरिंग नीतीश शार्दुल ने की।

# जौनपुर का लाल बना उत्तराखंड का सिविल जज

**जनसंदेश न्यूज**



**जौनपुर।** ग्राम द्रोणीपुर निवासी सुभाष चंद्र मिश्र के पुत्र अभिषेक मिश्र का चयन उत्तराखंड में सिविल जज के पद पर हुआ है। ये खबर आते ही गांव में खुशी की लहर है। लगातार मित्रों और सगे संबंधियों के बधाई संदेश पहुंच रहें हैं। पिता सुभाष चंद्र मिश्र राज कॉलेज में बाबू के पद पर तैनात हैं। अभिषेक के पिता सुभाष चंद्र मिश्र और माता माया मिश्र एक-एक बार निर्विरोध प्रधान रह चुके हैं। एक बहन और तीन भाइयों में सबसे छोटे अभिषेक ने शुरूआती शिक्षा ग्रामीण परिवेश में की फिर जौनपुर से 10+2 पास किया। इसके बाद अभिषेक इलाहाबाद विश्वविद्यालय से बीए, एलएलबी, एलएलएम पास किया तथा इस दौरान छात्रसंघ में पदाधिकारी भी रहे। वर्तमान में पीएचडी लखनऊ विश्वविद्यालय से जारी है। उत्तराखंड लोक सेवा आयोग के इस परिणाम में अभिषेक चंद्र मिश्र 8वें स्थान पर रहे। उनके पिता सुभाष चन्द्र मिश्र बताते है की परिवार में पढ़ाई के अच्छे माहौल के लिए उन्होंने कुछ नियम निर्धारित किए थे और अभिषेक की लगन को देखते हुए ये जरूरी भी था। उनके चयन की खबर के बाद उनके करीबी मित्र प्रतीक बताते हैं की अभिषेक शुरू से ही पढ़ने में अव्वल थे और सीमित संसाधनों के बावजूद कभी हार नहीं मानी। कुछ एक परीक्षा परिणामों में माइनर अंतर से पिछड़ने के बाद भी उनके आत्मविश्वास में कोई कमी नहीं आई।

# एक और आरोपित को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**जनसंदेश न्यूज**

**राम आसरे हत्याकांड**

**सुजानगंज के चेती में बुधवार को दिनदहाड़े हुई थी वारदात**

**अब तक तीन हुए गिरफ्तार, चौथे की तलाश में दबिश जारी**

**जौनपुर।** सुजानगंज के चेती गांव में बुधवार को दोपहर राम आसरे यादव को गोली मारकर मौत के घाट उतारने की सनसनीखेज वारदात में नामजद एक और आरोपित को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। अब तक तीन आरोपित गिरफ्तार किए जा चुके हैं। वांछित चौथे आरोपित आशीष कुमार उर्फ पंडा की गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीमें संभावित स्थानों पर दबिश दे रही हैं। थाना प्रभारी निरीक्षक घनश्याम शुक्ला के नेतृत्व वाली पुलिस टीम ने फरार आरोपित बृजेश बिंद उर्फ कप्तान निवासी ग्राम पोखरा को शनिवार को सुजानगंज के रामनगर बाजार से गिरफ्तार कर लिया। मालूम हो कि पोखरा गांव निवासी खेती-किसानी व हैंडपंप बोरिंग करने वाले 50 वर्षीय राम आसरे यादव उर्फ नन्हें बुधवार की दोपहर चेती गांव में हरिश्चंद्र की दुकान पर बैठकर चाय पी रहे थे। उसी समय पहुंचे बाइक सवार चार बदमाशों ने भूमि विवाद को लेकर तमंचे से कनपटी में गोली मारकर हत्या कर दी थी। सनसनीखेज वारदात को अंजाम देकर भागते समय हमलावरों में से एक रंजीत कुमार बिंद को ग्रामीणों ने साहस का परिचय देते हुए बाइक व तमंचा समेत दबोचकर पीटने के बाद पुलिस के हवाले कर दिया था। मृत राम आसरे के भतीजे सचिन यादव की तहरीर पर पुलिस ने पोखरा गांव के बृजेश कुमार बिंद उर्फ कप्तान, आशीष कुमार उर्फ पंडा रंजीत कुमार बिंद व हरईपुर गांव के रमाकांत मिश्रा के विरुद्ध हत्या, साजिश रचने आदि धाराओं में मुकदमा दर्ज किया था। थाना प्रभारी निरीक्षक घनश्याम शुक्ला व उनके हमराहियों ने रमाकांत मिश्रा निवासी हरईपुर को गुरुवार को गिरफ्तार कर लिया था।

# हर पात्र तक पहुंचे जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ

**जनसंदेश न्यूज**

**श्याम सिंह यादव**

**सदर सांसद की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई जिला विकास समन्वय व निगरानी समिति दिशा की बैठक**



बैठक को सम्बोधित करते सांसद

**जौनपुर।** जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति दिशा की बैठक विकास भवन के सभागार में सांसद सदर श्याम सिंह यादव की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में सांसद द्वारा विभिन्न विभागों की संचालित योजनाओं की गहन समीक्षा करते हुए निर्देशित किया कि सम्बन्धित अधिकारीगण जनपद के विकास के लिये किये जा रहे प्रयासों में और तेजी लायें तथा जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र व्यक्तियों तक प्रत्येक दशा में पहुँचाना सुनिश्चित करें। शासन की मंशा के अनुरुप जन शिकायतों के निस्तारण कराना सुनिश्चित करें।

बैठक में सांसद/समिति अध्यक्ष द्वारा महात्मा गाँधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारण्टी योजना, दीनदयाल अन्त्योदय योजना, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, ग्रामीण कौशल योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, राष्ट्रीय सामाजिक सहायता कार्यक्रम, स्वच्छ भारत मिशन, राष्ट्रीय ग्रामीण पेयजल कार्यक्रम, एकीकृत वाटर शेड प्रबन्धन कार्यक्रम, विद्युत, जल निगम, गोशाला सहित विभिन्न योजनाओं पर सम्बन्धित अधिकारियों से गहन जानकारी कर आवश्यक दिशा निर्देश सम्बन्धित को दिये। विधायक जफराबाद जगदीश नारायण राय द्वारा जफराबाद क्रासिंग पर ब्रिज बनाये जाने की मांग की गयी जिस पर जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा ने बताया कि प्रमुख सचिव को पत्र प्रेषित कर शीघ्र कार्यवाही की जायेगी। ब्लॉक सिरकोनी में मनरेगा का बजट वापस हो जाने की जांच कराए जाने हेतु निर्देश दिया गया। उन्होंने कहा कि मनरेगा के पैसे से सड़क की पटरी बनाये जाए। सांसद मछलीशहर बीपी सरोज ने समूहों को गंभीरता पूर्वक कार्य करने के निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि समूहों के द्वारा कोटे के अलावा अन्य योजनाओं में सहभागिता सुनिश्चित की जाए और ब्लॉक मुख्यालय पर समुहों की प्रदर्शनी लगाई जाये। समुहों की फीडिंग कराकर एनआईसी पर अपलोड करा दें। इस अवसर पर राज्यसभा सांसद सीमा द्विवेदी, विधायक मड़ियाहूँ डा. आरके पटेल, ब्लाक प्रमुखगण, विधायक प्रतिनिधिगण, मुख्य विकास अधिकारी साईं तेजा सीलम, पीडी जयकेश त्रिपाठी, जिला विकास अधिकारी बी.बी. सिंह, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी आरडी यादव, जिला सूचना अधिकारी मनोकामना राय, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी डा. गोरखनाथ पटेल, जिला उद्यान अधिकारी ममता सिंह यादव, सुरेश अस्थाना, राहुल श्रीवास्तव सहित अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

## ट्रक ने पिकअप को मारा टक्कर, चालक घायल

**जनसंदेश न्यूज**

**गौराबादशाहपुर।** थाना क्षेत्र के केशवपुर गांव के पास तेज रफ्तार एक ट्रक ने पिकअप को पीछे से धक्का मार दिया। धक्का तेज होने के कारण पिकअप सड़क पर पलट गई जिसमें चालक घायल हो गया। शुक्रवार की देर रात लाइन बाजार थाना क्षेत्र के धन्नेपुर गांव निवासी संदीप बिंद पिकअप लेकर आजमगढ़ से जौनपुर शहर की तरफ आ रहा था। संदीप जैसे ही जौनपुर-आजमगढ़ हाइवे पर थाना क्षेत्र के केशवपुर गांव के पास पहुंचा तभी पीछे की तरफ से एक अज्ञात ट्रक ने तेज टक्कर मार दिया। टक्कर इतनी तेज थी कि पिकअप मुख्य मार्ग पर ही पलट गई। तेज आवाज सुनकर स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे तो देखा चालक संदीप पिकअप में फंसा हुआ था तथा टक्कर मारने वाला ट्रक फरार हो गया था। लोगों ने किसी तरह घायल पिकअप चालक को बाहर निकाला। संदीप बिंद 35 को काफी गंभीर चोट आई उसका सिर फट गया था। लोगों ने 108 एम्बुलेंस से उपचार हेतु जिला अस्पताल भेजवाया। वहीं दुर्घटना की सूचना पर थाने की पुलिस भी मौके पर पहुंच गयी थी। थाना प्रभारी विक्रम लक्ष्मण सिंह ने बताया कि यदि घायल चालक के द्वारा लिखित तहरीर दी जाएगी तो अज्ञात ट्रक चालक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया जाएगा।

**विज्ञप्ति**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि थाना-सादात, जनपद गाजीपुर प्रांगण में दिनांक 09.01.2023 को लावारिस तथा अन्य में दाखिल मोटरसाइकिलों की नीलामी श्रीमान उप जिला मजिस्ट्रेट, जखनियां की अध्यक्षता में गठित टीम द्वारा किया जायेगा। इच्छुक व्यक्ति इस नीलामी में प्रतिभाग कर बोली बोलकर वाहनों को नियमानुसार प्राप्त करे।

**थानाध्यक्ष**
थाना-सादात जनपद-गाजीपुर

## शराबी की अश्लील हरकत से परेशान दम्पति पहुंचा कोतवाली

**केराकत।** शराब पीकर अश्लील हरकत करने वाले एक नशेड़ी से परेशान एक दम्पती कोतवाली थाना पहुंच गया और उसके खिलाफ शिकायत की। पीड़ित ने आरोपी से जान माल का खतरा बताकर पुलिस से परिवार की सुरक्षा की मांग की है। पुलिस मामले की जांच पड़ताल कर रही है। कोतवाली थाना क्षेत्र के अकबरपुर गांव के अमित कंहार और उसकी पत्नी प्रीति की शिकायत है कि उसके गांव का एक युवक रोज शराब पीकर अश्लील गालियां बकता है। अमित कहार के अनुसार एक दिन शराबी उसके घर में घुस गया। शोर करने पर वह निकल कर भाग गया। पुलिस से शिकायत करने की बात कहने पर कुछ लोगों ने उससे सुलहनामा पर हस्ताक्षर करा लिया। दम्पती का आरोप है कि आरोपी अब और उग्र हो गया है। वह उसे जहां देखता है वहां गालियां देने लगता है। इसके अलावा अक्सर उसके घर के सामने भी खड़े होकर गालियां देता है। कोतवाली थाना पुलिस को दिए तहरीर के अनुसार अमित कहार ने आरोपी युवक से जान माल का खतरा बताया है और पुलिस से परिवार के सुरक्षा की मांग की है। पीड़ित का कहना है कि आरोपी युवक के पास असलहा है। कोतवाली थाना पुलिस मामले की जांच पड़ताल कर रही है।

जनसंदेश टाइम्स
**वर्गीकृत**
**सूचना**

मेरा हाई स्कूल वर्ष 2020 अनुक्रमांक 212416041 का मूल प्रमाण पत्र खो गया है। प्रदीप गुप्ता पुत्र रामजियावन गुप्ता, खुचमा, केशवपुर, चन्दौली।

मेरा हाईस्कूल वर्ष 2017 अनुक्रमांक 5035574, इण्टरमीडिएट वर्ष 2021 अनुक्रमांक 216853848 का अंकपत्र व प्रमाण पत्र खो गया है। संदीप तिवारी पुत्र संतोष तिवारी, ग्राम + पोस्ट बड़ी बाजार बांसडीह बलिया।

मेरा उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी लखनऊ का डिप्लोमा इन जनरल नर्सिंग एंड मिडवाइफरी वर्ष 2017 अनुक्रमांक 151707065 का अंक एवं मूल प्रमाण पत्र खो गया है। कुमारी इंद्रावती पुत्री शिव जनम पासवान, ग्राम-सरांक, पोस्ट-रोहुंआ जनपद-बलिया (उत्तर प्रदेश।

## वारंटी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**शाहगंज।** कोतवाली क्षेत्र अन्तर्गत ताखा पूरब गांव में न्यायालय से वांछित चल रहे एक वारंटी को कोतवाली पुलिस ने गिरफ्तार कर चालान भेज दिया गया। क्षेत्र के उक्त गांव निवासी जीशान अहमद पुत्र बदरूद्दीन अहमद न्यायालय में चल रहे मुकदमे में वांछित चल रहा था। शनिवार की सुबह एसआई प्रशांत कुमार पांडेय व कांस्टेबल सुरेश कुमार ने मुखबिर की सूचना पर दाबिश देकर घर से गिरफ्तार कर चालान भेज दिया।

## गैरजमानती वारंटी गिरफ्तार

**पवांरा।** अपराध की रोकथाम अपराधियों की धरपकड़ व गैरजमानती वारंटियों की धरपकड़ अभियान के तहत गैर जमानती वारंटी राम अभिलाष उर्फ खिलाड़ी पुत्र स्व. रामपलट निवासी ऊंचडीह थाना पवांरा को थानाध्यक्ष राज नरायन चौरसिया ने पुलिस टीम के साथ शनिवार की सुबह उसके घर से गिरफ्तार कर चालान हेतु न्यायालय भेज दिया।

# रघुनाथ अध्यक्ष व बनवारी राम महामंत्री निर्वाचित

**चुनाव**

**अधिवक्ता समिति के चुनाव में अध्यक्ष, महामंत्री सहित 6 पदों के लिए हुई मतगणना**

**जनसंदेश न्यूज**



अधिवक्ता समिति के चुनाव में नवनिर्वाचित पदाधिकारीगण

**मछलीशहर।** अधिवक्ता समिति के पदाधिकारियों के चुनाव के लिये शनिवार को मतगणना सम्पन्न हुई जिसमें रघुनाथ प्रसाद अपने निकटतम प्रतिद्वंदी को 41 मतों से व महामंत्री पद पर बनवारी राम मौर्य ने अपने निकटतम प्रतिद्वंदी को 16 मतों से हराकर निर्वाचित हुए। एल्डर्स कमेटी/चुनाव समिति के पदाधिकारी केदारनाथ यादव, दिनेश चंद्र सिन्हा, आरपी सिंह, जगदंबा प्रसाद मिश्रा, अशोक कुमार श्रीवास्तव की उपस्थिति में मतगणना सम्पन्न हुई।

अध्यक्ष पद पर रघुनाथ प्रसाद को 119 मत, राम आसरे द्विवेदी को 78 व प्रेम बिहारी यादव को 59 मत मिले। महामंत्री पद के लिये बनवारी राम को 115 मत, वेद प्रकाश श्रीवास्तव को 99 व नंद लाल यादव को 40 मत मिले। वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद के लिये जय प्रकाश दूबे को 152, नागेन्द्र बहादुर पटेल को 102 मत मिला। उपाध्यक्ष 2 पद के लिये अनुराग सिन्हा 138 व कमलेश कुमार सिंह 104 मत पाकर विजयी हुये। कनिष्ठ उपाध्यक्ष पद के लिये शिव सागर पाल को 118, रतन लाल गुप्ता को 106 व अनुपम यादव को 27 मत मिला। कोषाध्यक्ष पद के लिये रमेश चंद्र यादव को 141 व कृष्ण चंद्र शुक्ला को 115 मत मिला। जबकि संयुक्त सचिव प्रशासन सतोष कुमार यादव, संयुक्त सचिव प्रकाशन राजेश कुमार पटेल, संयुक्त सचिव पुस्तकालय कमला कान्त यादव, आय-व्यय निरीक्षक हरीलाल, सदस्य कार्यकारिणी 15 वर्ष से अधिक महाबली यादव, सदस्य कार्यकारिणी 15 वर्ष से कम अतुल कुमार श्रीवास्तव, अविनाश कुमार उमर वैश्य, प्रभाकर दूबे, रमाशंकर पटेल का निर्विरोध निर्वाचित हुये। मतदान में साधारण सभा के 256 अधिवक्ताओं ने मतदान किया।

मतगणना स्थल पर भारी संख्या में पुलिस बल तैनात रही। सभी अधिवक्ताओं ने विजयी प्रत्याशियों का फूल माला पहनाकर स्वागत किया और मुंह मीठा कराया।

**पूर्वोत्तर रेलवे**

**सड़क उपयोगकर्ताओं को चेतावनी**

जन साधारण की सूचना के लिए अधिसूचित किया जाता है कि पूर्वोत्तर रेलवे के मुफ्तीगंज – जौनपुर खण्ड पर वोल्ट एसी 25000 विद्युत कर्षण आरम्भ करने के लिए सभी समपारों पर सड़क सतह से अधिकतम 4.78 मीटर ऊंचाई की गेजें लगाई गई है ताकि बहुत अधिक ऊंचाई वाली लोडेड सड़क वाहन को विद्युतमय कर्षण तार की खतरनाक सन्निकटता या संपर्क में आने से रोका जा सके। जन साधारण को एतद द्वारा अधिसूचित किया जाता है कि सड़क वाहनों के लदान के प्रयोजन में लिए उक्त विनिर्दिष्ट ऊंचाई का पालन करें और यह देखें कि सड़क वाहन में ढोये जा रहे लोड से किसी भी स्थिति में ऊंचाई गेजों का अतिक्रमण न करें।

अत्यधिक ऊंचाई के लोड के खतरे निम्नानुसार है।
1. ऊंचाई गेज के लिए खतरा और उसके फलस्वरूप सड़क और रेलवे लाइन पर बाधा। 2. वाहन पर ले जाये जा रहे सामग्रियों या उपकरण को खतरा। 3. चालकों की खतरनाक सन्निकटता या सम्पर्क के कारण आग लगने का खतरा और जीवन की हानि का खतरा।

उप मुख्य विद्युत इन्जीनियर/निर्माण, गोरखपुर

## संक्षेप

### सेवानिवृत्त सुपरवाइजर को भेंट किया उपहार



**बेल्थरारोड।** बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग की सीयर परियोजना कार्यालय में तैनात सुपरवाइजर रमारानी यादव शनिवार को सेवानिवृत्त हो गई। कार्यालय परिसर में आयोजित विदाई समारोह में सेवानिवृत्त रमारानी यादव ने भाव विभोर होते हुए आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों से कामकाज को लेकर डांटने को लेकर क्षमा मांगी। सीडीपीओ सरस्वती शाक्या ने कहा कि सुपरवाइजर रमारानी यादव का अभाव हमेशा खटकता रहेगा। उन्होंने जेवरात, बाल्मिकी रामायण, साड़ी सेट, छाता, डायरी, कलम आदि भेंट किया। इस अवसर पर सुशीला देवी, गीता देवी, नजमा खातून, चंदन सिंह, रमाशंकर यादव, निर्मला, नीलम, माया, मालती, पूनम, संगीता, वृंदा, सुनैना, मनभावती, उषमा, पतिराम यादव, वंदना यादव, शालिनी, हिमांशु, शशांक आदि मौजूद रहे।

### सेवानिवृत्त परिचालक को दी विदाई



**मझौवां।** आदर्श इंटर कालेज मझौवां के परिचालक भुवनेश्वर सिंह शनिवार को सेवानिवृत्त हो गए। अपने खुशमिजाज और मजाकिया अंदाज से सभी के चहेते श्री सिंह का विदाई समारोह विद्यालय प्रांगण में आयोजित किया गया। इस मौके पर प्रधानाचार्य संजय उपाध्याय, विजय कुमार सिंह, राधाकृष्ण पाठक, अनुप शंकर ओझा, कमलेश कुमार, राजेंद्र उपाध्याय, राजकुमार गुप्ता, अवधेश साहनी, अनील सिंह, विनीत कुमार, वंशराज प्रसाद, अजय राजभर, गीता यादव, अर्चना, अर्पिता गुप्ता, धन्नजय सिंह, मान्धाता सिंह, राकेश चौधरी, अरविंद ठाकुर, श्रीराम रावत आदि मौजूद रहे।

### साहू हितकारिणी समिति ने पीएम की मां को दी श्रद्धांजलि



**बलिया।** साहू हितकारिणी समिति के तत्वावधान में शनिवार को साहू भवन में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की माता जी हीराबेन के निधन पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। इस दौरान उपस्थित लोगों ने उनके चित्र पर श्रद्धासुमन अर्पित करके श्रद्धांजलि दी। वक्ताओं ने कहा कि ऐसी मां को नमन, जिन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जैसे पुत्र को जन्म दिया। प्रधानमंत्री दिन-रात देश की सेवा करते हैं। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष जयप्रकाश साहू, साथी रामजी गुप्ता, व्यापारी नेता अरविंद गांधी, संजीव कुमार डंपू, अभिषेक सोनी, राजेश गुप्ता, दयाशंकर गुप्ता, अनिल कुमार गुप्ता, विजय शंकर गुप्ता, विजय प्रकाश गुप्ता, मनीष कुमार गुप्ता मोनू, संजय कुमार गुप्ता, सोनी तिवारी, राजकुमार गुप्ता, सत्यनारायण प्रसाद, जितेंद्र नाथ गुप्ता, मनोज गुप्ता, सुभाष गुप्ता, संतोष कुमार, बंटी गुप्ता, राजेश कुमार सोनू, रवि गुप्ता, ओम प्रकाश गुप्ता आदि मौजूद रहे।

### ठंड से जनजीवन अस्त-व्यस्त

**बैरिया।** ठंड से जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। शनिवार को दोपहर बाद थोड़ी देर के लिए धूप निकला, लेकिन ठंड से राहत नहीं मिली। फिर शाम होते ही कुहासा छा गया। ठंड के चलते बाजारों में सन्नाटा पसरा रहा। दुकान पर बैठकर दुकानदार ग्राहक का इंतजार करते रहे। दुकानदारों का कहना है कि ठंड के कारण बिक्री में काफी कमी आ गई है। वहीं, गर्म कपड़ों की दुकानों पर लोगों की भीड़ उमड़ रही है। लोग सुबह-शाम अपने-अपने घरों में आग जलाकर ठंड से राहत पा रहे है। बैरिया के कपड़ा व्यवसाई अजय श्रीवास्तव, कन्हैया प्रसाद ने कहा कि ठंड से व्यवसाय काफी मंदा हो गया है। कम बिक्री हो रही है।

### राजनारायण के चित्र पर अर्पित किया पुष्प

**बलिया।** लोहिया संस्थान एवं लोकतंत्र सेनानी के संयुक्त तत्वावधान में वृंदावन स्मृति परिसर में समाजवाद के पुरोधा लोकबंध राजनारायण की पुण्यतिथि पर विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम उपस्थित लोगों ने लोकबंधु के तैल चित्र पर श्रद्धासुमन अर्पित किया। द्विजेन्द्र कुमार मिश्र ने कहा कि गंगा तो ऊपर से नीचे की ओर बहती है, लेकिन समाजवाद नीचे से ऊपर की तरफ जाता है। इस अवसर पर अजय बहादुर सिंह, शुभ्रांशु शेखर पांडेय, देवेन्द्र नाथ त्रिपाठी, शिवशरण तिवारी, निर्भय नारायण सिंह, शारदानंद सिंह, अशोक राय, बासुदेव ठाकुर, मुनरिका यादव, संतोष कुमार शुक्ल आदि मौजूद रहे।

### करंट की चपेट में आने से किसान की मौत

**बांसडीह।** हाईटेंशन करंट की चपेट में आने से एक अधेड़ की दर्दनाक मौत हो गई। घटना से परिवार में कोहराम मच गया। बांसडीह कस्बे के वार्ड नम्बर सात निवासी मलाई तुरहा (50) पुत्र सुकठ तुरहा शनिवार की सुबह पिंडहरा गांव के रघुनाथपुर मौजे में घने कोहरे में अपने खेत में घूमने गए थे। वहीं, पास ही में 11 हजार वोल्टेज का तार नीचे की तरफ था। घने कोहरे में मलाई तुरहा तार को देख नहीं पाए और उसकी जद में आए गए। आप-पास के लोगों ने तत्काल इसकी सूचना विद्युत उपकेंद्र पर दिया। विद्युत उपकेंद्र द्वारा लाइट काटने तक उनकी मौत हो चुकी थी। घटना की सूचना घर पहुंचते ही कोहराम मच गया। पत्नी और बच्चों के करुण-क्रंदन से आस-पास का माहौल गमगीन हो गया। पत्नी व बच्चों का रोते-रोते बुरा हाल है।

### तमंचा व कारतूस के साथ युवक गिरफ्तार

**लालगंज।** दोकटी पुलिस ने तमंचा एचं कारतूस के साथ युवक को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त किया है। पुलिस ने उसे संबंधित धाराओं में पाबंद कर चालान न्यायालय कर दिया। क्षेत्राधिकारी बैरिया एवं थानाध्यक्ष दोकटी मदन पटेल के कुशल मार्गदर्शन में उनि अखिलेश यादव, हेकां. हरिओम सिंह व कां. आशीष मौर्य क्षेत्र में गश्त कर रहे थे। इसी बीच मूखबीर से सूचना मिली कि एक व्यक्ति रामपुर कोड़ीरा गांव से कोड़हरा ढ़ाला की तरफ आ रहा है। उसके पास अवैध तमंचा एवं कारतूस है। मूखबीर की सूचना पर पुलिस ने उक्त स्थान पर पहुंचकर युवक को गिरफ्तार कर लिया। उसके पास से तमंचा एवं कारतूस बरामद हुआ। पूछे जाने पर उसने अपना नाम नवल कुमार यादव पुत्र स्व. कमला यादव निवासी धनीराम का टोला, थाना बड़हरा, उप थाना कृष्णागढ़, जिला-भोजपुर, बिहार बताया।

# जनेश्वर मिश्र सेतु से जुड़ेगा पटना-बक्सर

## फोरलेन सड़क बनाने की कवायद में जुटी बिहार सरकार

जनसंदेश न्यूज

**बलिया।** उप्र में गंगा नदी के शिवरामपुर घाट पर बने जनेश्वर मिश्र सेतु को पटना-बक्सर फोरलेन से जोड़ने की प्रक्रिया वर्ष 2023 में शुरू हो जाएगी। इसके लिए बिहार राज्य में प्रशासनिक स्तर पर तैयारियां शुरू कर दी गयी है। जनेश्वर मिश्र सेतु के पटना-बक्सर से सीधे जुड़ जाने से दोनों प्रांतों के रिश्तों में न सिर्फ और मधुरता आएगी, बल्कि व्यवसायिक आदान-प्रदान भी बढ़ेगा। फोरलेन बनने के बाद गंगा इस पार बसे यूपी के जवहीं दियर, शिवपुर दियर नंबरी, धोधा राय के डेरा, परानपुर, हरदेव सिंह के डेरा व नौरंगा तथा बयासी की करीब 50 हजार की आबादी के साथ बिहार के लोगों को बलिया सहित पूर्वी उत्तर प्रदेश के क्षेत्रों से सीधा जुड़ाव होगा।

बताया जाता है कि बिहार राज्य के ब्रह्मपुर प्रखंड के गरथा खुर्द स्थित फोरलेन से वाया चक्की होते हुए गंगा पुल तक सड़क निर्माण के लिए जमीन चिह्नित कर ली गई है। फिलहाल उसके नेचर व अधिग्रहण से संबंधित कागजी कार्रवाई विभागीय स्तर पर चल रही है। माना जा रहा है कि सभी प्रक्रियाएं पूरी करने के बाद साल 2023 के मार्च महीने में कार्य धरातल पर शुरू हो जाएंगे। बलिया गंगा पुल से बिहार की सीमा में सड़क बन जाने से लोगों, खासकर दियारावासियों को काफी सहूलियत होगी।

पुल के इस पार यूपी की सीमा में पक्का एप्रोच रोड का निर्माण हो गया है, जबकि उस पार कार्य अधूरा है। गंगा एप्रोच रोड से बिहार की सीमा में सड़क बनाने के लिए बिहार के ब्रह्मपुर विधायक शंभूनाथ यादव ने विधानसभा में कई बार सवाल उठाया था। विधायक के सार्थक प्रयासों का नतीजा रहा कि 02 जुलाई को पथ निर्माण विभाग के अधिकारियों ने गरहथा खुर्द स्थित फोरलेन से वाया गायघाट, चक्की व गंगौली धर्मशाला से सीधे गंगा पुल तक स्थलीय निरीक्षण किया था। बाद में प्रस्तावित सड़क से जुड़ा प्रतिवेदन राज्य सरकार को सौंपने के बाद उसके निर्माण की स्वीकृति मिल गयी। सूत्रों की माने तो चक्की विशेश्वर डेरा से गंगा पुल तक सड़क पूरी तरह ग्रीन फील्ड होगी।

### यूपी-बिहार के लोगों को मिलेगा लाभ

**बलिया।** बिहार की सीमा में फोरलेन सड़क बनने के बाद न सिर्फ बिहार, बल्कि यूपी के लोगों को भी बड़ा फायदा होगा। लोगों को आवागमन करने में काफी सहूलियत होगी। गंगा उस पार बसे यूपी के व्यासी, जवहीं दियर, परानपुर व नौरंगा के साथ बिहार के लोगों को बलिया सहित पूर्वी उत्तर प्रदेश से सीधे जुड़ाव होगा। सूत्रों की मानें तो प्रस्तावित योजना से सिमरी, चक्की व ब्रह्मपुर लिंक रोड के रूप में विकसित होगी। इससे दियारा में न केवल यातायात का मार्ग सुगम होगा, बल्कि रोजगार की संभावनाएं भी बढ़ेगी।

### बलिया से नजदीक हो जायेगा पटना

**बलिया।** बिहार सरकार द्वारा प्रस्तावित जनेश्वर मिश्र सेतु को पटना-बक्सर से जोड़ने की योजना के मूर्त रूप लेने के बाद बिहार व यूपी के लोगों के लिए यह वरदान साबित होगा। दोनों प्रदेशों के पिछड़े क्षेत्र के लोगों को रोजगार मुहैया होगा। वहीं, बलिया नगर के विकास में चार चांद लग जाएगा। साथ ही बिहार की राजधानी पटना की दूरी भी मात्र 100 किलोमीटर में सिमट कर रह जाएगी तथा व्यापार को बढ़ावा मिलेगा।

# सचिव की मनमानी से उग्र हुए किसान

**बैरिया।** साधन सहकारी समिति चाई छपरा (मधुबनी) में तैनात सचिव की मनमानी का किसानों ने विरोध किया। यूरिया वितरण के लिए तैनात सचिव द्वारा किसानों से अधिक पैसा लेने को लेकर जमकर बवाल हुआ। इसके बाद सचिव मौके से बिना खाद वितरण किये किसानों का आधार कार्ड लेकर भाग खड़ा हुआ। किसानों ने इस संदर्भ में उप जिलाधिकारी आत्रेय मिश्र को ज्ञापन देकर कार्यवाही की मांग की।

उल्लेखनीय है कि शुक्रवार को उक्त सचिव किसानों का ओरिजिनल आधार कार्ड लेकर तीन बोरी की जगह एक बोरी यूरिया दिया और 798 रुपये की जगह 1040 रुपये वसूला। जब मोबाइल पर तीन बोरी का मैसेज आया तो किसान आश्चर्य चकित हो गए। तब तक उक्त सचिव घर चला गया था। शनिवार को उक्त सचिव नशे की हालत में पुनः साधन सहकारी समिति चाई छपरा पर किसानों को यूरिया वितरण करने के लिए आया तो फिर उसी तरह से अधिक पैसे लेकर कम मात्रा में यूरिया वितरण शुरू किया। किसानों ने आपत्ति की तो सचिव मारपीट व झगड़े पर उतारू हो गया। इसके बाद किसानों ने उक्त सचिव के खिलाफ नारेबाजी शुरू कर दिया। इससे नाराज होकर सचिव दर्जनों किसानों का ओरिजिनल आधार कार्ड लेकर मौके से फरार हो गया। इसके बाद किसान समूह बनाकर बैरिया तहसील पहुंचे और उप जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा। इस अवसर पर अजय कुमार सिंह, त्रिलोकी सिंह, भिखारी साहु, रामकुमार सिंह, अजीत गोड़, मनोज यादव, राजकिशोर यादव, वीरेंद्र यादव, लड्डू चौधरी, अमृतेश कुमार यादव आदि मौजूद रहे।

> सरकार द्वारा निर्धारित दर पर ही किसानों को यूरिया उपलब्ध कराई जाएगी। किसानों की शिकायत की गंभीरता से जांच कराई जाएगी। अगर सचिव ने अधिक पैसे लेकर कम यूरिया दिया होगा तो उसके खिलाफ कठोरतम कार्रवाई की जाएगी।
>
> आत्रेय मिश्र, एसडीएम बैरिया

## नववर्ष के स्वागत को बलिया तैयार

**बलिया।** नए साल के स्वागत को बलिया पूरी तरह तैयार है। नववर्ष की पूर्व संध्या पर शनिवार को शहर के तमाम होटल और रेस्टोरेंट संचालकों ने धमाल की पूरी तैयारी कर ली। देशी-विदेशी व्यंजनों का मेन्यू भी तैयार है।

शहर में विभिन्न स्थानों पर फूलों की दुकानों पर मनचाहे बुके तैयार है, जिसकी बुकिंग भी कईयों कराया। इससे इतर ग्रीटिंग कार्ड की दुकानों पर भारी भीड़ देखी गयी। अपनों को विश करने के लिए युवाओं में खासा उत्साह दिखा। पहली जनवरी को जहां कुछ लोगों ने मंदिरों में पूजा-अर्चन की तैयारी की है, वही कुछ लोग पिकनिक स्पॉट पर सैर सपाटा करने को उत्सुक है। यही नहीं, कुछ युवा तो गंगा किनारे बालू की रेत पर भी पिकनिक मनाने की तैयारी किये है। नववर्ष का अपने-अपने तरीके से स्वागत करने की तैयारी में अधिकतर लोग दिखे, जिसमें युवाओं की संख्या सर्वाधिक है। उधर, जनेश्वर मिश्र पार्क, सुरहाताल, कोरंटाडीह, कारो धाम, उजियार घाट, शहीद पार्क इत्यादि स्थानों पर पहली जनवरी को भीड़ जुटने की पूरी उम्मींद है।

# पुल के एंगल से नदी में गिरा मजदूर

**सिकंदरपुर।** उत्तर प्रदेश-बिहार को जोड़ने वाले निर्माणाधीन खरीद-दरौली पक्का पुल के सपोर्टिंग ब्रिज (पायल ब्रिज) पर काम करते समय एक मजदूर गिरकर नदी में डूब गया। घटना शनिवार की है। घटना से मौके पर मौजूद मजदूरों में अफरा-तफरी मच गई। कंस्ट्रक्शन कंपनी के लोगों ने घटना से थाना सहित अन्य उच्चाधिकारियों को अवगत कराया। अपराह्न चार बजे तक मौके पर गोताखोर नही पहुंच पाए थे। हालांकि स्थानीय स्तर पर उक्त मजदूर को ढूढने का कार्य जारी है।



निर्माणाधीन खरीद-दरौली पुल

बताया जाता है कि खरीद-दरौली पक्का पुल के निर्माण की जिम्मेदारी बंगाल की भंगल कंस्ट्रक्शन कंपनी के जिम्मे है। सरयू नदी में लगातार हो रहे कटान के कारण पक्के पुल की लम्बाई को बढ़ाने का निर्णय लिया गया था। इसके तहत दो अतिरिक्त पायों का निर्माण कराया जाना था। उसी में से एक पाये का निर्माण कार्य शनिवार को चल रहा था। उसी दौरान उसके सपोर्ट के लिए पायल ब्रिज के अंतिम छोर पर करीब 35 फीट ऊंचे एंगल पर काम कर रहे सहारनपुर जिला अंतर्गत बेहट थाना क्षेत्र के रेहड़ी निवासी मोहम्मद आजम (22) पुत्र तज्जमुल अचानक असंतुलित होकर नदी में गिर गया। यह देख कार्य कर रहे अन्य पाठक ने बताया कि गोताखोरों को बुलाया गया है। स्थानीय स्तर पर मजदूर को ढूढने का प्रयास किया जा रहा है।

**सुरक्षा का नही था कोई इंतजाम**

**सिकंदरपुर।** बरसात में नदी का प्रवाह बढ़ने के बाद बंद हुआ कार्य करीब एक पखवारे पहले आनन-फानन में शुरू तो करा दिया गया, लेकिन मजदूरों की सुरक्षा का कोई माकूल इंतजाम नही था। उक्त घटना की मुख्य वजह सुरक्षा मानकों की कमी बताई जा रही है।

**बगैर सुरक्षा के करना पड़ रहा काम : सिकंदरपुर।** सेतु निगम के एक अधिकारी ने बताया कि मजदूरों की सुरक्षा के लिए लाइफ जैकेट समेत मजदूरों में खलबली मच गई। कार्यदाई संस्था के लोगों ने घटना से उच्चाधिकारियों को अवगत कराया। वहीं, अन्य मजदूरों ने अपने साथी को ढूढने का प्रयास किया, लेकिन सफलता नही मिल पाई। इस संबंध में एसएचओ दिनेश कु मार

### तलाश जारी

**घटना से मौके पर मौजूद मजदूरों में मची अफरा-तफरी**

सुरक्षा घेरा व स्टीमर का इंतजाम कराया जाता है, लेकिन कंस्ट्रक्शन कंपनी द्वारा वहां किसी भी प्रकार के सुरक्षा का इंतजाम नही किया गया था। कार्य में लगे मजदूरों से जब इस बाबत पूछा गया तो उनका साफ कहना था कि बगैर सुरक्षा के काम करना पड़ रहा है।




# सादा जीवन-उच्च विचार के प्रतीक थे जगन्नाथ चौधरी

**बोले डॉ. जनार्दन राय**

**कदम चौराहा स्थित प्रतिमा स्थल पर हुई सर्वदलीय श्रद्धांजलि सभा**

**बलिया।** जमीं से जुड़ी राजनीतिक यात्रा शुरू करने वाले जगन्नाथ चौधरी का व्यक्तित्व अप्रतिम था। वह सादा जीवन-उच्च विचार के प्रतीक थे और राजनैतिक संदर्भों में वे समाजवादी योद्धा थे। परित्यक्तों, मजदूरों एवं किसानों की पीड़ा को पढ़ने, जानने एवं उनके साथ दो कदम चलकर दर्द को दूर करने की उनमें अपूर्व क्षमता थी।

उक्त बातें कदम चौराहा स्थित जगन्नाथ चौधरी की प्रतिमा स्थल पर पुण्यतिथि पर आयोजित सर्वदलीय श्रद्धांजलि सभा में डॉ. जनार्दन राय ने व्यक्त किया। कहा कि जगन्नाथ चौधरी पंचायती राज व्यवस्था के निचले पायदान से उच्च शिखर तक पहुंचने वाले एकमात्र राजनेता थे। वाकई वह अजातशत्रु थे। पं. अवध बिहारी चौबे ने कहा कि वह हाशिये में पड़े व्यक्तियों की पीड़ा से वाकिफ थे। पूर्व विधायक सुधीर राय ने उनको कर्मयोगी बताया। इस अवसर पर ओमप्रकाश पांडेय, लक्ष्मण गुप्त, ओमप्रकाश तिवारी, मनोज कुमार यादव, देवनारायण, दीना भाई, निर्मल कुमार उपाध्याय, सियाराम यादव, राजकुमार पांडेय, पूर्व विधायक दीनानाथ चौधरी, रामविचार पांडेय, गौरीशंकर, सागर सिंह राहुल, व्यासजी गोंड, उमाशंकर पाठक, ज्ञानेन्द्र पांडेय, मुन्ना उपाध्याय, शिवानंद ओझा, जयशंकर, प्रेमशंकर वर्मा, रमाशंकर तिवारी, डॉ. विश्राम यादव, जाकिर हुसैन, शिवजी गुप्त आदि मौजूद रहे। संचालन रमाशंकर यादव ने किया।

## जेएनसीयू का चतुर्थ दीक्षांत समारोह नौ को

**बलिया।** जननायक चंद्रशेखर विश्वविद्यालय के कुलसचिव एसएल पाल ने बताया कि 09 जनवरी, 2023 को अपराह्न 12:30 बजे विश्वविद्यालय का चतुर्थ दीक्षान्त समारोह विश्वविद्यालय परिसर में आयोजित है। दीक्षान्त समारोह में भाग लेने हेतु महाविद्यालय के गोल्ड मेडल प्राप्तकर्ता एवं टाप-10 छात्र-छात्राओं की सूची विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर प्रेषित की गयी है। उन्होंने समस्त महाविद्यालय को निर्देशित किया है कि सूची में उल्लिखित छात्र-छात्राओं को अपने स्तर से सूचित करने का कष्ट करें कि वे दीक्षान्त समारोह में भाग लेने से पूर्व तीन जनवरी, 2023 से विश्वविद्यालय के प्रशासनिक भवन से अपनी उपाधि एवं 350/- उत्तरीय एवं पगड़ी हेतु निर्धारित शुल्क (काशन मनी), एक फोटो, अन्तिम वर्ष/सेमेस्टर के अंकपत्र एवं आधार कार्ड की छायाप्रति के साथ उपस्थित होकर प्राप्त कर ले। दीक्षान्त समारोह के उपरान्त उत्तरीय एवं पगड़ी वापस करने पर 250/- रुपया वापस कर दिया जायेगा।









## इबारतें नये साल की



मुबारकबाद एक उम्मीद है/ मुबारकपुर में
जहाँ वे बचाए रहते हैं/ कुछ गर्मी, कूछ लम्हे,कुछ खुशी
और इतना खून कि लड़ा जा सके/ आने वाले वक़्तों में
वे चूल्हे की आग को /कभी बुझने नहीं देते
कि वहां राख में गुपचुप/ धधकती है मशालों की इबारतें
नये साल में अंधेरों के खिलाफ/ कि मुबारकबाद कहते
लोग /बचें रहें

**– लीलाधर मंडलोई**

## जनसंपादकीय


# अलविदा 2022, स्वागत 2023

ईसा के नव वर्ष 2023 का स्वागत और विदा हुए 2022 को नमस्कार। आज पहली जनवरी है। हैप्पी न्यू ईयर की शुभकामनाएं तैर रही हैं। आगे मकरसंक्रांति है। हर बरस आती है। इसका आधार दिक्काल है। इसी महीने अंग्रेजी कैलेंडर का नव वर्ष आता है। हैप्पी बोलने में ठसक है। अंग्रेजियत है। ह्यन्यू ईयरह्य आधुनिक है। लेकिन उधार की आधुनिकता स्वाभाविक नहीं होती। लेकिन भाई लोग हैप्पी न्यू ईयर बोल कर आधुनिक हो रहे हैं। कुछ बरस से गाँव देहात के निश्छल लोग भी ह्यहैप्पी न्यू ईयरह्य बोल रहे हैं। भारतीय काल गणना का नव वर्ष - संवत्सर चैत्र माह में आता है। तब हवाएं मधुगंधा होती है। गीत गाते चलती हैं। लेकिन ह्यन्यू ईयरह्य हर साल कोहरे में आता है। हम भारत के लोग उत्सव प्रिय राष्ट्र हैं। इसलिए अंग्रेजी नववर्ष का एक उत्सव और जोड़ लेने में कोई कठिनाई नहीं है। नववर्ष का ह्यनवह्य बड़ा रोचक है। यह नव प्रायः 9 का अर्थ देता है। जैसे ज्योतिष में नवग्रह शब्द चलता है। नवग्रह का नव नए का अर्थ नहीं देता। यह संख्यावाची है। नवमी एक माह में 2 बार आती है। यह तिथि है। लैटिन का नवंबर भी 9वां है। लेकिन अंग्रेजी कैलेंडर में 11वां माह है। लैटिन का सेप्ट अंग्रेजी का सितम्बर है। अंग्रेजी का सितम्बर सातवां है। इसी तरह ओक्ट - अक्टूबर आठवां है। लेकिन अंग्रेजी कैलेंडर में अक्टूबर 10वां और सितम्बर नवां है। नवयुवक का अर्थ भी नया है। नव या नए के मोहपाश में नवना या झुकना अच्छा नहीं।

तुलसी दास ने झुकने के लिए नवनि शब्द का सुंदर प्रयोग किया है। अंग्रेजी नववर्ष में हैप्पी बोलना विदेशी सभ्यता के सामने क्या नवनि ही नहीं है? मन प्रश्न करता है कि नववर्ष को हम सब जनवरी से ही क्यों प्रारम्भ करें? जनवरी में नवीनता का कोई आधार या रूपायन नहीं दिखाई पड़ता। हम कृषि प्रधान देश रहे हैं। कृषि नवान्न देती है। हम पुलकित होते हैं। लेकिन जनवरी में ऐसा नहीं होता। जनवरी में वन उपवन नवांकुर से भरे पूरे नहीं होते। जनवरी में लोक आनंदित नहीं होता। न नवछन्द उगते हैं और न नवगीत। जनवरी में कुछ भी नया नहीं होता। न रूप नया। न रस नया। न गंध नई। न स्पर्श नया। जनवरी में नदियां भी उल्लासपूर्ण नहीं होती। जनवरी भी कड़ाके की सर्दी के कारण खांसते हाँफते हुए प्रकट होती है। जनवरी के स्वागत का मन नहीं करता। इसका न कोई प्रतीक है और न कोई प्रतिमान। काल गणना से तिथि, दिवस, मास, वर्ष और युग बनते हैं। पृथ्वी सूर्य की परिक्रमा करती है। वैदिक साहित्य के अनुसार वर्ष में 720 अहोरात्र होते हैं। अहोरात्र दिन रात के जोड़े हैं। परिक्रमा सीधी रेखा में नहीं चलती। यह वृत्ताकार होती है। वृत्ताकार गति में प्रथम और अंत नहीं होता। तो नया साल कहाँ से आया। नए साल की गिनती कहाँ से शुरू हुई और क्यों हुई? जनवरी से ही नए साल की गणना क्यों होती है? प्रगतिशील विद्वान हमारा मार्गदर्शन करें। यहाँ 6 ऋतुवें हैं। बसंत ऋतुराज हैं। तब पूरी प्रकृति मदन गंध आकुल व्याकुल होती है। नया साल बसंत से क्यों नहीं शुरू होता? फाल्गुन में होली के गीत, नाचती ऋतुवें क्या नए साल के लिए पर्याप्त नहीं हैं? चैत्र में ठाठ मारता संवत्सर आता है। यही भारत का नववर्ष है और सृष्टि सृजन की मंगल मुहूर्त भी।

यूरोपीय विद्वानों ने पता नहीं क्यों 10 महीने का कैलेंडर बनाया था? उस कैलेंडर में सितम्बर सातवां महीना था। आठवां अक्टूबर था। नौवां नवम्बर था और दिसंबर दसवां। विवाद हुआ तो जनवरी फरवरी शुरू में जोड़ दी गई और सातवें से लेकर दसवें महीने तक की गिनती उलटी पुलटी हो गई। अंग्रेजी कैलेंडर की काल गणना में झोल है। विदेशी सभ्यता का प्रभाव गहरा होता जा रहा है। हम अंग्रेजी नववर्ष में हैप्पी होते हैं। बसंत में हमारे मन में आनंदरस नहीं उफनाता। नई पीढ़ी का एक वर्ग वैलेंटाइन को प्रेम का संत मानता है। भारत और ईसाईयत की संत परंपरा में मौलिक अंतर है। भारत में देव उपासना और ज्ञान प्राप्ति के लिए घर छोड़ कर आश्रमों में रहने वाले महानुभाव संत कहलाते हैं। ईसाईयत में संत होने की शर्तें हैं। चर्च किसी के संत होने का प्रमाणपत्र जारी करता है। तब कोई संत होता है। चर्च की संत सूची में वैलेंटाइन का नाम नहीं है। लेकिन यहाँ नई पीढ़ी का एक वर्ग वैलेंटाइन मनाता है। कथित प्रेम की अभिव्यक्ति में शील अश्लील के भेद मिट जाते हैं। भारत को भारतीयता की लय और छंद में उत्सवधर्मा होना चाहिए। आधुनिकता निरपेक्ष नहीं होती। यह परंपरा का विस्तार होती है। आज जिसे आधुनिकता कहते हैं वह सौ पचास वर्ष बाद परंपरा बन जाएगी।


अस्तित्व प्रतिपल नया है। हम सब प्रतिपल नए हैं। भूत और वर्तमान की कोई समय विभाजक रेखा नहीं है। वर्तमान प्रतिपल भूत हो रहा है। प्रतीक्षारत भविष्य और वर्तमान की आत्मीयता प्रतिपल नई उमंग देती है। यहाँ सब कुछ नया ही नया है। बीज फूट कर पौध बन रहे हैं। नई पत्तियां, कोपलें उग रही हैं। कली अभी खिली है। पुष्प नए हैं। मेघ नए हैं। बादल नए हैं। प्रकृति का हर एक रूप नया है। ऊषा नई है। सूर्य अरुण तरुण हैं। लेकिन इस नए का अलग अस्तित्व नहीं है। वह परंपरा का विस्तार है। भारतीय परंपरा में इसीलिए अस्तित्व को चिरंतन और सनातन कहा गया है। यह सदा से है। सदा रहता है। रूप रूप प्रतिरूप होकर पुनर्नवा होता रहता है। काल का जन्म हुआ है। ऋग्वैदिक ऋषियों के अनुसार एक समय ऐसा भी था जब समय नहीं था। प्रलय में गति नहीं होती इसलिए प्रलय में काल नहीं होता। दिन और रात भी नहीं होते। ऋग्वेद में सृष्टि सृजन के पूर्व का सुंदर वर्णन है। तब न रात्रि थी न दिन। न मृत्यु न अमृत्व। सब तरफ गहन अंधकार और जल ही जल। काल के जन्म के बाद भारतीय ऋषियों ने काल गणना शुरू की। यह आसान नहीं थी। इसके पहले कालबोध की आवश्यकता थी। ऋषियों में कालबोध था। दिन, रात, मास व वर्ष काल के अंग हैं। ऋग्वेद में काल प्रवाह के प्रथम बिंदु को संवत्सर कहा गया है। भारत का मन संवत्सर में लहकता है। अंग्रेजी नववर्ष भी यहाँ चलता है। पूर्वजों ने सभी दिशाओं से प्राप्त ज्ञान को राष्ट्रानुकूल बना कर सांस्कृतिक जीवन की रूपरेखा गढ़ी थी। विदा होते वर्ष 2022 में हमने मुलायम सिंह यादव, लता मंगेशकर, राजू श्रीवास्तव, स्वरूपानंद सरस्वती, साइरस मिस्त्री, राकेश झुनझुनवाला, शिव कुमार शर्मा, राहुल बजाज, बप्पी लाहिड़ी, बिरजू महाराज आदि अपने क्षेत्रों की महान विभूतियों को खोया भी है। इसी अवधि में भारत को पहली महिला आदिवासी राष्ट्रपति मिलीं। नए उपराष्ट्रपति मिले। सर्वोच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश, मुख्य चुनाव आयुक्त सहित कई संवैधानिक प्रमुखों की नियुक्तियां हुईं। कोरोना, वैश्विक आर्थिक मंदी व युद्धरत तनाव के बीच भारत विकास की नई ऊंचाइयां छू रहा है। विनिर्माण, परिवहन, उद्योग, निर्यात आदि क्षेत्रों में नए कीर्तिमान गढ़े जा रहे हैं। वैश्विक आर्थिक भविष्यवेत्ताओं द्वारा भारत की मजबूत आर्थिक वृद्धि दर का अनुमान नववर्ष के लिए शुभ संकेत है।



**हृदयनारायण दीक्षित**
**लेखक उप्र विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष रहे हैं**

## नए साल की शुभकामनाएं !

नए साल की शुभकामनाएँ!/ खेतों की मेड़ों पर धूल भरे पाँव को/ कुहरे में लिपटे उस छोटे से गाँव को/ नए साल की शुभकामनाएं!
जाँते के गीतों को बैलों की चाल को/ करघे को कोल्हू को मछुओं के जाल को/ नए साल की शुभकामनाएँ!
इस पकती रोटी को बच्चों के शोर को/ चौंके की गुनगुन को चूल्हे की भोर को/ नए साल की शुभकामनाएँ!
वीराने जंगल को तारों को रात को/ ठंडी दो बंदूकों में घर की बात को/ नए साल की शुभकामनाएँ!
इस चलती आँधी में हर बिखरे बाल को/ सिगरेट की लाशों पर फूलों से खयाल को/नए साल की शुभकामनाएँ!
कोट के गुलाब और जूड़े के फूल को/ हर नन्ही याद को हर छोटी भूल को/ नए साल की शुभकामनाएँ!
उनको जिनने चुन-चुनकर ग्रीटिंग कार्ड लिखे/ उनको जो अपने गमले में चुपचाप दिखे/नए साल की शुभकामनाएँ!



**– सर्वेश्वरदयाल सक्सेना**

# रांगेय राघव का रिपोर्ताज : 'तूफानों के बीच'

**स्मरण**



**दिव्यानंद**





हिन्दी के रिपोर्ताज साहित्य के बीच रांगेय राघव का रिपोर्ताज ह्यतूफानों के बीचह्न (फरवरी, 1946, सरस्वती प्रेस, बनारस) एक महत्वपूर्ण कृति है. यह बंगाल के अकाल के ऊपर लिखा गया है. रिपोर्ताज मूलतः फ्रेंच शब्द है. शुरू में अंग्रेजी के रिपोर्ट को इसका समानार्थी समझा जाता था लेकिन ये दोनों अलग चीजें हैं. रिपोर्ट में किसी घटना का वस्तुनिष्ठ विवरण होता और रिपोर्ताज में स्थूल वास्तविकता और तथ्यपरकता की जगह सघन अनुभूति ले लेती है. रिपोर्ट में जहां यथातथ्यता पर जोर होता है, वहीं रिपोर्ताज में तथ्यों के साथ बिना किसी छेड़छाड़ के उसे कलात्मक और साहित्यिक ढंग से प्रस्तुत किया जाता है. इसकी शुरूआत पत्रकारिता से हुई लेकिन अब यह एक स्थापित साहित्यिक विधा है.

रिपोर्ताज विधा की शुरूआत द्वितीय विश्वयुद्ध के समय हुई. द्वितीय विश्वयुद्ध के समय अलग-अलग अखबारों के व्यावसायिक संवाददाता काम कर रहे थे. और वे युद्धभूमि से रिपोर्ट भेज रहे थे. उसी समय राष्ट्रवाद के उत्साह में या मानवीयता की भावना से प्रेरित होकर कुछ साहित्यकारों ने रिपोर्ट भेजने का काम अपने हाथों में लिया और इससे रिपोर्ट की प्रकृति बदल गयी. ये कलात्मक और संवेदना में ज्यादा गहरे होते थे. साहित्यकार की रिपोर्ट और व्यावसायिक संवाददाता की रिपोर्ट के इसी अंतर से रिपोर्ताज जैसी विधा का जन्म हुआ. महादेवी वर्मा ने इस विधा के बारे में जो लिखा है उससे बात और स्पष्ट हो जाती है. वो लिखती हैं, 'रिपोर्ट या विवरण से संबंधित रिपोर्ताज समाचार युग की देन है और उसका जन्म सैनिक की खाइयों में हुआ है। रिपोर्ताज का विकास रूस में हुआ। द्वितीय विश्व युद्ध के समय इलिया एहरेनवर्ग को रिपोर्ताज लेखक के रूप में विशेष प्रसिद्धि मिली।' इसी तरह शिवदान सिंह चौहान इसके बारे में लिखते हैं, आधुनिक जीवन की द्रुतगामी वास्तविकता में हस्तक्षेप करने के लिए मनुष्य को नई साहित्यिक विधा को जन्म देना पड़ा। रिपोर्ताज उन सबमें प्रभावशाली एवं महत्वपूर्ण विधा है। इससे रिपोर्ताज के बारे में ज्यादा स्पष्ट नहीं होता. आलोचक की भाषा ऐसी नहीं होनी चाहिए जिससे कि धुंध बने. शिवदान सिंह चौहान की परिभाषा भले ही इस विधा को लेकर हमारी समझ साफ न करती हो लेकिन शिवदान सिंह चौहान हिन्दी के पहले आलोचक हैं जिन्होंने रिपोर्ताज विधा पर हिन्दी में आलोचनात्मक विवेचन शुरू किया. और शिवदान सिंह चौहान को ही हिन्दी का पहला रिपोर्ताज लेखक भी माना जाता है. 'लक्ष्मीपुरा' के नाम से इनका रिपोर्ताज 'रूपाभ' पत्रिका के दिसंबर, 1938 के अंक में प्रकाशित हुआ था. इनका दूसरा रिपोर्ताज 'मौत के खिलाफ जिंदगी की लड़ाई' के नाम से 1941 में 'हंस' में प्रकाशित हुआ. 'हंस' पत्रिका ने बकायदा एक स्तम्भ की शुरूआत की, 'समाचार और विचार' के नाम से. आगे चलकर इस स्तम्भ में हिन्दी के अन्य आरंभिक रिपोर्ताज छपे.

1943 में बंगाल में भीषण अकाल पड़ा था जिसमें गालिबन साठ लाख लोग मारे गये थे. अंग्रेज इतिहासकार ये संख्या पंद्रह लाख बताते हैं. बांग्ला देश के दिवंगत प्रोफेसर रफीकुल इस्लाम जो बांग्ला भाषा, साहित्य और ह्यकाजी नजरूल 'इस्लाम' के साहित्य के विशेषज्ञ थे- वे मरने वालों की संख्या साठ लाख बताते हैं. 2015 को बीबीसी को दिए अपने एक इंटरव्यू में प्रोफेसर रफीकुल इस्लाम कहते हैं कि 'लोग भूखे मर रहे थे क्योंकि ग्रामीण भारत में खाने-पीने की चीजें उपलब्ध नहीं थीं. इसलिए लोग कोलकाता, ढाका जैसे बड़े शहरों में खाने और आश्रय की तलाश में पहुंचने लगे. लेकिन वहां न खाना था, न रहने की जगह. उन्हें रहने की जगह सिर्फ.कूड़ेदानों के पास ही मिल रही थी, जहां उन्हें कुत्ते-बिल्लियों से संघर्ष करना पड़ता था ताकि कुछ खाने को मिल जाए. रफीकुल इस्लाम का बयान इसलिए मायने रखता है कि वे स्वयं और उनका परिवार उस कथित अकाल का भुक्तभोगी रहा है. ये अपने भाई-बहनों में सबसे बड़े थे; इसलिए ये हर उस जगह पर भागते फिरते थे जहां उन्हें कुछ खाना मिल जाने की उम्मीद होती.

1946 में जब रांगेय राघव का यह रिपोर्ताज आया, उस समय उनकी अवस्था महज 23 वर्ष की थी. रांगेय राघव चाहते तो अखबार की खबरों के आधार पर कहानी, उपन्यास या कविता लिख कर या अपने शहर आगरे या कस्बे वैर में बैठे-बैठे बंगाल के अकाल पर अपीलें निकालकर या ऐसी अपीलों पर दस्तखत करके अपने कर्तव्य की इतिश्री समझ लेते लेकिन वे अपने सुरक्षित और परिचित दायरों से बाहर निकले. वे नौजवान डॉक्टरों के एक मेडिकल मिशन के सदस्य बनकर उस विभीषिका से जूझने और उस लपट में झुलसने वालों की सेवा करने पूर्वी बंगाल (अब के बांग्लादेश) गए. आगरे से गए नवयुवक डॉक्टरों के इस मेडिकल मिशन में रांगेय राघव वाहिद 'नॉन मैडिको पर्सन' थे. इस मिशन ने तब के बंगाल के 'कुष्टिया', जिला नादिया, 'नारायणगंज', जिला ढाका और ह्यचटगांवह्न का दौरा किया और वहां दिनों-दिनों तक कैंप किया. सेवा-सहायता के इस मिशन से गुजरते हुए रांगेय राघव ने पूर्वी बंगाल में जो कुछ देखा और जिसने उन्हें मर्माहत कर दिया, उसे उन्होंने ह्यतूफानों के बीचह्न के आठ रिपोर्ताज में संकलित कर दिया. रांगेय राघव ने वहां देखा कि 'लोग भूख से दम तोड़ रहे थे, जो नहीं मरे थे वे दूसरों के मरने का इंतजार इसलिए कर रहे थे कि अब मरने वालों के हिस्से का भात उन्हें मिल जाएगा। ह्यबुभुक्षितं किं न करोति पापम्ह्न की उक्ति बहुत हल्की लगने लगती थी उस चितकारपूर्ण वातावरण में जहाँ मांस में से दुर्गंध आ रही है। विषैला धुआं मेरी आँखों में लग रहा है। कलकत्ता एक बूचड़खाना है, जहाँ भूख और गरीबी मनुष्य की बलि चढ़ा रही है...बाजार में चिड़िया तक के लिए दाना चावल नहीं था...माँ बेटी को देखती थी, पति पत्नी को देखता था किंतु कोई राह न थी। घर खाली थे, बाजार खाली थे। चारों ओर प्राणों की ममता दोनों हाथ उठाकर हाहाकार कर रही थी। लोग घरों में मरते थे, बाजार में मरते थे, राह में मरते थे. बंगाल का सामाजिक जीवन कच्चे कगार पर खड़ा होकर काँप रहा था।'

रांगेय राघव अपने साथ बंगाल से जो त्रासद और वीभत्स अनुभव लेकर लौटे उसने उन्हें ता-जिन्दगी परेशान किया; जैसे कोई अदृष्ट काली छाया उनका पीछा करती रही हो. उन्होंने बंगाल से लौटने के बाद इस भयावह विभीषिका को अपनी अनेक कविताओं, कहानियों और 'विषादमठ' जैसे उपन्यास के माध्यम से चित्रित किया. 1882 में बंगाल से निकले 'आनन्द मठ' का विपर्यय 1946 के 'तूफानों के बीच' से पूरा होता है. सृजन की दुनिया में विडंबनाएं कई बार ऐसे भी साक्षात होती हैं. लिखने के अलावा रांगेय राघव ने अपनी तूलिका से बड़े-बड़े पोस्टर और चित्र बनाए. उन्हें जगह-जगह प्रदर्शित किया. इसी विषय पर मंचन योग्य नाटक लिखा, जिन्हें 'इप्टा' (भारतीय जन नाट्य संघ) के रंगकर्मियों ने गलियों-सड़कों-चौक-चौराहों पर अभिनीत किया. इस तरह 'रांगेय राघव के यहां हमें बंगाल का कथित अकाल एक ऐसे विषय के रूप में मिलता है जिसे उन्होंने कई एक विधाओं में संभव किया. रिपोर्ताज उनमें से बस एक है.

अब तक उस कथित अकाल पर बहुत सारा प्रामाणिक अध्ययन-विश्लेषण आ चुका है और उससे यह तथ्य अब स्थापित है कि वह कोई प्राकृतिक आपदा नहीं थी. वह मानवनिर्मित आपदा थी. ग्रामीण इलाकों में खाद्य पदार्थ की कमी सिर्फ.इसलिए नहीं हो गयी थी कि फसल बर्बाद हो गई थी बल्कि इसलिए भी क्योंकि एक जगह उपलब्ध अनाज या रसद को दूसरी जगह नहीं जाने दिया जा रहा था. औपनिवेशिक शासन ने ये बंदोबस्त किया था कि अनाज या खाद्य भण्डार की आवाजाही सिर्फ उन्हीं जगहों पर हो जहां शासन के कारिंदे द्वितीय विश्वयुद्ध से उपजी अव्यवस्था और डर से जूझ रहे थे. अन्यथा ऐसा कैसे संभव था कि कोलकाता (तब कलकत्ता) की फौजी छावनी में सेना के लिए खाद्य पदार्थों का अतिरिक्त स्टॉक था लेकिन उसी बंगाल के ग्रामीण इलाकों में लोग दाने-दाने के लिए दम तोड़ रहे थे. औपनिवेशिक शासन ने उस समय अनाज की आवाजाही को इसलिए भी प्रतिबंधित किया क्योंकि शासन को भय था कि कहीं यह जापानियों के हाथों में न पड़ जाएं. इतना ही नहीं 1943 के पूरे साल ब्रिटेन और उन जगहों पर जहां फौज ब्रिटेन के लिए लड़ाई लड़ रही थी, भारत से खाद्य सामग्री को भेजा जाता रहा. ब्रिटेन अपनी हार-जीत की चिंता में हलकान हो रहा था; बाकी बंगाल के लोगों पर क्या बीत रही थी इसकी किसी को परवाह नहीं थी.

इस लेख में मैंने कई बार अकाल शब्द का प्रयोग किया है क्योंकि उसे एक ऐतिहासिक संदर्भ बना दिया गया है लेकिन ये शब्द सही नहीं है. वह अकाल नहीं, उत्पन्न किया अकाल था. अकाल कहने से तब के ब्रिटेन के सदर 'विंस्टन चर्चिल' का जघन्य और ऐतिहासिक अपराध छिप जाता है. हमें उसे उजागर रखना चाहिए. अपनी स्मृति में बनाये रखना चाहिए; इसलिए उसे जनसंहार कहना और मानना चाहिए. इसे रांगेय राघव ने साफ-साफ पहचाना था और इसी रिपोर्ताज में लिखा भी है, 'युग-युग तक संसार को याद रखना पड़ेगा कि एक दिन मनुष्य के स्वार्थ और असाम्य के कारण गुलामी और साम्राज्यवादी शासन के कारण बंगाल जैसी शस्य श्यामला भूमि में भी मनुष्य को भूख से दम तोड़ना पड़ा था...'

'कारवां', 'बीबीसी', रांगेय राघव और अन्य स्त्रोतों से बंगाल के उस जनसंहार के चित्रों के जो संदर्भ उपलब्ध होते हैं- उसकी संगति में रांगेय राघव के लिखे 'तूफानों के बीच' को पढ़ने के बाद हमें पता चलता है कि 23 वर्ष के उस युवक ने एक बड़ी चुनौती अपने हाथ में ली और बंगाल की पीड़ा को हिंदीभाषी संसार तक पहुंचाया.

इस दौरे पर जब रांगेय राघव और उनकी टीम शिद्धिरगंज पहुंची तो उन्होंने देखा कि 'सामने एक टूटा घर था- भग्न, विध्वस्त; मानो तूफान में उसका वैभव नष्ट हो गया था और उसके सामने केले के पेड़ों की शीतल और मनोरम छाया में चौदह कब्रें आंखें मूंदे पड़ी थीं. एक लड़का जो वही बैठा एक आम की गुठली का सब कुछ खा जाने में लगा था। महाचार्य कहने लगे...बाहर से तुम्हारी तरह बहुत से लोग आते हैं. हम चाहते हैं तुम यहाँ की एक-एक कब्र से बात करो और हिंदुस्तान के कोने-कोने में जाकर कहो कि जिस ढाके की मलमल एक दिन शहंशाह पहनते थे, आज वहाँ जुलाहे चूहों की तरह मर रहे हैं, बोलो, सुना सकोगे संसार को यह?'

रांगेय राघव ने वहां यह भी देखा कि कई भारतीय सेठ-साहूकार बंगाल की जनता को लूटने में लगे हैं. वे छल से औने-पौने दाम में लोगों की जमीनें हथिया रहे हैं. उनका घर खरीद रहे हैं. औरतों को खरीद रहे हैं. शोषक महाजनों ने चावल के दाने के बदले भूख से मर रही जनता के साथ उनकी इज्जत का सौदा किया. आपदा में अवसर का यह उस वक़्त का संस्करण था जिसमें अंग्रेजी शासन और उसके पिट्ठू साहूकारों ने बंगाली जनता को वेश्या, भिखारी और तड़पते-मरते-घरघराते पशु में बदल दिया था.

इस रिपोर्ताज से गुजरते हुए हमें साम्प्रदायिक वैमनस्य के भयावह प्रमाण मिलते हैं. रांगेय राघव बताते हैं कि उन्हें लगता था कि मौत आदमी की जात या धर्म को नहीं पहचानती. जिंदा रहते हुए तो हिंदू और मुसलमान एक-दूसरे से घृणा और द्वेष रखते ही थे लेकिन इस दुर्दिन की घड़ी में भी उनका पारस्परिक वैमनस्य और भेदभाव न केवल बना हुआ था बल्कि वह और घृणित हो गया था. हिन्दुओं की अपनी रिलीफ कमिटी थी, मुसलमानों की अपनी. उनके फंड भी इसी तरह अपने ही लोगों पर लगाने के लिए थे. इन बातों की पुष्टि हमें उस घटना के पीड़ित रहे प्रोफेसर रफीकुल इस्लाम से भी मिलती है. वो कहते हैं कि इंसान को भगवान की सबसे शानदार रचना कहा जाता है लेकिन मेरे हिसाब से अकाल या युद्ध के दौरान यह भगवान की सबसे बुरी रचना बन गया था. उस दौरान हम जानवर बन गए थे.


रिपोर्ताज एक मुश्किल विधा है. इसका एक प्रमाण ये है कि ये कम लिखे गये हैं और हमारे पास रिपोर्ताज लेखक ज्यादा नहीं हैं. ऐसे में रांगेय राघव का 'तूफानों के बीच' रिपोर्ताज एक मिसाल है. और इस मिसाल के बारे में घनश्याम अस्थाना ने लिखा है, 'रांगेय राघव के रिपोताजों को पढ़कर ऐसा लगता है जैसे लेखक कई भूमिकाएँ एक साथ अदा कर रहा हैः वह एक चलता फिरता इश्तहार है, वह शहर में घूमता हुआ एक आईना है...वह एक मोबाइल हॉस्पिटल और एम्बुलेंस यूनिट है. कभी-कभी तो ऐसा लगता है कि वह क्या नहीं है, और कहाँ नहीं है?'

**(विश्वविद्यालय हिन्दी विभाग तिलका माँझी भागलपुर विश्वविद्यालय, भागलपुर, संपर्क 8332997175)**

**1882 में बंगाल से निकले 'आनन्द मठ' का विपर्यय 1946 के 'तूफानों के बीच' से पूरा होता है. सृजन की दुनिया में विडंबनाएं कई बार ऐसे भी साक्षात होती हैं. लिखने के अलावा रांगेय राघव ने अपनी तूलिका से बड़े-बड़े पोस्टर और चित्र बनाए. उन्हें जगह-जगह प्रदर्शित किया. इसी विषय पर मंचन योग्य नाटक लिखा, जिन्हें 'इप्टा' (भारतीय जन नाट्य संघ) के रंगकर्मियों ने गलियों-सड़कों-चौक-चौराहों पर अभिनीत किया. इस तरह 'रांगेय राघव के यहां हमें बंगाल का कथित अकाल एक ऐसे विषय के रूप में मिलता है जिसे उन्होंने कई एक विधाओं में संभव किया.**

# जीवन की त्रासदी के यथार्थ का जीवंत खाका है: 'कैसे-कैसे लोग'

**समीक्षा**



**विजय राय**

उत्तर प्रदेश सरकार से सेवानिवृत्त वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी अवधेश कुमार श्रीवास्तव किसी परिचय के मोहताज नहीं हैं। उनका नाम लखनऊ के साहित्यिक हलके में बड़े अदब के साथ लिया जाता है।उनके अब तक तीन कविता संग्रह, तीन कहानी संग्रह जिनमें एक सम्पादित और कतिपय अपरिहार्य महत्व के अनुवाद कार्य के साथ एक उनकी लिखी अंग्रेजी कविताओं का संग्रह भी प्रकाशित है। विंसेंट वॉन गाग की जीवनी 'लस्ट फॉर लाइफ' में लिखा गया है कि 'आदमी इस दुनिया में सिर्फ.खुश होने नहीं आया है। वह ऐसे ईमानदार बनने को भी नहीं आया है।वह पूरी मानवता के लिए महान चीजें बनाने के लिए आया है।वह उदारता प्राप्त करने को आया है।वह उस बेहूदगी को पार करने आया है,जिसमें ज्यादातर लोगों का अस्तित्व घिसटता रहता है।'

अवधेश कुमार श्रीवास्तव किसी खेमे के लेखक नहीं हैं। उनकी विचारधारा मानवतावादी और जनहितेषणा से परिपूर्ण है।मानवीय ऊष्मा से लबरेज वे सच्चे अर्थों में एक तरक़्क़ीपसन्द गल्पकार और कवि हैं।उनका लेखन शौकिया कतई नहीं हैं।उनकी रचनाओं के किरदार इंसानी ज़िन्दगी से आते हैं।यथार्थ को जिस खूबी से वे अपनी कलम के जरिये उकेरते और चित्रांकित करते हैं, वह हिन्दी के पाठकों पर लम्बे समय तक गहरा असर डालता रहा है।उनका अपना अर्जित पाठक-वर्ग है।उन्होंने अपनी कलम की ताकत से एक अद्भुत दुनिया रची है।लिखना उनके लिए जीवनदायिनी खुराक की तरह है, जिससे ज़िन्दगी की तमाम मुश्किलों एवं पेचीदगियों को वे बड़ी आसानी से हल भी करते हैं।वे भाषा के धनी तो हैं ही, किस्सागोई में भी उनका कोई जवाब नहीं।

'कैसे-कैसे लोग' के लेखक का कहना है कि 'इस उपन्यास में विभिन्न वर्ग के लोगों का सजीव चरित्र-चित्रण किया गया है।कुली, टेम्पो- चालक, दफ़्तर के बाबू से लेकर ऐसे भद्र पुरुष और महिलाओं तक का भी चित्रांकन है,जिनके अलग-अलग कई रूप हैं।युवावस्था में हर व्यक्ति में कुछ न कुछ बनने और कुछ न कुछ कर गुजरने एवं वांछित को हासिल करने की ललक होती है।उसका अपना बुना एक सपना होता है, किन्तु जरूरी नहीं कि वह अपना लक्ष्य हासिल कर ही ले।दरअसल रास्ते में तमाम तरह की रुकावटें और अप्रत्याशित एवं अवांछित आकर्षण आते हैं, जो उसे उसके रास्ते तथा मकसद से भटका देते हैं।इन तमाम कठिनाइयों का सामना करने के लिए एकाग्रता, दृढ़ संकल्प और प्रतिबद्धता की निहायत जरूरत होती है, जिसके बिना गंतव्य तक पहुँचना बहुत मुश्किल होता है।इस उपन्यास में ऐसे चरित्र भी हैं, जो अपने लक्ष्य तक कभी पहुँच ही नहीं सके और कुछ ऐसे भी हैं जो लक्ष्य तक पहुँचे तो पर उन्हें बहुत कुछ खोना तथा त्यागना पड़ा।'

आज संचार क्रान्ति और मुक्त बाजार ने भारतीय जीवन को अनेक कोणों से प्रभावित किया है।इससे बाजार में प्रॉडक्ट्स की उपलब्धता बढ़ी और हर सामान के कई कई विकल्प हो गये। विकल्पों की बाढ़ और वस्तुओं की उपलब्धता ने केवल नागरिकों की जीवन-शैली में ही परिवर्तन नहीं किया, वरन इसने लोगों के विचारों में भी व्यापक बदलाव किया।बाजार के साथ विज्ञापनी- संस्कृति का भी प्रचार-प्रसार बढ़ा।बाद में उसमें आक्रामकता भी बढ़ी। इस आक्रामक विज्ञापनी संस्कृति ने विचार और व्यवहार को काफी बदला है।इन बदलावों के साथ संचार माध्यमों के प्रसार ने बदली जीवन प्रणाली को तीव्रता से भर दिया।इस तीव्रता ने पुनः जीवन और समाज में पनप रही प्रवृत्तियों में परिवर्तन की गति को और भी ज्यादा परिवर्तनशील बना दिया।गति की इस तीव्रता ने सामाजिक प्रवृत्तियों, निर्मितियों में परिवर्तन की गति को भी तीव्रतम कर दिया।समाज में बदलाव दस पाँच वर्षों के अन्तराल पर भी महसूस किया जाने लगा, जबकि पहले एक ही प्रवृति कई कई वर्षों तक हमारे समाज में प्रचलित रहती थी।भूमंडलीकरण के कारण यद्यपि यथार्थ का आकार-प्रकार बदला है।बाजार का प्रभुत्व यद्यपि बढ़ा है पर कथा साहित्य का चरित्र केवल बाजारोन्मुखी ही नहीं है , उसमें बाजार का विरोध भी है, बिसराये जा रहे सरोकार भी हैं, वंचित जनों की सुधि भी है और अपनी अस्मिता एवं संस्कृति के प्रति प्रगतिशील नजरिया भी है।मुझे पूरी उम्मीद है कि अवधेश कुमार श्रीवास्तव सरीखे कथा लेखकों के चलते भविष्य में इसकी पहचान और अधिक व्यापक बनेगी।

प्रसंगात 'कैसे-कैसे लोग' का ब्लर्ब गौरतलब है।उसमें जो लिखा है उसका लब्बोलुबाब ये है कि-'जीवन में प्रायः वह नहीं होता जैसा मनुष्य प्लान करता या सोचता है।सारी खूबियों के बाद भी कुछ लोगों को जीवन भर संघर्ष करना पड़ता है।आर्ष ग्रन्थों में इसे नियति कहा गया है।नियति या भवितव्य के सम्मुख मनुष्य असहाय हो जाता है।मानस में तुलसी ने कहा है -सबहिं नचावत राम गुसाँई।पुरुषार्थवादी इसे सच नहीं मानते पर जीवन का लम्बा अनुभव अंततः उन्हें भी सिखा देता है कि मनुष्य संचालक सत्ता के हाथों की कठपुतली मात्र है।इस विश्वास को प्रस्तुत उपन्यास में मध्यम परिवारों के जीवन संघर्ष में चरितार्थ होते दशार्या गया है ।कथानायक जीवन भर तमाम चेतना लेकर बस संघर्ष ही करता है और एक दिन संसार छोड़ देता है।संवेदना ही इस उपन्यास का मुख्य आकर्षण है।लेखक ने जीवन की त्रासदी का जो खाका इसमें खींचा गया है वह पाठकों को अंत तक बाँधकर रखता है, उन्हें हिलने नहीं देता।'





आज हम जिस कठिन और चुनौतीपूर्ण समय में अपने वजूद को बचाकर मनुष्य और मनुष्यता की संरक्षा करने में लगे हैं, उसका रास्ता साहित्य और उसके अन्य सहायक अनुशासनों से होकर गुजरता है।बेहतर मनुष्य के निर्माण में साहित्य और दूसरे सृजनात्मक अनुशासनों की भूमिका महत्वपूर्ण होती है।वह मनुष्य को न केवल आलोकित करता है बल्कि उसमें तर्क की क्षमता का विकास कर उसे प्रगतिशील भी बनाता है।₹कैसे-कैसे लोग₹ अवधेश कुमार श्रीवास्तव का अभी पहला ही उपन्यास है।वे सचमुच एक दृष्टि-सम्पन्न कथा लेखक है।भाषा और शिल्प के नजरिए से वे एक बड़े पाठक वर्ग के भीतर बेहद लोकप्रिय हैं।इस उपन्यास की पठनीयता निश्चय ही इसे एक बड़े पाठक वर्ग तक ले जाकर उपन्यासकार के यश में वृद्धि करेगी।ooo

उपन्यास का नामः कैसे-कैसे लोग
उपन्यासकारः अवधेश कुमार श्रीवास्तव
प्रकाशकः अवनी पब्लिकेशंस,नईदिल्ली-110046
मूल्यः ?650/-

**( लेखक लमही के प्रधान संपादक हैं, संपर्क 94545 01011)**

**इन बदलावों के साथ संचार माध्यमों के प्रसार ने बदली जीवन प्रणाली को तीव्रता से भर दिया।इस तीव्रता ने पुनः जीवन और समाज में पनप रही प्रवृत्तियों में परिवर्तन की गति को और भी ज्यादा परिवर्तनशील बना दिया।गति की इस तीव्रता ने सामाजिक प्रवृत्तियों, निर्मितियों में परिवर्तन की गति को भी तीव्रतम कर दिया।**




नववर्ष की पूर्व संध्या पर कवि एवं संगीत गोष्ठी संपन्न

# नववर्ष है-नई उमंगें, स्वागत है-अभिनंदन है...

**बलिया।** शहर के मिढ्ढी स्थित संगीत संस्था म्यूजिक प्लानेट के तत्वावधान में नववर्ष की पूर्व संध्या पर कवि एवं संगीत गोष्ठी का आयोजन किया गया। आनंद वर्मा की सरस्वती वंदना 'वर दे वीणावादिनी वर दे' से कार्यक्रम का आगाज हुआ। प्रेमसुख श्रीवास्तव ने कहा कि गीत-संगीत व कविता की प्रासंगिकता सदैव बनी रहेगी। समाज में इनका बड़ा योगदान है।

युवा कवि श्वेतांक सिंह ने 'जो सफल होने फूलों की माला अवश्य पहना' सुनाकर गोष्ठी को रफ्तार दी। डॉ. नवचंद्र तिवारी ने 'नववर्ष है, नई उमंगे, स्वागत है, अभिनंदन है। ईश्वर सबको खुशहाल रखे, यही हमारी वंदन है' सुनाया। डॉ. कादंबिनी सिंह ने 'वकालत झूठ की बेकार में करना नहीं आता' सुनाकर महफिल को ऊंचाई दी। डॉ. अरविंद उपाध्याय ने 'नया साल खुशियों का ले पैगाम आया' सुनाया तो लोग झूम उठे। डॉ. फतेह चंद बेचैन ने 'मजलूमों, बेसहारों की फंसी जिंदगी पार कर दो' सुनाया। इस अवसर पर जयप्रकाश यादव, गुलशन प्रजापति, राजन तिवारी, हैप्पी सिंह, अभिषेक दीपक यादव, काम्या, नेहा सिंह, रिंकी, पूजा यादव, इंजी. जगदीश शर्मा, इंजी. प्रभात उपाध्याय आदि मौजूद रहे। आभार एडवोकेट विष्णुदत्त पांडेय ने व्यक्त किया।





























नव वर्ष 2023 की हार्दिक बधाई
शिवा डायग्नोस्टिक सेन्टर
(सरकारी अस्पताल के सामने, उमरगंज, मस्जिद के पास) बिल्थरारोड, जिला-बलिया
सुविधायें-अल्ट्रासाउण्ड, डिजिटल एक्स-रे E.C.G., O.P.G.

अजय मौर्य D.M.L.T. ELMC&H LKO
नोट-इमरजेंसी सेवा 24 घंटे उपलब्ध


# सेवानिवृत्त कर्मचारी को सह कर्मियों ने दी विदाई



बैरिया। डॉक्टर लोहिया उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बैरिया में शनिवार को सेवानिवृत्त शिक्षणेत्तर कर्मचारी जयप्रकाश सिंह को सह कर्मियों ने समारोह का आयोजन कर भावभीनी विदाई दी। विद्यालय के प्रधानाचार्य, शिक्षक तथा शिक्षणेत्तर कर्मियों ने जयप्रकाश सिंह को कर्मयोगी बताते हुए उनके कार्य पद्धति का अनुसरण करने का संकल्प लिया। वहीं, जब जयप्रकाश सिंह को सह कर्मियों ने फूल-माला पहनाया तो वह फूट-फूट कर रोने लगे। उन्होंने कहा कि पता ही नहीं चला कि कैसे 30 वर्ष बीत गए। समारोह को अशोक केसरी, धीरज सिंह, हरिकंचन सिंह, एबीआरसी भरत गुप्ता, मारकंडेय सिंह, संध्या सिंह, ललिता देवी, बबीता सिंह, संत सिंह, अमरनाथ यादव, चंद्रशेखर सिंह आदि ने संबोधित किया। इस अवसर पर जयप्रकाश तिवारी, अशोक सिंह, जयबहादुर सिंह, विनय सिंह, अविनाश सिंह, विजय प्रसाद, शुभनारायण पांडेय, परशुराम मौर्य आदि मौजूद रहे। अध्यक्षता प्रधानाचार्य अरुण कुमार चौबे तथा संचालन नरेंद्र कुंवर ने किया।


नव वर्ष 2023 की हार्दिक बधाई
मुमताज मेमोरियल
मेसर्स-मैकफोन क्लीनिक
(पुराना रहमानिया नर्सिंग होम)
इमिलिया, सोनाडीह मार्ग, बिल्थरारोड, बलिया
स्वास्थ्य हित में नये कोरोना वायरस Covid Omicron XBB से बचाव हेतु सबसे पहले मास्क लगाना शुरू करें खुद और दूसरों को भी मास्क लगाने को प्रेरित करें।

काशिफ मुमताज
प्रोप्राईटर



राजनारायण के चित्र पर अर्पित किया पुष्प: बलिया। लोहिया संस्थान एवं लोकतंत्र सेनानी के संयुक्त तत्वावधान में वृंदावन स्मृति परिसर में समाजवाद के पुरोधा लोकबंधु राजनारायण की पुण्यतिथि पर विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम उपस्थित लोगों ने लोकबंधु के तैल चित्र पर श्रद्धासुमन अर्पित किया। द्विजेन्द्र कुमार मिश्र ने कहा कि गंगा तो ऊपर से नीचे की ओर बहती है, लेकिन समाजवाद नीचे से ऊपर की तरफ जाता है।



नव वर्ष 2023 की ढेर सारी शुभकामनायें
आपके स्वास्थ्य का सजग प्रहरी Regd. No. BLA/ALO-01/2018-19
शिवलोक अस्पताल
मिश्रौली मार्ग, निकट बस स्टेशन, बिल्थरारोड, बलिया
विशेष सुविधाएं-ओपीडी, नार्मल एवं सिजेरियन डिलवरी, सभी प्रकार के जनरल आपरेशन आक्सीजन की व्यवस्था, मरीज भर्ती व एम्बुलेन्स सुविधा 24 घंटे उपलब्ध

डा. विजय शंकर यादव
प्रबन्धक
नोट-इमरजेंसी सेवा 24 घंटे उपलब्ध



नव वर्ष 2023 की ढेर सारी शुभकामनायें
जनता जांच केन्द्र एक्स-रे एवं अल्ट्रासाउण्ड सेन्टर
पुलिस चौकी गली, बिल्थरारोड, बलिया
विशेष सुविधा :
● Pathology ● X-Rays
●ECG● Ultrasonography (Usg)

दीनानाथ शर्मा प्रोप्राईटर
(लैब प्रातः 6 बजे से रात 9 बजे तक खुला रहता है।)



नव वर्ष 2023 की हार्दिक बधाई

हार्दिक बधाई

सुधीर यादव
जिला पंचायत सदस्य
वार्ड नम्बर - 3
विकास खण्ड मुरली छपरा
बलिया



नव वर्ष 2023 की हार्दिक शुभकामनाएं
स्वास्थ्यहित में साफ-सफाई करें व दूसरे को भी प्रेरित करें
उमेश चौरसिया

ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत-चौकिया,
ब्लाक-सीयर, जिला-बलिया



नव वर्ष 2023 की दिली मुबारकबाद
जैबुननिसा निसवां इस्लामियां जूनियर हाईस्कूल
इमिलिया, बिल्थरारोड, बलिया
सोएब अहमद
"सिब्बू भाई"
प्रबन्धक




नव वर्ष 2023 मकर संक्रान्ति एवं गणतंत्र दिवस की
हार्दिक बधाई

सोनू सिंह
उषा देवी
ग्राम प्रधान
सोनू सिंह रोजगार सेवक
अध्यक्ष रोजगार सेवक
ब्लाक मुरली छपरा
ग्राम पंचायत दलनछपरा, बलिया




नव वर्ष 2023 की ढेर सारी शुभकामनाएं
स्व0 केशव प्रसाद पी. जी. कालेज
ससना, बहादुरपुर, बिल्थरारोड, बलिया
स्वास्थ्य हित एवं कोरोना के नये वायरस से बचाव हेतु मास्क लगाये तथा दूसरों को भी करें प्रेरित।
राजेन्द्र प्रताप सिंह
प्राचार्य
2023




नव वर्ष 2023 की हार्दिक शुभकामनाएं
देश तथा मानवहित में एक वृक्ष अवश्य लगायें
नरसिंह यादव
ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत-सिउरी प्रेमरजा,
ब्लाक-सीयर, जिला-बलिया




नव वर्ष 2023 की हार्दिक बधाई
सरकार को नितिगत सहयोग देकर राजस्व बढ़ायें।
ओम प्रकाश
प्रभारी उप निबन्धक
तहसील-बिल्थरारोड,
जिला-बलिया



नव वर्ष 2023 की हार्दिक बधाई

शशिकान्त गुप्ता उर्फ गोपाल जी
प्रोप्राईटर
इण्डियन पेन्ट हाऊस
मधुबन मार्ग, बिल्थरारोड, बलिया
नोट-हमारे यहां बर्जर पेन्ट, मार्बल, टाईल्स, समोसम, सेनेटरी के सामान उचित मूल्य पर मिलते हैं।



नव वर्ष, मकर संक्रान्ति एवं गणतंत्र दिवस की जनपदवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
नव वर्ष की 2023 हार्दिक शुभकामनाएं

परशुराम सिंह
अवकाश प्राप्त डी0 एस0 पी0
लोक सभा बलिया
उत्तर प्रदेश



आपकी सेवा में सदैव तत्पर
Hero
जे0 एम0 आटोमोबाईल्स
तहसील मार्ग, बिल्थरारोड, जिला-बलिया
नव वर्ष 2023 की हार्दिक शुभकामनाएं
विशेष
हीरो कम्पनी की
जबरदस्त एवं बेमिसाल पेशकश
Splendor xtech
बेहतरीन एवं जबरदस्त पिक-अप एवं अधिक माइलेज के साथ


अतुल श्रीवास्तव
प्रोप्राइटर
सम्पर्क सूत्र - 9044770002

# चुनाव पर नहीं बनी अधिवक्ताओं की सहमहत





सेवराई तहसील पर बैठक करते अधिवक्ता।

**बैठक**

## सेवराई स्थित बैठक के दौरान आरोप-प्रत्यारोप

**जनसंदेश न्यूज**

**सेवराई।** स्थानीय बार एसो. की के चुनाव को लेकर बैठक में अधिवक्ताओं के आरोप प्रत्यारोप के बीच चुनाव कराने के नियम व कानून आड़े आने के कारण चुनाव की अधिसूचना जारी नहीं हो सका। सेवराई तहसील मुख्यालय पर आयोजित बार एसोसिएशन के अधिवक्ताओं की बैठक शुरू होते ही मुख्य चुनाव अधिकारी दयाशंकर सिंह द्वारा बार काउंसिल के नियमों के अनुसार चुनाव कराए जाने का प्रस्ताव रखा गया। चुनाव अधिकारी द्वारा यह तर्क दिया गया कि बार काउंसिल के नियम के अनुसार यदि चुनाव कराया जाता है तो उसमें सभी अधिवक्ताओं का हित है। अन्यथा की स्थिति में बार काउंसिल द्वारा मिलने वाली कोई भी सुविधा अधिवक्ताओं व उनके परिजनों को नहीं मिल सकता है। नियमानुसार अध्यक्ष के प्रत्याशी के लिए 25 वर्ष तक वकालत का अनुभव होना जरूरी है तो वही सचिव पद के लिए 15 वर्ष का अनुभव आवश्यक है। मुख्य चुनाव अधिकारी के इस बात को लेकर अधिवक्ताओं द्वारा आरोप-प्रत्यारोप लगाए जाना शुरू हो गया। युवा अधिवक्ताओं द्वारा यह तर्क दिया जाने लगा कि अभी यह नवसृजित तहसील है। जिसके कारण अधिकतर अधिवक्ता युवा है। ऐसे में बिना किसी कानून के इस बार का चुनाव करा लिया जाना चाहिए ,जिसे लेकर अधिवक्ता दो गुटों में बंटे दिखे। बैठक में मतदाता सूची को लेकर भी अधिवक्ताओं द्वारा आपत्ति दर्ज कराई गई। अंत में मुख्य चुनाव अधिकारी द्वारा अगले शनिवार को पुनः आपत्ति के साथ संबंधित पत्रावली संलग्न कर जमा करने का फरमान सुना दिया गया। इस संदर्भ में मुख्य चुनाव अधिकारी दयाशंकर सिंह ने बताया कि मतदाता सूची तैयार हो चुकी है। बैठक में सर्वसम्मति से कोई निर्णय नहीं होने के कारण अगली बैठक शनिवार को बुलाया गया है। इस मौके पर अशोक सिंह एडवोकेट, मनोज पांडे एडवोकेट ,रामसेवक एडवोकेट ,मृत्युंजय सिंह एडवोकेट ,श्याम लाल कुशवाहा एडवोकेट ,जितेंद्र एडवोकेट, अजय राय एडवोकेट, एनामुल हक खान एडवोकेट, मोहनलाल चौधरी एडवोकेट, पारस सिंह एडवोकेट आदि लोग उपस्थित रहे।























































# बिना नक्शा पास कराये नहीं होगा कोई भी निर्माण कार्य

## अतिक्रमण हटाने के भी जिलाधिकारी ने दिये निर्देश

जनसंदेश न्यूज

**मऊ।** जिलाधिकारी के रूप में कार्यकाल लगभग 1 वर्ष पूर्ण होने पर नववर्ष की पूर्व संध्या पर पत्रकारों से बातचीत करते हुए जिलाधिकारी ने बताया कि बढुआ गोदाम से गाजीपुर तिराहा, भीटी होते हुए बलिया मोड़ तक सड़क चैड़ीकरण की जाएगी। जबकि आजमगढ़ मोढ़, बाल निकेतन सहित शहर की सड़कें पुराने मास्टर प्लान के तहत ही रहेंगे। कोई नया चैड़ीकरण नहीं किया जाएगा। पुराने मास्टर प्लान के तहत दर्ज सड़क की चैड़ाई पर चढ़कर अगर किसी ने अतिक्रमण किया होगा तो उस अतिक्रमण को हटाया जाएगा। गौरतलब हो कि सड़क चैड़ीकरण व दुकान मकान ध्वस्तीकरण को लेकर शहर में अफवाहों का दौर मचा था। जिलाधिकारी का स्पष्ट संदेश नववर्ष में काफी राहत देने वाला साबित होगा। जिलाधिकारी ने कहाकि बगैर नक्शे के कोई निर्माण कार्य नहीं होगा। अगर कोई निर्माण नक्शे में विभाग हीला हवाली करें तो तत्काल मुझे जानकारी दें। जिलाधिकारी अरुण कुमार ने माना की जानकारी के अभाव में भी लोगों द्वारा निर्माण संबंधित खामियां गलतियां की जा रही हैं। ऐसे में उन्होंने संदेश देने का कार्य किया कि सभी लोग गंभीरता पूर्वक इस संदेश को समझे कि बगैर नक्शा पास कराए कोई निर्माण संभव नहीं हो सकेगा। यदि किसी ने चोरी-छिपे निर्माण किया तो कार्यवाही निश्चित की जाएगी। इसके साथ ही उन्होंने कहाकि यदि संबंधित विभाग भवन नक्शा स्वीकृत करने में हीला हवाली या कुछ अवैध शोषण करता है तो उसकी जानकारी जिलाधिकारी कार्यालय को तत्काल दी जाए। आगे बताया कि जनपद में उद्यमियों के साथ मिलकर निवेश को बढ़ाने के साथ निवेश के लिए अनुकूल परिस्थितियों का निर्माण करना। जनपद मुख्यालय पर सर्किट हाउस, ट्रांजिट हॉस्टल, पार्क का निर्माण कार्य कराया जायेगा। शहर के सभी प्रमुख चैराहों,मार्गो पर सीसीटीवी कैमरे की व्यवस्था की जायेगी। साथ ही साथ शहर मुख्यालय पर मल्टी लेवल पार्किंग की व्यवस्था की जायेगी। ग्रामीण क्षेत्रों में बाजारों के निकट मनरेगा द्वारा हाट बाजार का निर्माण कराया जायेगा। तहसील मधुबन के कई क्षेत्रों में उत्पादित देसी बैगन को जीआई टैग दिलाने का प्रयास किया जायेगा। जनपद के कृषि उत्पादों जैसे मशरूम, लाल एवं पीली मिर्च के निर्यात किए जाने के प्रबंधन किया जायेगा। जनपद में अवैध रूप से अर्जित चल एवं अचल संपत्तियों के खिलाफ कुर्क की कार्यवाही लगातार जारी रहेगी। नए भू एवं शिक्षा माफियाओं को चिन्हित कर उनके खिलाफ कार्रवाई की जायेगी। शहरी क्षेत्रों, विशेषकर औद्योगिक क्षेत्रों में जल निकासी एवं बिजली की आपूर्ति व्यवस्था को ठीक किया जायेगा। अवैध टैक्सी एवं बस स्टैंड के खिलाफ कार्यवाही जारी रहेगी।



पुराने मास्टर प्लान के तहत ही होगा सड़को का निर्माण– जिलाधिकारी

### नि:शुल्क खाद्यान्न का वितरण 03 जनवरी तक

**मऊ।** जिला पूर्ति अधिकारी विकास गौतम ने बताया कि प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजनान्तर्गत खाद्यान्न के वितरण की तिथि 22 दिसम्बर 2022 से 31 दिसम्बर 2022 तक निर्धारित की गयी थी। कुछ लाभार्थियों में आवश्यक वस्तुओं का वितरण किया जाना अवशेष है। उक्त के दृष्टिगत जनहित में वितरण तिथि 01 जनवरी 2023 से 03 जनवरी 2023 तक बढ़ा दी गयी है। उक्त अवधि में ई-पॉस के माध्यम से आधार आधारित वितरण किया जायेगा। जनपद के समस्त अन्त्योदय एवं पात्र गृहस्थी लाभार्थी उक्त दिवस पर अपने उचित दर विक्रेता के यहां से उपरोक्तानुसार आवश्यक वस्तुएं प्राप्त कर सकते हैं।

### अवैध तमंचा व कारतूस बरामद एक शातिर गिरफ्तार

**मऊ।** थाना मुहम्मदाबाद पुलिस द्वारा षनिवार को देखभाल क्षेत्र व चेकिंग के दौरान घरोहिया मोड़ के पास से इंदल राय पुत्र श्रीराम राय निवासी शहाबुद्दीनपुर थाना मुहम्मदाबाद मऊ के कब्जे से एक अदद अवैध तमंचा 315 बोर व एक जिंदा कारतूस 315 बोर बरामद कर गिरफ्तार किया गया। इस सम्बन्ध में उक्त अभियुक्त के विरुद्ध मु0अ0सं0 671/22 धारा 3/25 आयुद्ध अधि0 में अभियोग पंजीकृत कर चालान न्यायालय किया गया।

# कमलेश राय व उसके रिश्तेदारों की 4.74 करोड़ की संपत्ति होगी कुर्क

जनसंदेश न्यूज

**निर्देश**

**अवैध संपत्तियों का चिन्हीकरण कर संबंधितों के खिलाफ होगी गैंगस्टर एक्ट की कार्यवाहीः जिलाधिकारी**

मऊ। षनिवार को जिलाधिकारी अरुण कुमार ने गैंगेस्टर एक्ट के तहत कार्रवाई करते हुए अभियुक्त कमलेश राय उर्फ चुन्नू राय पुत्र प्रद्युम्न राय निवासी अहिरौली हथनी, थाना सराय लखंसी जनपद मऊ, द्वारा अपने व अपनी पत्नी सुमन राय के नाम मौजा भीटी में स्थित आराजी नंबर 1022 रकबा 85 वर्ग मीटर, आराजी संख्या 291मि0 रकबा 226.8 वर्ग मीटर, आराजी संख्या 1022 रकबा 86 वर्ग मीटर, आराजी संख्या 1022 रकबा 97.2 वर्ग मीटर, वाहन संख्या यूपी-54/0100 स्कॉर्पियो, वाहन संख्या यूपी-54 क्यू/2052 बजाज डिस्कवर, तथा अपनी पत्नी सुमन राय के नाम मौजा हथिनी स्थित गाटा संख्या 53 रकबा 356.4 वर्ग मीटर, मौजा भीटी आराजी संख्या 1022 रकवा 113.4 वर्ग मीटर व उस पर बने मकान, आराजी संख्या 775 रकबा 85 वर्ग मीटर एवं उस पर बने मकान को अवैध रूप से अर्जित धन द्वारा क्रय के कारण आज कुर्क करने के आदेश जारी किए। इसके अतिरिक्त अभियुक्त कमलेश राय उर्फ चुन्नू राय के नाम से ग्राम हथनी में राय ईट उद्योग के नाम से ईट भट्ठा है। वर्तमान में भट्टे के अंदर लगभग 5.5 लाख ईंट है, इनको भी जिलाधिकारी ने कुर्क करने का आदेश जारी किया है। इन सातों आराजिओ, उस पर बने भवनो,वाहनों तथा ईटों का कुल बाजार मूल्य लगभग 4 करोड़ 72 लाख 78 हजार 983 रुपये है। इसके अलावा कमलेश राय उर्फ चुन्नू राय के पुत्र दिवाकर राय उर्फ राजू राय के नाम से यूपी 54 जेड/ 1451 रॉयल इनफील्ड बुलेट एवं वाहन संख्या यूपी 54 एआर/8491 स्वराज ट्रैक्टर जिसकी कुल अनुमानित मूल्य 1 लाख 10हजार है तथा कमलेश राय उर्फ चुन्नू राय के ही पुत्र विनय राय उर्फ राजा राय के नाम वाहन संख्या यूपी 54 एएल/4930 स्प्लेंडर प्लस का अनुमानित मूल्य 50 हजार है। इन सभी को भी जिलाधिकारी ने उत्तर प्रदेश गिरोह बंद एवं समाज विरोधी क्रियाकलाप निवारण अधिनियम की धारा 14(1) के तहत कुर्क करने का आदेश जारी किया। कमलेश राय उर्फ चुन्नू राय द्वारा अपराध कर अवैध रूप से अर्जित धन से अपने व अपने पत्नी तथा बच्चों के नाम इन अचल संपत्तियों का क्रय किया गया था जिन का कुल बाजार मूल्य लगभग चार करोड़ 74 लाख से भी ज्यादा है, को आज जिलाधिकारी ने कुर्क करने का आदेश जारी किए। जिलाधिकारी ने बताया कि शासन की मंशा के अनुरूप जनपद में गैंगस्टर एक्ट के अंतर्गत अवैध तरीके से अर्जित किए गए धन के प्रयोग से निर्मित चल/अचल संपत्तियों के विरुद्ध अभियान चलाकर कार्यवाही करने का कार्य किया जा रहा है। जिलाधिकारी अरूण कुमार ने कहा कि जिन्होंने अवैध तरीके से अर्जित धन से बड़ी संख्या में चल एवं अचल संपत्तियां खड़ी की है, उनका चिन्हीकरण कर उनके खिलाफ भी कुर्क की कार्रवाई की जाएगी।

### पुराने वाहनों के स्क्रेपिंग हेतु पंजीयन यान स्क्रेपिंग सुविधा सेंटर के लिए करें आवेदन

मऊ। सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी प्रशासन रमेश चंद्र श्रीवास्तव ने बताया कि जनपद में पुराने वाहनों से स्क्रेपिंग हेतु पंजीयन यान स्क्रेपिंग सुविधा आरबीएसएफ सेंटर की स्थापना किया जाना है। इच्छुक व्यक्ति कार्यालय में संपर्क स्थापित कर विस्तृत जानकारी प्राप्त कर सकते हैं एवं नेशनल सिंगल विंडो सिस्टम एनएसडब्ल्यूएस पोर्टल के माध्यम से आरबीएसएफ स्थापित किये जाने के लिए आवेदन कर सकते हैं।

# जिले में प्रतिदिन 350 नागरिकों को पहुंचायी जाती है सहायता

**सराहनीय**

**दस मिनट से भी कम समय में पहुंचती है यूपी-112**

**मऊ।** पुलिस अधीक्षक अविनाश पांडेय के कुशल निर्देशन में एवं अपर पुलिस अधीक्षक त्रिभुवन नाथ त्रिपाठी व क्षेत्राधिकारी डायल 112/सर्किल मोहम्मदाबाद के नेतृत्व में यूपी-112 के द्वारा जनपद मऊ में विशाल मेगा मार्ट सदर हॉस्पिटल के सामने, प्रदर्शनी स्थल सोनी थापा मैदान में भव्य स्टॉल, पीआरवी वाहन कटआउट लगवा कर नागरिकों को किया जा रहा है। नव वर्ष के अवसर पर आम नागरिकों को उत्तर प्रदेश पुलिस की विभिन्न जनोपयोगी सेवाओं जागरुक करने के उद्देश्य से जनपद मऊ में स्टाल लगाये गए। 112 सेवा के सम्बंध में जन जागरूकता हेतु जनपद मऊ में रोडवेज, रेलवे स्टेशन, कचहरी आदि करीब 10 स्थानों पर विशाल होर्डिंग्स, करीब 25 स्थानों पर ग्लो शाइन बोर्ड, करीब 50 प्राथमिक/उच्चतर माध्यमिक के दीवालों पर वाल पेंटिंग कराई गई है। लगातार प्रचार प्रसार किया जा रहा है। इस नव वर्ष के अवसर पर नव संकल्प उठाएँ, दूसरों की मदद को आगे आएँ, इस संदेश के साथ यूपी-112 के कर्मियों ने स्टाल पर नागरिकों को पुलिस की सेवाओं से जागरुक किया जा रहा है। इसी क्रम में पुलिस कर्मियों ने बुजुर्गों और महिलाओं से भी संवाद कर उनसे 112 की सवेरा और नाईट एस्कॉर्ट सेवा की जानकारी साझा की। इस मौके पर यूपी-112 द्वारा मित्र पुलिसिंग का संदेश दिया और बताया कि पुलिस कैसे मित्र बनकर मदद करती आ रही है।

यूपी पुलिस की आपातकालीन सेवाओं ने लोगों विशेषकर बच्चों को इस बारे में जागरूक करने के लिए अपने दो-पहिया और चार-पहिया वाहन पीआरवी भी तैनात किये, जिससे नागरिक जान सकें के कि आपातकालीन सेवा कैसे काम करती हैं।

बच्चों की कॉमिक बुक में घटनाओं के माध्यम से 112 की योजनाओं की जानकारी दी गयी है। कॉमिक में छोटे-छोटे स्लोगन जैसे ह्लडरने की नहीं है बात, 112 है आपके साथह्व, ह्लफोन उठायें, 112 मिलायेंह्व लिखे गए हैं। जनपद के नागरिकों ने मित्र पुलिस के इस रूप को जमकर सराहा।



पुलिस द्वारा स्टाल लगाकर नागरिकों को पुलिस की सेवाओं के प्रति किया जा रहा है जागरुक

# मुक्ति धाम पार्क दुल्हन की तरह सजा

**दोहरीघाट, मऊ।** नववर्ष के आगमन को लेकर जहाँ मुक्तीधाम संस्थान अपनी पूरी तैयारी कर ली है मुक्ति धाम पार्क को पूरी तरह से दुल्हन की तरह सजाया गया है। वही सरयू के कलरव व पार्कों में लगी मधुर धुनें नये वर्ष के आगमन को लेकर स्वागतम् स्वागतम् से अभिनन्दन करेंगी। मुक्तीधाम पार्क को एक विहंगम रूप दिया गया है तथा पार्को का एक नये तरीके से रंग रोगन किया गया है वही दुधिया रोशनी से पुरी तरह से शिव की विशाल प्रतिमा बनायी हुई है गंगा अवतरण की झांकी में शिव के जाट से निकली विशाल धारा जो सबका मन मोह ले रही भगीरथ की तपस्या के साथ राम दरबार के साथ पार्कों में लगे देशी विदेशी फुल जो अपने आप में एक अलग आभा विखेर रहे है। द्वादश शिवलिंग के साथ साथ शिव की गुफा भी इस बार विशेष आकर्षण का केंद्र रहेगी पार्क में लगी हरी हरी घासे जो सबका मन मोह लेगी वही देशी विदेशी कुछ पंछी लोगों अपने तरफ खिचेगे। संस्थान के संस्थापक पूर्व चेयरमैन गुलाबचंद गुप्त ने बताया कि मुक्तीधाम पार्क का अवलोकन करने के लिये जहाँ करीब दस हजार की संख्या में लोग आते है इसके लिये इस बार विशेष व्यवस्था की गयी है तथा नये वर्ष के आगमन को लेकर जहाँ मुक्तीधाम संस्थान अपनी पुरी तैयारी कर ली है वही पार्क में बैरकेटिंग की गयी है ताकि लोग फुल पौधों को ज्यादा नुक्सान न कर सके इस बार शव यात्रीयो को भी आजमगढ़ रोड से लाश को उतारकर कंधे से लेकर जाना होगा जिससे जाम की समस्या न हो वही डीजे से लेकर मधुर संगीत के बीच नये वर्ष का जश्न लोग मुक्तीधाम पर आकर मनाने को लेकर विशेष सुरक्षा की गयी है।



# सिविल कोर्ट बार एसो. के महामंत्री चुने जाने पर किया सम्मान

**मऊ।** अब किसी भी पत्रकार साथी पर कोई भी मुसीबत नहीं आएगी और अगर आएगी तो उसका मुंहतोड़ जवाब देने का काम किया जाएगा। संगठन कोई हो व पत्रकार किसी भी जाति का हो, उसका अखबार, चैनल छोटा हो या बड़ा, इससे मतलब नहीं है वह केवल पत्रकार हो। यकीन मानिए किसी पत्रकार का कोई बाल बांका नहीं कर सकता।

उक्त बातें शनिवार को कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित स्वागत समारोह कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सिविल कोर्ट सेंट्रल बार एसोसिएशन के नवनिर्वाचित महामंत्री हरिद्वार राय ने कहा। कलेक्ट्रेट सभागार में जिला सूचना अधिकारी की अध्यक्षता में पत्रकार द्वारा किए गए स्वागत समारोह से अभिभूत वरिष्ठ पत्रकार व सिविल कोर्ट के नवनिर्वाचित महामंत्री हरिद्वार राय ने कहा कि कचहरी में किसी भी पत्रकार साथी का एक भी पैसा नहीं लगेगा। इसमें टाइप, टिकट व वकालतनामा सब फ्री में पत्रकारों को मुहैया कराया जाएगा। श्री राय ने कहाकि पत्रकार भवन बनाने के लिए उनका भरपूर प्रयास रहेगा और अधिकारियों को पत्रकार भवन बनने के लिए मजबूर भी कर देंगे।

पत्रकारों को आवास देने के मामले में श्री राय ने मुख्यमंत्री योगी जी को धन्यवाद देते हुए कहा कि उन्होंने समाज के सबसे कमजोर तबके का ख्याल किया है वह बधाई के पात्र हैं। कहाकि पत्रकार को आवास मुहैया कराया जाए अगर नहीं है तो जो कांशी राम आवास बना है उसमें पत्रकारों को आवास देने के लिए जिलाधिकारी को आदेश करें। उन्होंने पत्रकारों को यकीन दिलाते हुए कहा कि उनके महामंत्री रहते हुए मऊ जिले का पत्रकार भवन का जो प्रोजेक्ट है उसे सूबे के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के हाथों से शिलान्यास कराने का पूरा प्रयास करेंगे। साथ ही उन्होंने पत्रकारों के लिए दुर्घटना बीमा व आयुष्मान कार्ड बनाने के साथ-साथ जो वास्तव में पत्रकार है उसे उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा मान्यता दिए जाने की मांग किया। स्वागत समारोह के दौरान पत्रकारों ने बारी-बारी से नवनिर्वाचित महामंत्री हरिद्वार राय का माला पहना कर उनका जोरदार स्वागत किया और अपने उद्बोधन के माध्यम से उन्हें बधाई दिया। स्वागत समारोह को संबोधित करते हुए सुधाकर पांडेय व प्रदीप सिंह ने कहाकि हरिद्वार राय डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन के पांचवी बाहर महामंत्री चुने जाने पर उन्हें दिल की गहराइयों से बहुत-बहुत बधाई और इसी तरह अधिवक्ताओं के साथ-साथ पत्रकारों के हित की बात करने वाले श्री राय इसी तरह से आगे बढ़ते रहे। उन्होंने कहाकि आज वह पांचवी बार एसोसिएशन के महामंत्री बने हैं, जिन्हें हम पत्रकारों की तरफ से बहुत-बहुत शुभकामनाएं एवं बधाई देते हैं। इस दौरान अध्यक्षता रहे जिला सूचना अधिकारी धनपाल सिंह ने किया। इस अवसर पर डॉ आजाद नोमानी, चंद्रशेखर श्रीवास्तव, जयप्रकाश निषाद, राहुल सिंह, एहतेशाम, एसए काजमी, जावेद काजमी, विनोद सिंह, चंद्रप्रकाश तिवारी, विकास सिंह तथा आनंद गुप्ता रहे।



पत्रकारों पर कोई भी मुसीबत आई तो दिया जायेगा मुंहतोड़ जवाब– हरिद्वार राय

### स्कूल में धूमधाम से मनाया गया वार्षिक उत्सव

**भांवरकोल।** ओम विद्या मंदिर स्कूल (कनुवान) में वार्षिक उत्सव धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान छात्रों ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत कर अतिथियों को मंत्रमुग्ध कर दिया। मुख्य अतिथि ग्राम प्रधान डा. जितेंद्र नाथ राय ने कहा कि अच्छी शिक्षा एवं संस्कार ही जीवन को एक नया रुप देते हैं। हमें समाज को शिक्षित एवं संस्कारित बनाने के लिए निरंतर प्रयासरत रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि परिवारों के बढ़ने के साथ-साथ उनकी युवा पीढ़ी को संस्कारित एवं सकारात्मक मार्ग दर्शन की आवश्यकता है। कार्यक्रमों से छात्रों में छिपी हुई प्रतिभा को निखारना आसान होता है। इस दौरान बच्चों ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए। इस दौरान प्रधानाचार्य जगदबा सिंह, सत्येंद्र उपाध्याय, डा. परशुराम उपाध्याय, अमरीश राय शामिल रहे।






























# बाइक रैली निकाल कर पुलिस ने मनचलों को दिया संदेश


बाइक रैली निकालते पुलिस कर्मी

**अभियान**

**जनपद के कई जगहों पर निकाली गयी रैली**

जनसंदेश न्यूज

**आजमगढ़।** जनपद के विभिन्न थानों की पुलिस ने शनिवार को बाइक रैली निकाल कर मनचलों को कड़ा संदेश दिया।

**महराजगंज प्रतिनिधि** के अनुसार स्थानीय कस्बा क्षेत्र में महराजगंज कोतवाली प्रभारी कमलकान्त वर्मा के नेतृत्व में पुलिस बल द्वारा बाईक मार्च निकाल कर जहां क्षेत्र में शांति और सुरक्षा का भरोसा दिया तो वहीं मनचंलो और हुडदंगियों को शांति व्यवस्था से खेलवाड़ न करने का कड़ा सन्देश दिया। पुलिस का यह मार्च थाने से निकलकर सहदेवगंज चैक के रास्ते नया चैक व भैरव जी तिराहा से होते हुए बजरंग चैक, बेकारू चैक व भैरवधाम परिसर घूमते हुए रामलीला मैदान पहुंचा तथा पुराना चैक होते हुए हनुमान गढ़ी के रास्ते थाने पर जाकर समाप्त हुआ। इस दौरान थाना प्रभारी ने नागरिकों से नए वर्ष के जश्न को शांति और सुरक्षा के साथ मनाने की अपील की तथा मनचंलो और हुडदंगियों को कानून के दायरे में रह कर नया साल मनाने का कड़ा सन्देश दिया।

**अतरौलिया प्रतिनिधि** के अनुसार पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर थाना प्रभारी प्रमेन्द्र कुमार सिंह के नेतृत्व में स्थानीय थाने से पुलिस बल मोटरसाइकिल द्वारा रूट मार्च कर नागरिकों को शांति और सुरक्षा का संदेश दिया गया। अतरौलिया थाने से निकला यह मोटरसाइकिल रूट मार्च नगर पंचायत समेत मुख्य चैक होते हुए जनपद की सीमा लोहरा तक पहुंचा वहां से पुनः घूमते हुए तेजा पुर, सिकन्दर पुर, 100 बेड अस्पताल, मदियापार मोड़ होते हुए थाने पर जाकर समाप्त हुआ। इस अवसर पर सभी पुलिसकर्मी टीआरबी सहित पुलिस कर्मी मौजूद रहे।

## नारी शक्ति संस्थान ने मनाया वार्षिकोत्सव

**आजमगढ़।** नारी शक्ति संस्थान का वार्षिकोत्सव शनिवार को शहर के ब्रह्मस्थान स्थित टिप्सी-टॉप्सी के सभागार में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ संरक्षक मंडल द्वारा मां दुर्गा के चित्र के समक्ष पुष्पाजंलि अर्पित व दीप प्रज्वलित कर किया गया। अध्यक्षता संरक्षक दीपशिखा पांडेय व संचालन अंशु अस्थाना ने किया। संरक्षक मंडल का स्वागत संस्था सचिव डॉ.पूनम तिवारी द्वारा माला पहनाकर किया गया। इसके बाद नवनियुक्त पदाधिकारियों की घोषणा संरक्षक रानी अनामिका सिंह द्वारा किया गया। जिसमे अध्यक्ष विदुषी अस्थाना, कार्यकारी अध्यक्ष डॉ नेहा दुबे, उपाध्यक्ष अंशु अस्थाना, पूनम यशपाल सिंह, निमिषा अग्रवाल, ममता राय, महामंत्री प्रतिभा पाठक, मंत्री अनिता श्रीवास्तव, माया दुबे, अमिता अग्रवाल, अर्चना श्रीवास्तव, कोषाध्यक्ष रश्मि डालमियां, सह कोषाध्यक्ष आभा अग्रवाल, मीडिया प्रभारी डॉ प्रीति गुप्ता, कार्यालय प्रभारी नीतू कश्यप को बनाया गया। पद एवं गोपनीयता की शपथ संरक्षक अर्चना वत्सल द्वारा दिलाई गयी। सभी पदाधिकारियों को संरक्षक मंडल द्वारा माला पहनाकर स्वागत किया गया। अतिथियों का स्वागत अध्यक्ष विदुषी अस्थाना एवं कार्यकारी अध्यक्ष डॉ.नेहा दुबे ने माला पहनाकर किया।

संरक्षक अनिता आलोक श्रीवास्तव एवं अनिता अग्रवाल द्वारा नए सदस्यों की घोषणा एवं माला पहनाकर स्वागत किया गया। नवनियुक्त पदाधिकारियों को बधाई देते हुए सचिव डा.पूनम तिवारी ने बताया कि नारी शक्ति संस्थान नारी स्वास्थ्य सुरक्षा को लेकर अपनी लड़ाई लड़ती आयी है। पूरी उम्मीद है कि नवनियुक्त पदाधिकारी आगे भी संगठन को मजबूती प्रदान करेंगे और महिला उत्थान को लेकर आगे भी संघर्षरत रहेगा।

## बाहर घूम रहे जानवरों को तत्काल भेजें गौ आश्रय स्थल

**आजमगढ़।** जिलाधिकारी विशाल भारद्वाज ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि बाहर घूम रहे जानवरों को तत्काल गौ आश्रय स्थल के अंदर लाएं। उन्होंने कहा कि गौ आश्रय स्थल पर संरक्षित जानवरों को ठंड से बचाने के लिए समुचित व्यवस्था की जाए। उन्होंने कहा कि जानवरों के लिए भूसा, चारा, पानी आदि की व्यवस्था शीर्ष प्राथमिकता से सुनिश्चित की जाए। जिलाधिकारी ने मुख्य पशु चिकित्साधिकारी को निर्देश दिए कि जिला पूर्ति अधिकारी से समन्वय स्थापित कर पुराने एवं निष्प्रयोज्य बोरों को लेकर जानवरों को ढकने की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।

जिलाधिकारी ने उक्त निर्देश शुक्रवार की देर शाम कलेक्ट्रेट सभागार में जनपद स्तरीय गोवंश संरक्षण, संचालन एवं अनुश्रवण समिति की समीक्षा बैठक में देते हुए कहा कि नगर पालिका एवं नगर पंचायतों में आउटसोर्स के माध्यम से कर्मियों द्वारा जानवरों को पकड़ने की व्यवस्था सुनिश्चित कराई जाय। उन्होंने कहा कि राज्य वित्त आयोग के मद से जिला पंचायतों एवं ब्लाकों में कैटिल कैचर वाहन खरीदा जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि सहभागिता योजना के अंतर्गत लक्ष्य के सापेक्ष पशुओं की सुपुर्दगी न करने वाले संबंधित उप मुख्य पशु चिकित्साधिकारी को कारण बताओ नोटिस जारी किया जाए। उन्होंने कहा कि कारण बताओ नोटिस के बाद भी यदि 15 दिन के अंदर प्रगति न हो तो एडवर्स एंट्री प्रस्तावित करें।

उन्होंने कहा कि गौ आश्रय स्थल पर निर्धारित क्षमता के अनुरूप शत-प्रतिशत जानवरों को संरक्षित किया जाए। उन्होंने कहा कि 10 से कम जानवर वाले गौ आश्रय स्थल से संबंधित उप मुख्य पशु चिकित्साधिकारी को तत्काल कारण बताओ नोटिस जारी करें। बैठक में अपर जिलाधिकारी प्रशासन श्री अनिल कुमार मिश्र, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ.धर्मेंद्र पांडेय, उप मुख्य पशु चिकित्साधिकारी, डीपीआरओ अजय कुमार श्रीवास्तव, कृषि एवं अन्य विभाग के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

नव वर्ष 2023 मकरसंक्रान्ति व गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
साकेत चतुर्वेदी
(जिलामंत्री)
उ0 प्र0 मा0 शिक्षक संघ (सेवारत), आजमगढ़

नव वर्ष 2023 हार्दिक शुभकामनाएं
छोटा सा संसार गलतियां अपार आपके पास है क्षमा का अधिकार वर्ष के अंतिम दिन कीजिए यह निवेदन स्वीकार।
आपका धन्यवाद 2022
राम प्यारे यादव
+91-7388280999, 9415160033

नव वर्ष 2023 मकरसंक्रान्ति व गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
सुभाष तिवारी कुंदन
राष्ट्रीय संगठन मंत्री
अखिल भारतवर्षीय ब्राह्मण सभा

नव वर्ष 2023 मकरसंक्रान्ति व गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
राजीव कुमार
तहसीलदार, निजामाबाद

नव वर्ष 2023 मकरसंक्रान्ति व गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
अरविन्द राय
संस्था अध्यक्ष
वृद्धा आश्रम
बघौरा, इनामपुर, फरिहा, आजमगढ़

नव वर्ष 2023 मकरसंक्रान्ति व गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
आम आदमी पार्टी
अरविन्द केजरीवाल
रविंदर यादव
जिला अध्यक्ष

सभी छात्र-छात्राओं को नव वर्ष 2023, मकरसंक्रान्ति व गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
विनायक ग्रुप ऑफ कालेज
फरिहा, आजमगढ़
द्वारा संचालित पाठ्यक्रम बी. फार्मा एवं डी. फार्मा, एलोपैथ, बी.एड., डी.एल.एड. एवं आई.टी.आई.
प्रबंधक-सुजीत सिंह, मो0-9838503211

नव वर्ष 2023 मकरसंक्रान्ति व गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
अनुराग आर्या
कप्तान साहब
राजेन्द्र प्रसाद सिंह
थाना प्रभारी
निजामाबाद, आजमगढ़

नव वर्ष 2023 मकर संक्रांति
आजमगढ़ अध्यक्ष
मोनू विश्वकर्मा

नव वर्ष 2023 मकरसंक्रान्ति व गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
सरोज देवी
ग्राम प्रधान
लहुवाखुर्द, ब्लाक-पल्हना, आजमगढ़

नव वर्ष 2023 मकरसंक्रान्ति व गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
इंद्रेश यादव
महा प्रधान पद के प्रत्याशी
क्षेत्र पंचायत फरिहा

नव वर्ष 2023 मकरसंक्रान्ति व गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
ओम प्रकाश यादव
पूर्व प्रधान बुवारा
ब्लाक मिर्जापुर

नव वर्ष 2023, मकरसंक्रान्ति व गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई
पावर पेट्रोलियम सेन्टर
सरायमीर रोड, फरिहा, आजमगढ़
शुद्धता और नाप तौल की गारंटी
आसिफ खान
मो0-8655509191, 9918648635

नव वर्ष 2023 मकरसंक्रान्ति व गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
सदाविरज
प्रधान बनबीरपुर
ब्लाक मिर्जापुर

नव वर्ष 2023, मकरसंक्रान्ति व गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई
फौजी नर्सिंग होम
सरायमीर रोड, फरिहा, आजमगढ़
डा. इमरान अहमद
डा. नाहिद तबस्सुम
मो0-9415267289

1. दिलीप बिल्डकॉन लिमिटेड गोरखपुर लिंक एक्सप्रेस वे पैकेज
2. मंडोही अतरौलिया एजीएम प्रोजेक्ट मैनेजर प्रमोद कुमार सिन्हा व लाइजन मैनेजर प्रोडक्ट संतोष कुमार सिंह
के तरफ से जनपद वासियों और क्षेत्रवासियों को नव वर्ष, मकर संक्राति गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
2023 DILIP BUILDCON LIMITED INFRASTRUCTURE & BEYOND 2023
संतोष कुमार सिंह
लाइजन मैनेजर प्रोडक्ट
प्रमोद कुमार सिन्हा
एजीएम प्रोजेक्ट

2023 नव वर्ष की हार्दिक शुभकामनाएं
नेशनल फिलिंग स्टेशन
प्रोप्राइटर: इमलाक अहमद
(सलेमपुर रोड) बनारपुर-सलहरा, लालगंज आजमगढ़

नगर पालिका परिषद आजमगढ़ से नव वर्ष की हार्दिक शुभकामनाएं
अध्यक्ष पद के
रामबिलास साहू
Mob: +91 9005397836
भारतीय जनकल्याण पार्टी
नगर पालिका

2023 Happy New Year
शॉन प्रिंटर्स
अतीकुर्रहमान-फैजुर्रहमान
पता (नहर पर, जामा मस्जिद के पश्चिम) लालगंज- आजमगढ़
हिंदी, उर्दू, अंग्रेजी व अरबी जबान में छपाई का एकमात्र केंद्र

सम्बद्धता क्रमांक: 2133651 स्कूल कोड: 71775
महादेवी हायर सेकेण्डरी स्कूल
सी.बी.एस.ई. (10+2), नई दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
अंग्रेजी माध्यम, सह-शिक्षा
विज्ञान, वाणिज्य एवं मानविकी वर्ग
नये वर्ष की हार्दिक शुभकामनाएं 2023
नर्सरी से कक्षा 12 तक
व्यवसायिक शिक्षा के लिए सुविधा जैसे
प्रवेश प्रारम्भ 2023-24
नवीन शैक्षणिक सत्र
सम्पर्क सूत्र
तिवारीपुर, सिधारी, मऊ रोड, आजमगढ़ | 9170710474, 9473933837
Website: www.mahadevischool.in | E-mail: mhss.azamgarh@gmail.com

# मुठभेड़ में आरोपी को पुलिस ने दबोचा

सफलता

## गोवंश व तस्करी में प्रयुक्त वाहन बरामद

जनसंदेश न्यूज

**मीरजापुर।** पिकअप वाहन से गो-तस्करी करने वाला आरोपी पुलिस मुठभेड़ में गिरफ्तार, कब्जे से अवैध तमंचा मय कारतूस तथा 07 राशि गोवंश व तस्करी में प्रयुक्त वाहन बरामद किया गया। पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार मिश्रा द्वारा जनपद में अपराध की रोकथाम एवं अपराधियों के विरुद्ध तथा गो-तस्करी करने वालों के विरुद्ध अभियान चलाकर प्रभावी कार्यवाही करने के लिये जनपद के समस्त प्रभारी निरीक्षक, थानाध्यक्षों को निर्देश दिये गये है।

शनिवार को प्रभारी निरीक्षक थाना लालगंज-ज्ञानू प्रिया मय पुलिस बल द्वारा प्राप्त मुखबिर की सूचना के आधार पर थाना लालगंज क्षेत्र से पिकअप पर लादकर वध हेतु ले जाये जा रहे गो-तस्कर को रोकने का प्रयास किया गया तो वाहन से कूद कर दो व्यक्ति भागने का प्रयास किये। थाना लालगंज पुलिस बल द्वारा इन्हे घेरकर पकड़ने का प्रयास किया गया तो एक व्यक्ति अन्धेरे का फायदा उठाकर भागने में सफल रहा तथा दूसरा व्यक्ति गिरफ्तारी से बचने हेतु अपने पास लिए असलहे से पुलिस टीम पर जान से मारने की नीयत से फायर कर दिया।

पुलिस द्वारा अपना बचाव करते हुए अभियुक्त को मौके पर गिरफ्तार किया गया। जिसने पूछताछ में अपना नाम पता पप्पू यादव पुत्र रामनरेश यादव निवासी बैरगाढ़ थाना चकरघट्टा जनपद चन्दौली बताया। गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे से एक अवैध तमंचा 315 बोर मय एक खोखा व एक जिंदा कारतूस बरामद किया गया।

मौके पर पुलिस द्वारा पिकअप वाहन की तलाशी ली गयी तो तस्करी हेतु क्रूरता पूर्वक बांधकर लादे गये 07 राशि गोवंश(03 राशि गाय व 04 राशि बैल) बरामद हुए। उक्त गिरफ्तारी, बरामदगी व पुलिस मुठभेड़ के सम्बन्ध में थाना लालगंज पर धारा 3/5ए/8 गोवध निवारण अधिनियम व 11 पशु क्रूरता अधिनियम, धारा 3/25 आयुध अधिनियम पंजीकृत कर नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही करते हुए गिरफ्तार अभियुक्त को जेल भेजा गया तथा फरार अन्य गो-तस्कर की गिरफ्तारी हेतु टीमें प्रयासरत है। गो-तस्करी में प्रयुक्त पिकअप वाहन का वैध कागजाद प्रस्तुत न करने पर अन्तर्गत धारा 207 एमवी एक्ट में सीज किया गया ।

# एसपी सिटी ने किया विंध्य क्षेत्र का निरीक्षण



मेला क्षेत्र का निरीक्षण करते एसपी सिटी

**मीरजापुर।** नव वर्ष को मद्देनजर एसपी सिटी श्रीकांत प्रजापति ने विंध्य क्षेत्र का निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। शनिवार की दोपहर नए वर्ष के मद्देनजर विंध्याचल क्षेत्र में मां विंध्यवासिनी के दर्शन के मद्देनजर आने वाली दर्शनार्थियों की भीड़ को देखते हुए एसपी सिटी श्रीकांत प्रजापति ने विंध्य क्षेत्र का निरीक्षण किया। जिसके बाद नव वर्ष के मद्देनजर अपने मातहतों को निर्देश दिया कि आने वाले दर्शनार्थियों को किसी प्रकार की कोई दिक्कत नहीं होनी चाहिए। निरीक्षण के दौरान पुलिस अधिकारियों के साथ पुलिस बल मौके पर मौजूद रहे।

## छत का टिन शेड काटकर संप्रेक्षण गृह से भाग निकले तीन बाल अपचारी

**मीरजापुर।** जिले में स्थित राजकीय सम्प्रेक्षण गृह (किशोर) मोर्चा घर में बंद तीन बाल अपचारी भाग गए। बाल सुधार गृह में बंद तीनों बाल अपचारी छत का टीन शेड काटकर संपेक्षण गृह से भाग निकले। चोरी और छेड़खानी के मामले में तीनों आरोपी बंद थे। घटना की जानकारी के बाद एसपी ने टीम बनाकर तीन बाल अपचारी में दो को हिरासत में ले लिया है, जहां एक कि तलाश जारी है।

### तीन किशोर के फरार होने से मचा हड़कंप

जिले में बाल संप्रेषण गृह से तीन बाल अपचारियों के फरार होने से हड़कंप मच गया। शनिवार की सुबह तीनों बाल अपचारी संप्रेषण गृह के छत का टीन सेड तोड़कर फरार हो गए। बाल संप्रेषण गृह मोर्चाघर में दो चोरी और एक छेड़खानी के आरोप में बाल सुधार गृह में बाल अपचारी के तौर पर रखा गया था, लेकिन आज सुबह 6 बजे तीनों बाल अपचारी बंदी गृह में मौजूद शौचालय का टीन शेड तोड़कर फरार हो गए।






## संक्षेप

### मैसर्स प्रियांशु स्टोन की लोक सुनवाई संपन्न



सुनवाई करते सीआरओ

**अहरौरा।** धुरिया क्षेत्र में स्थित प्राथमिक विद्यालय में मेसर्स प्रियांशु स्टोन वर्क्स प्रस्तावक बजरंग बली सिंह की लोक सुनवाई में भू राजस्व विभाग के एडीएम सत्यप्रकाश सिंह, प्रदूषण विभाग के डॉ. टी. एन. सिंह ने क्षेत्र के ग्रामीणों धूरियां गाँव में प्राथमिक विद्यालय पर शनिवार को लोक सुनवाई का आयोजन किया गया। जिसमें एडीएम भू राजस्व सत्यप्रकाश सिंह ने लोक सुनवाई करते हुए बताया कि एक लाख रुपये धुरिया ग्राम सभा में विकास कार्य हेतु प्रतिवर्ष दिया जाएगा। और ग्राम सभा में 801 पेड़ लगाया जायेगा। गाँव में सोलर लाईट की भी व्यवस्था कराई जाएगी। लोक सुनवाई में ग्रामीणों ने बताया कि मेसर्स प्रियांशु स्टोन वर्क्स प्रस्तावक श्री बजरंग बली सिंह के तरफ से पानी का छिड़काव, शौचालय, आदि कार्यों भलीभांति हमेशा किया जाता है। इस दौरान डॉ शैलेन्द्र कुमार सिंह, सत्यप्रकाश यादव, जीतेन्द्र पटेल, विजय यादव, अरुण दुबे, प्रहलाद पटेल के साथ सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित रहे।

### गीत संगीत व जादू के माध्यम से किसानों को किया जागरूक

**हलिया।** शनिवार को नाबार्ड द्वारा एक दिवसीय वित्तीय साक्षरता कार्यक्रम में लोकगीत एवं जादूगरी के माध्यम से समितियों पर पहुँच कर लोगों को जागरूक किया गया। साधन सहकारी समिति सिकटा महुगढ, बरी एवं हलिया के प्रांगण में डिस्ट्रिक्ट कोआपरेटिव बैंक लिमिटेड इलाहाबाद के तत्वावधान में समित पर मौजूद कृषकों को संगीत, जादू के माध्यम से समितियों से मिलने वाली सुविधा बिना बंधक के मात्र 3% की दर से कृषि केसीसी ऋण, इफको खाद पर प्रत्येक बोरी पर 4 हजार दुर्घटना बीमा योजना, मात्र 9 रुपए 40 पैसे में जनता दुर्घटना बीमा, प्रधानमंत्री फसल बीमा, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा, आदि सहित 12 बिंदुओं पर गीत जादूगरी व नुक्कड़ नाटक के माध्यम से किसानों को जागरूक किया। इस दौरान प्रशिक्षक शशिबाला श्रीवास्तव, सचिव अजय कुमार सिंह, दीपचंद्र विश्वकर्मा, विनोद शुक्ल, लल्लन तिवारी, सत्यनारायण तिवारी, श्याम नारायण तिवारी आदि किसान मौजूद रहे।

### आज से शुरू होगा राज्यस्तरीय फुटबॉल प्रतियोगिता

**कछवां।** आदर्श नगर पंचायत क्षेत्र में स्थित कछवां स्पोर्टिंग क्लब ग्राउंड पर हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी पांच दिवसीय राज्य स्तरीय फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन बड़े ही हर्षोल्लास के साथ रविवार से किया जा रहा है। प्रदेश स्तरीय फुटबॉल प्रतियोगिता में लखनऊ, दिल्ली, झारखंड, मुंबई समेत दर्जनों राज्य की टीमें प्रतिभाग करती हैं। वही हर वर्ष एक जनवरी से शुरू होकर पांच जनवरी तक आयोजित होने वाले पांच दिवसीय ऐतिहासिक फुटबॉल प्रतियोगिता को देखने के लिए दूरदराज से करीब हजारों दर्शकों की भीड़ भी मौजूद रहती है।

### कोल्ड डायरिया से महिला की मौत

**राजगढ़।** स्थानीय क्षेत्र के एक गांव में अपने बुआ के यहां आई एक पैंतालीस वर्षीय महिला की कोल्ड डायरिया की चपेट में आने से मौत हो गई। इस घटना से परिजनों में हड़कंप मच गया और परिवार के लोग सदमे में हैं। जानकारी के अनुसार सोनभद्र जनपद के करमा थाना क्षेत्र अन्तर्गत सिरसिया ठकुराई ग्राम पंचायत के बेलहवां गांव निवासी तेजबली की पैंतालीस वर्षीय पत्नी सविता की तबियत दो दिन पूर्व खराब हो गई। जिसके इलाज के लिए सविता स्थानीय थाना क्षेत्र के ददरा गांव में अपनी बुआ पार्वती पत्नी बसन्तु के यहां इलाज कराने के लिए आई थी। शनिवार की सायं चार बजे उसकी तबियत अचानक गम्भीर हो गई। आनन-फानन में परिजनों द्वारा उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र राजगढ़ में भर्ती कराया गया जहां पर परिक्षण के बाद चिकित्सकों द्वारा उसे मृत घोषित कर दिया गया।

### अलाव तापते समय युवती झुलसी

**राजगढ़।** सक्तेशगढ़ पुलिस चौकी क्षेत्र अन्तर्गत शनिवार की सुबह अलाव तापते समय एक सत्रह वर्षीय लड़की झुलस गई और उसकी हालत गंभीर हो गई। जानकारी के अनुसार शनिवार की सुबह चुनार थाना क्षेत्र के सक्तेशगढ़ निवासी जवाहिर की सत्रह वर्षीय पुत्री शालू अपने घर के बाहर ठंड से बचने के लिए अलाव ताप रही थी कि इसी दौरान अकस्मात उसके कपड़े में आग लग गई।

## अधिवक्ता समिति के चुनाव में अध्यक्ष पद पर पप्पू लाल सिंह हुए निर्विरोध

**कलवारी।** स्थानीय तहसील मड़िहान में अधिवक्ता समिति का शनिवार को चुनाव संपन्न हुआ। जिसमें अध्यक्ष पद पर निर्विरोध पप्पू लाल सिंह चुने गए। कुल 112 मत में 105 मत पड़ा। वही महामंत्री पद पर चुनाव कराया गया जहां अर्जुन पटेल 60 मत पाकर विजयी हुए। प्रतिद्वंदी कमलेश कुमार पाठक को 45 मत मिले। जीते हुए प्रत्याशियों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। वही निर्बिरोध वरिष्ठ उपाध्यक्ष कुंज बिहारी सिंह, कोषाध्यक्ष शैलेश कुमार मिश्र, कनिष्ठ उपाध्यक्ष राम नारायण यादव, वरिष्ठ कार्यकारिणी सदस्य आनंत राव, पुस्तकालय रामकुमार, सूचना मंत्री रामनरेश, संयुक्त मंत्री अजय भारती पद निर्विरोध हुए। चुनाव अधिकारी अधिवक्ता रामधनी सिंह, शिवप्रसाद, ओंकार नाथ सिंह, अरविंद द्विवेदी रहे। अधिवक्ता श्रवण कुमार सिंह, रामकेश सिंह, चंद्रशेखर सिंह मौर्य, सत्य प्रकाश त्रिपाठी, राजेश चौबे, प्रशांत मिश्रा, राजेंद्र गुप्ता, करुणा शंकर, अगस्त ऋषभ केसरी, रामकुमार, विनोद मोदनवाल उपस्थित रहे। प्रशासन के मौजूदगी में चुनाव संपन्न कराया गया।

# 25 हजार का इनामिया गैंगस्टर गिरफ्तार



पत्रकारों को जानकारी देते सीओ सदर

**मीरजापुर।** पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार मिश्रा द्वारा जनपद में अपराध की रोकथाम एवं अपराधियों, वांछित, पुरस्कार घोषित अभियुक्तों की गिरफ्तारी करते हुए उनके विरूद्ध प्रभावी कार्यवाही करने हेतु जनपद के समस्त थाना प्रभारी निरीक्षक, थानाध्यक्षगण को निर्देश दिये गये है। उक्त निर्देश के अनुक्रम में शनिवार को प्रभारी निरीक्षक थाना पड़री माधव सिंह मय पुलिस टीम द्वारा प्राप्त मुखबिर की सूचना के आधार पर थाना पड़री पर धारा 3(1) उ0प्र0 गिरोहबन्द समाज विरोधी क्रियाकलाप (निवारण) अधिनियम से सम्बन्धित 25 हजार के ईनामियां अभियुक्त विनय कुमार यादव पुत्र राम प्रसाद यादव निवासी चौहानपट्टी थाना पड़री मीरजापुर को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार आरोपी के विरूद्ध नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही करते हुए जेल भेजा गया है। गिरफ्तार आरोपी पेशेवर एवं शातिर किस्म का वाहन चोरी करने का अभ्यस्त अपराधी हैं। जिसके विरूद्ध मीरजापुर व प्रयागराज में चोरी सहित अन्य धाराओं में कई अभियोग पंजीकृत है। मीरजापुर पुलिस द्वारा पूर्व में गिरफ्तार कर कब्जे से चोरी की 13 मोटर साइकिल भी बरामद की जा चुकी है।

## सेवानिवृत्त सात पुलिसकर्मियों को दी गई विदाई

**मीरजापुर।** पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार मिश्रा द्वारा पुलिस कार्यालय में पुलिस विभाग में निरन्तर सेवा प्रदान करते हुए अपनी अधिवर्षता आयु पूर्ण कर सेवानिवृत्त होने वाले 07 पुलिसकर्मियों मुख्य अग्निशमन अधिकारी सुरेन्द्र चौबे, उ0नि0ना0पु0 जयप्रकाश राम, उ0नि0स0पु0 वीरेन्द्र सिंह यादव, उ0नि0ना0पु0 विनोद कुमार सिंह, उ0नि0ना0पु0 रामप्यारे सिंह, उ0नि0ना0पु0 रामाज्ञा चौबे, उ0नि0ना0पु0 मिथलेश कुमार सिंह को विदाई दी गयी।

इस दौरान पुलिस अधीक्षक द्वारा सेवानिवृत्त होने वाले पुलिसकर्मियों से सेवाकाल के अनुभव के विषय में जानकारी कर विदाई समारोह में पुलिसकर्मियों को पुष्प माला पहनाकर, अंग वस्त्र भेंट करते हुए प्रशस्ति पत्र देकर हर सम्भव मदद का भरोसा दिया गया तथा उनके सुखद, सफल एवं आनन्दमय भावी जीवन की कामना की गयी। उक्त अवसर पर प्रतिसार निरीक्षक पुलिस लाइन सहित अन्य अधिकारी, कर्मचारीगण उपस्थित रहे।






# मीरजापुर का लाल विदेश में सम्मानित

बधाई

## यह सम्मान मेरा नहीं सनातन धर्म का है

जनसंदेश न्यूज



मानद डॉक्टरेट उपाधि लेते मुकेश

**राजगढ़।** क्षेत्र के कोन भरुहवां गांव निवासी ने गांव घर ही नहीं बल्कि पूरे क्षेत्र सहित जनपद का नाम उच्च शिखर पर पहुंचा दिया। उनको शिक्षा एवं संस्कृति के बल पर दक्षिण अफ्रीका स्थित, माइल्स नेतृत्व विश्वविद्यालय के द्वारा मानद डॉक्टरेट उपाधि से सम्मानित किया गया। विश्वविद्यालय के कुलपति, के रवि आचार्या जी द्वारा यह मानद डॉक्टरेट उपाधि भारत के सात लोगों को प्राप्त हुआ है।

जिसमें सनातन और ज्योतिष के क्षेत्र में सेवा करने वाले आचार्य मुकेश तिवारी को, 1 लाख मन्दिर के जीणोर्धार का संकल्प लेना ही नही अपितु कर दिखाने वाले रमन त्रिपाठी जी को, एग्रीकल्चर के क्षेत्र में आनंद जी को, स्मिता जी को, और सेवा के क्षेत्र में कार्य करने वाले राकेश विश्वकर्मा को दिया गया। कुलपति रवि आचार्या ने बताया यह सम्मान किसी भी क्षेत्र में सर्वश्रेष्ठ कार्य करने वाले व्यक्ति को मिलता है। आचार्य मुकेश ने बताया यह सम्मान मेरा नही यह सम्मान तो मेरे माता पिता का है, यह सम्मान तो सनातन धर्म का है। यह सम्मान तो ज्योतिष जगत का है किसी भी सम्मान को प्राप्त करने के बाद और भी आप की ऊर्जा आप का उत्साह और आप की जिम्मेदारी बड़ जाती है, आचार्य शुकेश ने सभी डॉक्टरेट उपाधि प्राप्त करने वाले को बधाई दी। इस कार्यक्रम में साजन सिंह, उत्कर्ष श्रीवास्तव, डॉक्टर प्रीति, प्रकाश, हिमांशु, अविषेक और भी गणमान्य उपस्थित रहे।

# डॉ. रमाशंकर जिला मंत्री, सत्यभूषण अध्यक्ष निर्वाचित

कार्यक्रम

## उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ का सम्मेलन सम्पन्न

## चुनाव अधिकारी ने कराया शपथ ग्रहण

जनसंदेश न्यूज



चयन के बाद बधाई देते शिक्षक नेता

**मीरजापुर।** डॉ. रमा शंकर शुक्ल उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ के जिलामंत्री तथा सत्यभूषण सिंह जिलाध्यक्ष चुने गए। शिवलोक श्रीनेत महाविद्यालय पढ़ाई में आयोजित दो दिवसीय जनपदीय सम्मेलन में अंतिम दिन शनिवार को जिले की कार्यकारिणी का चुनाव जिला निर्वाचन अधिकारी सुशील मिश्र की देखरेख में संपन्न हुआ। इस मौके पर वर्ष 2023 में सेवानिवृत्त होने वाले शिक्षकों और प्रधानाचार्य का सम्मान किया गया।

साथ ही नए शिक्षकों का भी स्वागत किया गया। जिला कार्यकारिणी में रश्मि, अजय कुमार मिश्र, महेंद्र कुमार सोनकर, अवधेश कुमार सिंह, अखिलेश कुमार सिंह, भुवनेश्वर प्रसाद पांडे जिला उपाध्यक्ष निर्वाचित किए गए।

विवेक सिंह, राकेश कुमार सिंह, लाल बहादुर सिंह, ओमप्रकाश, वंदना संयुक्त मंत्री पद पर विजई रही। कोषाध्यक्ष पद पर डॉ0 धर्मराज सिंह तथा आय-व्यय निरीक्षक उमाकांत चुने गए। इसके अलावा जिला कार्यकारिणी में कमलेश कुमार, पंकज कुमार, मिथिलेश सिंह, प्रकाश सिंह, शैलेंद्र सिंह, डॉ प्रमोद कुमार पाठक, अवधेश कुमार पांडेय, नरसिंह राम, विजय कुमार श्रीवास्तव, राजकुमार सिंह, मनोज कुमार सिंह, पुनीत कुमार सिंह, संदीप सिंह पटेल, राधाकांत त्रिपाठी सदस्य चुने गए। इस मौके पर प्रदेशीय प्रतिनिधियों का भी चयन किया गया, जिसमें मंडलीय अध्यक्ष केदारनाथ दुबे, गणेश प्रसाद सिंह, रमाकांत सिंह, जितेंद्र बहादुर सिंह, बलवंत सिंह, कौशल सिंह, अंतेश सिंह, भुवनेश्वर पांडेय, मिथिलेश कुमार सिंह, मारकंडेय सिंह, अरविंद दुबे, लक्ष्मीकांत यादव शामिल हैं। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मंडल अध्यक्ष केदारनाथ दूबे ने निर्वाचित कार्यकारिणी को बधाई देते हुए श्रेष्ठ प्रदर्शन की शुभकामना दी। अध्यक्षता मण्डलीय मंत्री गणेश प्रसाद सिंह तथा संचालन पूर्व जिला मंत्री बलवंत सिंह ने किया। विद्यालय के ट्रस्टी डॉ0 सन्तोष कुमार सिंह व डॉ0 मधुलिका सिंह ने आभार प्रकाशन किया।

## मतदाता सूची के प्रकाशन के बाद बढ़ी चुनावी सरगर्मी

**लालगंज।** विंध्य युवा अधिवक्ता समिति वर्ष 2023 समिति के चुनाव को लेकर समिति के वैध मतदाता सूची का प्रकाशन कर दिया गया। मतदाताओं की सूची प्रकाशित होते ही अधिवक्ताओं में चुनाव लड़ने को लेकर गहमागहमी का माहौल बन गया। समित के चुनाव का पर्चा दाखिला 2 एवं 3 जनवरी को किया जाएगा। 6 जनवरी को चुनाव कराया जाएगा। उसी दिन देर सायं परिणाम भी घोषित किया जाएगा। इस आशय की जानकारी सहायक चुनाव अधिकारी अनिल कुमार मौर्य एडवोकेट ने दिया। चुनाव को लेकर अधिवक्ताओं के बीच गहमागहमी का माहौल बन गया हालांकि अभी अध्यक्ष पद से एक ही नाम आ रहा है चर्चा के दौरान यह भी आ रहा है कि अध्यक्ष पद के लिए कुछ नाम गोपनीय है जो 2 जनवरी के पहले प्रकाश में आ जाएंगे। अध्यक्ष पद के उम्मीदवार अखिलेश मिश्रा समिति के सभी अधिवक्ताओं के बीच अपना चुनाव प्रचार तेज कर दिए है।

















# घर में सो रहे व्यापारी की गला रेतकर हत्या

सनसनी

### सदर कोतवाली क्षेत्र के बभनौली गांव का मामला जांच में जुटी पुलिस

**सोनभद्र।** सदर कोतवाली क्षेत्र के बभनौली गांव में चंडी तिराहे के समीप शुक्रवार की रात अज्ञात बदमाशों ने धारदार हथियार से व्यापारी के गर्दन पर वार कर हत्या कर दिया।

घटना की जानकारी मिलते ही अपर पुलिस अधीक्षक, सीओ समेत अन्य अधिकारी मौके पर पहुंचकर शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज मामले की जांच पड़ताल में जुट गई। बताया गया कि शनिवार की सुबह बृजेश पांडे उर्फ दीपू पांडे 40 पुत्र स्वर्गीय धर्मेंद्र पांडे का खून से लथपथ चारपाई पर शव मिला। बुड़हर कला निवासी दीपू वर्तमान में चंडी तिराहा बभनौली अपने मकान में रहते थे। बभनौली में ही उनकी लकड़ी का टाल है। टाल और मकान एक ही परिसर में है। बरामदे में चारपाई पर खून से लथपथ शव को देख परिजन सन्न रह गए।

उसके गर्दन पर धारदार हथियार से कई वार किए गए थे। घटना की जानकारी मिलते हैं फोर्स के साथ कोतवाल बालमुकुंद मिश्रा, चौकी प्रभारी संजय सिंह मौके पर पहुंच गए। कुछ ही देर बाद अपर पुलिस अधीक्षक विजय शंकर मिश्रा, सीओ राहुल पांडे भी घटनास्थल पहुंच कर जांच-पड़ताल करने में जुट गए। घटना के वक्त दूसरे कमरे में मृतक की पत्नी आराधना अपने दो बेटी और एक बेटे के साथ सो रहे थी। उधर मामले की जानकारी होने पर सदर विधायक भूपेश चौबे, भाजपा जिला अध्यक्ष अजीत चौबे, पूर्व चेयरमैन विजय जैन समेत अन्य नेता भी मौके पहुंच गए। एएसपी का कहना है कि हत्या कैसे हुई इसका जल्द खुलासा कर दिया जाएगा।

### नाबालिग को भगाने के मामले में मुकदमा दर्ज

**ओबरा।** स्थानीय कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत एक टोले से एक नाबालिग को बहला फुसलाकर भगा ले जाने का मामला प्रकाश में आया है। मामले में पुलिस ने मुकदमा पंजीकृत कर आरोपी की तलाश शुरू कर दिया है। थाने में दी गयी तहरीर में पीड़िता के पिता ने बताया कि पड़ोस में रहने वाला युवक जयराम निवासी ग्राम पंचायत परसोई बीते 25 दिसंबर को मेरी नाबालिग पुत्री से शादी करने की नीयत से बहला-फुसलाकर भगा ले गया है। वहीं पुलिस ने पीड़िता के पिता की तहरीर पर युवक के खिलाफ संगत धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर आरोपी की तलाश शुरू कर दिया है।

## डीएम, एसपी ने दी जनपदवासियों को नववर्ष की बधाई

**सोनभद्र।** जिलाधिकारी चन्द्र विजय सिंह व पुलिस अधीक्षक डा. यशवीर सिंह ने जनपद वासियों को नव वर्ष की पूर्व संध्या पर हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं दी है। उन्होंने कहा कि नया साल राष्ट्र प्रेम, आपसी भाईचारा एवं सुख समृद्धि लाए, साथ ही नये साल में जनपद को अधिक सम्पन्नता एवं प्रगति भी दिलाये। उन्होंने अपील किया है कि नव वर्ष की पूर्व संध्या पर एवं नये साल को शांतिपूर्ण ढंग से मनायें और शान्ति व्यवस्था को भी बनाये रखने में सहयोग करें। यह जनपद महत्वाकांक्षी जनपद होने के नाते भारत सरकार एवं प्रदेश सरकार द्वारा तमाम विकास कार्य कराये जा रहे हैं, शिक्षा एवं स्वास्थ्य के क्षेत्र में विशेष फोकस किया जा रहा है, इससे निश्चित ही जनपद का चौमुखी विकास होगा। सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं से कोई भी गरीब असहाय एवं पात्र व्यक्ति छूटा न रह जाए, इस पर विशेष बल दिया जा रहा है।

## डाला नपं के दो वर्ष पूर्ण, शहीदों को दी गयी श्रद्धांजलि


शहीद स्थल पर मोमबत्ती जलाती ईओ देवहूती पांडेय

**डाला।** नगर पंचायत डाला बाजार के दो साल पूरे होने पर अधिशासी अधिकारी देवहूती पांडेय ने शनिवार की सुबह शहीदों को माल्यार्पण कर कार्यालय पर दस वरिष्ठजनों को शाल भेंटकर सम्मानित करते हुए सफाई कर्मचारियों को भी सम्मानित किया। ईओ ने बताया कि नगर पंचायत बने दो साल पूरा हो गया है, पहले की अपेक्षा मलिन बस्ती, लक्ष्मण नगर, नई बस्ती अन्य जगहों पर कवर्ड नाली, सड़क और रबर मोल्ड खड़ंजा का जाल बिछ गया है। नगर पंचायत के विभिन्न जगहों पर और कार्य की आवश्यकता है, जिसे जल्द ही पूरा कराया जाएगा। नगर पंचायत के अन्तर्गत शहीद स्थल पर दर्जनों खाली गमलों पर पौधे भी रोपित किए गए। वहीं वरिष्ठ बृद्धों द्वारा नगर पंचायत कार्यालय पर केक काटा गया। इस मौके पर भैरव जायसवाल, हनुमान सिंह, ह्रदय नारायण तिवारी, लक्ष्मण कुशवाहा, मुकेश जैन, धीरेन्द्र प्रताप सिंह सोनू, महेश सोनी, ऋषि यादव, अंकित पाण्डेय समेत दर्जनों लोग मौजूद रहे।

## संक्षेप

### सेक्टर व बूथ को करेंगे मजबूत: बी सागर



**सोनभद्र।** बहुजन समाज पार्टी के नवनियुक्त जिलाध्यक्ष बी सागर ने कहा कि आगामी निकाय चुनाव व 2024 के लोक सभा चुनाव को देखते हुए सेक्टर व बूथ को मजबूत किया जायेगा। संगठन में 50 प्रतिशत युवाओं को जगह दी जायेगी। ताकि आगामी चुनावों में पार्टी मजबूती से अपनी दावेदारी पेश कर सके। कहा कि पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष बहन मायावती को देश का प्रधानमंत्री बनाने के लिए संगठन को मजबूत करना जरूरी है। ताकि भाजपा की जनविरोधी सरकार को सत्ता से हटाया जा सके।

### दुर्व्यवहार मामले में ईओ ने दी तहरीर

**ओबरा।** नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी अमित कुमार सिंह द्वारा स्थानीय थाने में तहरीर देकर कार्यवाही की मांग किया है। तहरीर के अनुसार ईओ श्री सिंह ने बताया कि बीते 30 दिसंबर की रात्रि वाहन संख्या यूपी 64 ए टी 4601 पर प्रतिबंधित प्लास्टिक की नगर में आपूर्ति की सूचना मिली। सूचना मिलते ही चूड़ी गली सिनेमा रोड के समीप उक्त वाहन पर लदे 500 किलोग्राम प्रतिबंधित प्लास्टिक को नगर पंचायत कर्मियों द्वारा रोक लिया गया। साथ ही प्लास्टिक लदे वाहन को थाने पर ले जाने का प्रयास किया जा रहा था। इसी दौरान कुछ लोगों द्वारा नगर पंचायत कार्यालय के कर्मचारियों को घेर लिया गया तथा नगर पंचायत कर्मियों से अभद्रता करते हुए जबरन वाहन पर लदे प्रतिबंधित प्लास्टिक को उतार लिया गया। कर्मचारियों द्वारा मना करने पर उन्हें मारने की धमकी दी जाने लगी। बताया कि उक्त व्यक्तियों द्वारा सरकारी कार्य में बाधा पहुंचाई गई है। उनके खिलाफ मुकदमा पंजीकृत कर कार्यवाही सुनिश्चित की जाए।

### अभियान चला बच्चों को बालश्रम से कराया मुक्त

**सोनभद्र।** डीएम चन्द्र विजय सिंह व पुलिस अधीक्षक डा. यशवीर सिंह के निर्देश पर थाना एएचटीयू, श्रम विभाग व जिला बाल संरक्षण इकाई की संयुक्त टीम द्वारा थाना पन्नूगंज व रामपुर बरकोनिया क्षेत्र में होटल, ढाबों, ऑटो पाट्र्स गैराजों आदि जगहों पर बालश्रम उन्मूलन अभियान की सघन चेकिंग चलायी गयी। इस दौरान बाल श्रमिकों को बाल श्रम से मुक्त करवाकर नियोक्ता के विरुद्ध वैधानिक कार्यवाही करते हुए निरीक्षण नोट जारी किया गया। अभियान में लोगों को बालश्रम न कराने हेतु जागरूक किया गया। साथ ही उनके बेहतर भविष्य के लिए स्कूली शिक्षा पर बल देते हुए लोगों से अपील की गई। अभियान में श्रम प्रवर्तन अधिकारी सुयश पाण्डेय, रामजी यादव, धनंजय यादव, अमन द्विवेदी, शेषमणि दुबे शामिल रहे।

### विज्ञान प्रदर्शनी में मॉडल प्रस्तुत कर बच्चों ने दिखायी प्रतिभा

**सोनभद्र।** मां वैष्णो माडर्न पब्लिक स्कूल राबट्र्सगंज में बच्चों में वैज्ञानिक सोच विकसित करने के उद्देश्य से शनिवार को विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। प्रदर्शनी में प्री-नर्सरी से कक्षा ग्यारहवीं तक के विद्यार्थियों ने अपने मॉडल प्रदर्शित करते हुए अपनी प्रतिभा दिखायी। प्रधानाचार्य सत्य देव कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि प्रदर्शनी का आयोजन सीबीएसई की बच्चों में वैज्ञानिक सोच विकसित करने के लिए करके सीखो नीति पर किया गया। बच्चों में वैज्ञानिक सोच विकसित करने और उनका विज्ञान के प्रति आकर्षण बढ़ाने के लिए यह जरूरी है कि उनको वैज्ञानिक गतिविधियों में प्रतिभाग कराया जाये। उन्होंने बताया कि प्रदर्शनी में छात्र-छात्राओं ने आवर्त सारिणी के गुण, विद्युत चुंबकीय प्रेरण, श्रेणीक्रम व समांतरक्रम में प्रतिरोध, कार्बन के अपरूप, खाद्य श्रृंखला, ऊर्जा संरक्षण, विभिन्न प्रकार के चतुर्भुज मॉडल आदि प्रदर्शित कर उनके बारे में जानकारी दी। प्रबंधक रमाशंकर दूबे ने विद्यार्थियों का मनोबल बढ़ाया। उन्होंने अध्यापिकाओं और अभिभावकों के मार्गदर्शन की सराहना की। विज्ञान प्रदर्शनी में आरती, नैन्सी, नाहिदा, सौम्या, अनुष्का, अंश पति त्रिपाठी, अनमोल, सौम्या, भव्या, जान्हवी, प्रियांशी, सक्षम श्रीवास्तव, पिहू श्रीवास्तव, निशिका, रूचि, कीर्ति आदि छात्र-छात्राओं ने अपने स्थैतिक एवं सजीव गतिक मॉडल प्रदर्शित कर सभी को प्रभावित किया। इसे सफल बनाने में शिक्षक एवं शिक्षिकाओं का योगदान रहा। इस अवसर पर संजय कुमार पाण्डेय, ऋचा पाण्डेय, विशेष पाठक, अमित पटेल, अमित त्रिपाठी, सतीश चन्द्र मिश्रा, अमित चतुर्वेदी, निगम, प्रियंका शुक्ला, विनय केशरी, जय प्रकाश सिंह आदि उपस्थित रहे।

### क्षेत्र पंचायत म्योरपुर की बैठक दो जनवरी को

**म्योरपुर।** स्थानीय ब्लाक पसिर में क्षेत्र पंचायत की बैठक दो जनवरी को सुबह ग्यारह बजे से आहुत की गई है। बैठक में मनरेगा, चौदहवां वित्त आयोग, केंद्रीय वित्त आयोग, ग्रामीण आजीविका मिशन, प्रधानमंत्री आवास, मुख्यमंत्री आवास, कृषि, पशुपालन, विद्युत व्यवस्था संबंधी विषयों पर विचार कर विकास संबंधी योजनाओं पर चर्चा की जाएगी।

### टूर्नामेंट में बलिया को हरा वाराणसी टीम विजेता

**दुद्धी।** स्थानीय क्रीडांगन मैदान पर चल रहे 3 वां अन्तरार्जीय टूनार्मेंट में शनिवार का मैच वाराणसी व बलिया के बीच खेला गया। टास जीतकर वाराणसी की टीम ने पहले क्षेत्ररक्षण करने का फैसला किया। 20 ओवरों के मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए बलिया की टीम ने 15 ओवर 2 बॉल में 10 विकेट खोकर 98 रन बनायी। जिसमें हेमंत ने 33 रन, आदित्य ने 16 रन, मोनू ने 16 रन बनाए। गेंदबाजी करते हुए वाराणसी के गेंदबाज आकाश ने 3.2 ओवर में 8 रन देकर 5 विकेट और बृजेश ने 4 ओवर में 19 रन देकर 4 शानदार विकेट अर्जित किया। बल्लेबाजी करते हुए वाराणसी की टीम 8.5 ओवर में 99 रन 5 विकेट खोकर बनायी। आशुतोष ने 42 रन, अरुण यादव ने 34 रन, शिवम ने 8 रन बनाए। गेंदबाजी करते हुए बलिया के गेंजबाज रजनीश ने 2.5 ओवर में 27 रन देकर 2 विकेट, शंभू ने दो ओवर में 12 रन देकर 1 विकेट और सुधांश ने 2 ओवर में 18 रन देकर 1 विकेट अर्जित किया। इस तरह से वाराणसी की टीम ने बलिया की टीम को 5 विकेट से पराजित किया। वाराणसी के खिलाड़ी आशुतोष को मैन ऑफ मैच घोषित कर मुख्य अतिथि सुरेंद्र अग्रहरी द्वारा सम्मानित किया गया। निर्णायक सुनील व आकाश सिंह रहे, स्कोरिंग निशांत व राहुल ने किया। कमेंट्री सुनील जायसवाल, वरुण जौहरी व इरफान ने किया।

### जर्जर सीढ़ी गिरने से मैच का आनन्द ले रहे दर्शक घायल

**दुद्धी।** स्थानीय टाउन क्रिकेट क्लब मैदान पर चल रहे क्रिकेट मैच का दर्शक दीर्घा में सीढ़ी पर बैठकर बीड़र के पूर्व प्रधान नारद आनंद ले रहे थे तभी सीढ़ी एकाएक गिर गई। जिससे वे 3 फीट नीचे गिरकर घायल हो गये। जिसपर उनको सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में भर्ती कराया गया। सीढी किसी जनप्रतिनिधि द्वारा दिया गया था, लेकिन ठेकेदार ने बिना मिट्टी भरवाये ही कम सरिया लगाकर सीढ़ी बना दिया। जिसका खामियाजा लोगों को भुगतना पड़ा। खेल मैदान की सीढ़ियां जानलेवा हो गई हैं। डीसीएफ चेयरमैन सुरेन्द्र अग्रहरि, टाउन क्रिकेट क्लब अध्यक्ष सुमित सोनी, सचिव जबी खां, गोरखनाथ ने जर्जर सीढ़ी का मुआयना कर भाजपा नेताओं ने उपजिलाधिकारी का ध्यान इस ओर आकृष्ट कराया है।

## गरीबों की सेवा मनुष्य का सबसे बड़ा धर्मः एसपी

अवसर

### पुलिस अधीक्षक ने सुदूर गांव परसोई में बांटा कंबल इमदाद पाकर खिले ग्रामीणों के चेहरे


जरूरतमंदों में कंबल बांटते एसपी डा. यशवीर सिंह

**ओबरा।** स्थानीय कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत रेणुका नदी पार ग्राम पंचायत परसोई के नवा टोला में एसपी डा. यशवीर सिंह ने शनिवार को जरूरतमन्दों में एक हजार कम्बल वितरित किया। कम्बल पाकर गरीब, असहायों के चेहरे खुशी से खिल उठे।वही पुलिस अधीक्षक श्री सिंह द्वारा असहाय लोगों को मच्छरदानी, गर्म टोपी, मोजा व मिष्ठान भी वितरत किया गया। इस दौरान पुलिस अधीक्षक ने स्थानीय लोगों से वार्ता करते हुए उनकी मूलभूत समस्याओं के बारे में जानकारी हासिल कर उनका हरसम्भव निराकरण कराये जाने का भरोसा दिलाया। साथ ही लोगों से अपील किया गया कि वह भयमुक्त होकर किसी के बहकावे में नहीं आते हुए मुख्य धारा में रहकर पुलिस एवं प्रशासन का सहयोग करें। पुलिस अधीक्षक ने स्थानीय पुलिस को भी जनता से मृदुल व्यवहार रखते हुए उनकी शिकायतों व समस्याओं का त्वरित एवं विधिक रूप से निस्तारण किये जाने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिये। इसके अतिरिक्त स्थानीय लोगों को बच्चों की शिक्षा पर विशेष ध्यान देते हुए उन्हें अच्छी शिक्षा उपलब्ध कराये जाने हेतु प्रेरित किया, ताकि उनको भविष्य में रोजगार के अवसर मिल सके। ग्रामीणों ने पुलिस विभाग के इस कार्य की सराहना किया। इस अवसर पर क्षेत्राधिकारी ओबरा शंकर प्रसाद, प्रभारी निरीक्षक मिथिलेश मिश्रा, वरिष्ठ पत्रकार नरेंद्र नीरव, व्यापार मंडल अध्यक्ष सुशील गोयल, नीरज भाटिया सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारीगण एवं स्थानीय सम्भ्रांत लोग मौजूद रहे।

### एसपी ने पर्यटक स्थलों का लिया जायजा, दिए निर्देश

**ओबरा।** नव वर्ष की पूर्व संध्या पर पुलिस अधीक्षक ने विभिन्न पर्यटक स्थलों, मन्दिरों व पिकनिक स्पॉट पर भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। उन्होंने कहा कि पैदल गस्त के अलावा पीआरबी, थाना सेकेन्ड मोबाईल निरंतर गश्त करेंगे। एसपी ने बताया कि बाइक व वाहन पर पुलिसकर्मी अराजकतत्वों की गतिविधियों की देखरेख हेतु लगाए गए हैं। सभी क्षेत्राधिकारी/थाना प्रभारी व चौकी प्रभारी निरन्तर भ्रमणशील रहकर नव वर्ष को सकुशल सम्पन्न करायें। इसके अतिरिक्त नक्सली संचरण पर प्रभावी रोकथाम रखने, दूरस्थ व पहाड़ी क्षेत्रों के निवासियों से समन्वय स्थापित रखने व जनता में सुरक्षा की भावना बनाये रखने के उद्देश्य से एसपी ने ओबरा क्षेत्र के जंगली इलाकों में पुलिस बल के सघन काम्बिंग की। काम्बिंग के दौरान स्थानीय लोगों की समस्याओं के बारे में जानकारी की गयी व उनके हर सम्भव निराकरण का भरोसा दिलाया गया। इस दौरान एसपी ने उन्हें मुख्य धारा में रहकर पुलिस का सहयोग करने व किसी तरह की संदिग्ध गतिविधि दिखने या नक्सली संचरण के विषय में जानकारी होने पर तत्काल पुलिस एवं स्थानीय प्रशासन को सूचना देने की बात कही।

प्रभव सर्जिकल फ्रैक्चर्स एण्ड आयुष सेन्टर
ॐ श्री श्याम देवाय नमः
न्यूरो ट्रामा सेन्टर उरमौरा, राबट्र्सगंज, सोनभद्र
हौसला साझेदारी (पुरुष एवं महिला नसबन्दी) से सम्बद्ध हास्पिटल
सभी प्रकार के आपरेशन, दूरबीन विधि द्वारा आपरेशन सी-आर्म मशीन युक्त हड्डी का सम्पूर्ण हास्पिटल।
समस्त जनपदवासियों को नव वर्ष 2023 की हार्दिक शुभकामनाएं
आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत सम्बद्ध हास्पिटल
डा. आर.डी. चतुर्वेदी (प्रबंधक)
मो.नं. 9455856765, 7007054374












समस्त जनपद वासियों को नव वर्ष 2023, मकर संक्रान्ति की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ



















2023 नववर्ष की हार्दिक शुभकामनाएं












# मंदिर पर मिला मुस्लिम युवक का शव

**सनसनी**

### पुलिस पर लगा हत्या का आरोप

### हिंदू युवती के साथ संबंध का मामला आ रहा है सामने

**अंजानशहीद (आजमगढ़)।** जीयनपुर कोतवाली क्षेत्र के अजमतगढ़ कस्बे में मंदिर पर मिले युवक के शव से सनसनी फैल गयी। युवक के शरीर पर चोट के निशान थे। परिजनों सहित स्थानीय लोग भारी संख्या में उपस्थित होकर हत्या के विरोध में विरोध प्रदर्शन करने लगे।



सड़क जाम कर प्रदर्शन करते लोग

जीयनपुर कोतवाली क्षेत्र के अजमतगढ़ कस्बे में मंदिर के पास एक मुस्लिम युवक आर्किटेक्ट का शव मिलने से सनसनी फैल गयी। घटना की सूचना मिलते ही परिजन व भारी संख्या में ग्रामीण पहुच गये और विरोध प्रदर्शन करने लगे। मौत की सूचना मिलते ही स्थानीय थाने की पुलिस पहुच गयी। स्थानीय लोगों के विरोध को देखते हुए भारी संख्या में पुलिस बल तैनात कर दिया गया। वही घंटों परिजन व सैकड़ों की संख्या में कस्बा के लोग शव को पुलिस को कब्जे में लेने से रोक रहे थे। इस दौरान पुलिस प्रशासन के विरुद्ध जमकर नारेबाजी की गयी चैकी इंचार्ज के विरुद्ध कार्रवाई व महिला की गिरफ्तारी को लेकर परिजन अड़े रहे। एसपी सिटी शैलेंद्र लाल द्वारा चैकी इंचार्ज लाल बहादुर बिंद के निलंबित व महिला की गिरफ्तारी की कार्रवाई के बाद गांव के लोग माने। जीयनपुर कोतवाली यादवेंद्र पांडेय ने शव को अपने कब्जे में लिया मृतक फिरोज अहमद के बड़े भाई खालिद अहमद की तहरीर पर निशा कन्नौजिया व अज्ञात के ऊपर मुकदमा पंजीकृत कर पुलिस जांच में जुट गई है। घटना स्थल का फॉरेंसिक टीम ने नमूना लिया। वही पुलिस अधीक्षक अनुराग आर्य ने पहुंचकर परिजनों को आश्वस्त किया कि दोषियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी। वहीं पोस्टमार्टम रिपोर्ट के उपरांत मौत का सही कारण पता चल सकेगा। जिसके बाद जांच कर कानूनी कार्यवाही की जाएगी। मृतक फिरोज अहमद की पत्नी मोमिना खातून व माता मरियम खातून व उनके तीन बच्चे अतिक उम्र 10 साल, अहमद रजा उम्र 7 साल, मोहम्मद उम्र 4 साल का रो-रो कर बुरा हाल रहा परिवार में कोहराम मच गया।

### घंटों मशक्कत के बाद पुलिस ने शव को लिया कब्जे में

**अंजानशहीद (आजमगढ़)।** जीयनपुर कोतवाली क्षेत्र के अजमतगढ़ कस्बे में आर्किटेक्ट फिरोज अहमद की हत्या के बाद परिजन व गांव के लोग प्रदर्शन व पुलिस के खिलाफ जमकर नारेबाजी करने लगे, शव पुलिस को ले जाने नहीं दे रहे थे। वही तकरीबन 2 घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद कई थानों की फोर्स की मौजूदगी में पुलिस अजमतगढ़ के निलंबित होने के बाद जीयनपुर कोतवाली पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लिया। और पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया।

### लड़की ने प्रार्थना पत्र देकर लगाया था शारीरिक शोषण का आरोप

**अंजानशहीद आजमगढ़।** शुक्रवार को अजमतगढ़ चैकी पर प्रार्थना पत्र देकर लड़की ने फिरोज अहमद पर शारीरिक शोषण का आरोप लगाया था वही फिरोज से विवाह के लिए दबाव बना रही थी। अजमतगढ़ चैकी इंचार्ज लाल बहादुर बिंद ने फिरोज से देर रात तक पूछताछ की व जांच की अगले दिन शनिवार को अजमतगढ़ कस्बा के धन्नी टोला में घर से 50 मीटर दूर स्थित प्राचीन शिव मंदिर के प्रांगण में फिरोज अहमद का अर्धनग्न शव मिला। वही शरीर पर चोट के निशान पाए गये। जिसके पश्चात परिजन व कस्बा के लोग आक्रोशित हो गए। जिन्होंने अजमतगढ़ चैकी इंचार्ज लाल बहादुर पर दुर्व्यवहार व मारने पीटने व पैसा मांगने का आरोप लगाया।

### बढ़ते मामले को देख बुलानी पड़ी कई थानों की फोर्स

**अंजानशहीद (आजमगढ़)।** जीयनपुर थाना क्षेत्र के अजमतगढ़ कस्बे में आर्किटेक फिरोज अहमद का शव मिलने के बाद परिजन व गांव के लोग प्रदर्शन करने लगे, और शव को ले जाने नहीं दे रहे थे। वही बढ़ते मामले को देख कई थानों की फोर्स को मौके पर बुलाना पड़ा वही जीयनपुर कोतवाल यादवेंद्र पांडेय, बिलरियागंज थाना प्रभारी ब्रह्म दिन पांडेय, सिधारी थाना प्रभारी नंद कुमार तिवारी, क्षेत्राधिकारी सगड़ी सौम्या सिंह, एसपी सिटी शैलेंद्र लाल, उपजिलाधिकारी सगड़ी राजीव रतन सिंह, पुलिस अधीक्षक अनुराग आर्य, फॉरेंसिक टीम सहित आधा दर्जन थाना की पुलिस बल मौजूद रहे।

## संक्षेप

### प्रधानमंत्री की मां के निधन पर हुई श्रद्धांजलि सभा



**माहुल (आजमगढ़)।** स्थानीय नगर के मंडल कार्यालय पर शनिवार को श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया जिसमे प्रधानमंत्री मोदी की मां हीराबेन के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हे श्रद्धांजलि दी गई और दो मिनट का मौन रखा गया। श्रद्धांजलि सभा को संबोधित करते हुए भाजपा जिला मंत्री दिलीप सिंह बघेल ने कहा कि माँ हीराबेन के निधन से हम दुखी तो है पर अपनी कोख से उन्होंने मोदी जैसे युगपुरुष को पैदा किया। जिसने विश्व पटल पर देश को गौरवान्वित किया। उन्होंने कहा कि काश हर मां की कोख से मोदी जैसा बेटा पैदा होता। ऐसी मां को हम प्रणाम करते है। इस मौके पर हरिकेश गुप्ता, रानू प्रताप राणा, विष्णु पाण्डेय, दिलशाद अहमद, संजय मोदनवाल, सुलेमान आजमी, प्रमोद राजभर आदि उपस्थित रहे।

### शोषण के विरुद्ध शिक्षकों ने सौंपा ज्ञापन



**रानीकीसराय (आजमगढ़)।** पूर्व माध्यमिक शिक्षक संघ द्वारा रानीकीसराय वीआरसी केन्द्र पर गुरुवार को नवीन पेंशन के नाम पर वेतन अवरुद्ध करने, पुरानी पेंशन बहाली तथा फोटो अटेन्डेन्स के विरोध में प्रदर्शन कर पत्रक खंड शिक्षा अधिकारी को सौंपा। संघ के अध्यक्ष श्याम बिहारी यादव ने कहा कि नवीन पेंशन के नाम पर वेतन अवरुद्ध किया जा रहा है जो सरासर गलत है। पुरानी पेंशन बहाली की लंबे समय से कर्मचारी मांग कर रहे है जो आज तक नहीं हो सकी उपर से नोट कैम ऐप से उपस्थिति का तुगलकी फरमान जारी किया गया है जो शासनादेश के खिलाफ है। वेसिक शिक्षा विभाग द्वारा बगैर संसाधन उपलब्ध कराये ही शिक्षको से डीबीटी, एमडीएम, दीक्षा ऐप, प्रेरणा ऐप निपुण ऐप पर जबरन कार्य कराया जा रहा है। इस आदेश को तत्काल निरस्त किया जाय अन्यथा शिक्षक आर-पार की लडाई लड़ेगे। इस दौरान शिक्षको ने इसके विरुद्ध नारेबाजी कर विरोध जताया। शिक्षको ने खंड शिक्षाधिकारी राजीत लाल को ज्ञापन सौंपा। इस मौके पर केदारनाथ यादव, सुजई यादव, अरुण कुमार, बाबूराम, दीनानाथ यादव, अजय सिह, नगेंद्र प्रसाद, सुनील गोड आदि शिक्षक मौजूद थे।

### दिसंबर महीने में जीयनपुर थाना क्षेत्र में हुई तीसरी हत्या

**अंजान शहीद (आजमगढ़)।** जीयनपुर कोतवाली क्षेत्र के कसडा आइमा निवासी प्रधानाध्यापक संजय यादव की एक दिसंबर को स्कूल जाते समय सुबह 9 बजे बाईपार भट्ठे के समीप गोली मारकर हत्या कर दी गई जिसमें परिजनों की तहरीर पर आरोपियों की गिरफ्तारी की जा चुकी है वही पुलिस ने वीरेंद्र यादव उर्फ बबलू यादव पुत्र मेवा लाल यादव की हिस्ट्री सीट भी 1 दिन पूर्व पुलिस अधीक्षक अनुराग आर्य ने खोली थी। वहीं दूसरी हत्या अजमतगढ़ कस्बा के चकमाधव रामपुर निवासी महिला की 26 दिसंबर की रात्रि में 1रू00 बजे मुंबई से कमाकर वापस लौटे पति चंदेव राजभर ने अपनी पत्नी उषा उम्र 35 वर्ष की कहासुनी के उपरांत बेंट से पीट-पीटकर हत्या कर दी जीयनपुर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपी पति को हिरासत में लेकर जेल भेज दिया। वहीं तीसरी घटना अजमतगढ़ कस्बा के धन्नी टोला में दिसंबर माह के अंतिम दिन फिरोज अहमद पुत्र शमसुद्दीन अहमद उम्र 40 वर्ष सिविल इंजीनियर आर्किटेक्ट की हिंदू युवती से अवैध संबंध पर शिव मंदिर के प्रांगण में शव मिला। परिजन की तहरीर पर निशा व अज्ञात पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच में जुटी।

### आदेश के बावजूद भी खुले रहे स्कूल

**रानीकीसराय (आजमगढ़)।** स्थानीय व्लाक क्षेत्र में शनिवार को शिक्षण संस्थानों में प्रशासन के बंदी का असर नहीं दिखा। घने कोहरे के बीच बच्चे स्कूल पहुंचे। सड़को पर बच्चों से भरी बैन दौड़ती रही। ठंढ के चलते वेसिक शिक्षा विभाग ने कक्षा एक से आठ तक के सभी स्कूलों मे 14 जनवरी तक अवकाश घोषित कर दिया है। परिषदीय में ताले लटकते रहे लेकिन निजी शिक्षण संस्थानों मे कोई असर नहीं दिखा। क्षेत्र के जलाईपुर, ऊजीगोदाम, कस्बे के एक दर्जन स्कूलों की बैन कोहरे के बीच बच्चों को ढोने लगी। पैदल स्कूल जाने वाले नौनिहाल कापते हुए पहुचे। निजी स्कूल संचालकों ने पहले ही दिन आदेश को नजर अंदाज कर दिया। अभिभावक राजेश कुमार, जयेन्द्र सिह, विमलेश कुमार ने कहा कि ठंढ मे छुट्टी में भी विद्यालय खुलने से छोटे बच्चों के लिए समस्या हो रही है।

# फिर मिलने के वादे के साथ संपन्न हुनर रंग महोत्सव

**आजमगढ़।** हुनर संस्थान आजमगढ़ द्वारा जनपद में राष्ट्रीय एकता अखंडता व लोक कलाओ को बढ़ावा देने के उद्देश्य प्रतिभा निकेतन इंटर कॉलेज में 26 से 30 दिसम्बर तक चल रहे हो हुनर रंग महोत्सव का भव्य समापन फिर मिलने के वादे के साथ सम्पन्न हुआ। खुशी और गम के बीच समापन समारोह का उद्घाटन जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अतुल कुमार सिंह अंतरराष्ट्रीय बैडमिंटन कोच अजेंद्र राय, अभिषेक जायसवाल दीनू ने दीप प्रज्ज्वलन कर मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया। अतिथियों का स्वागत संस्थान अध्यक्ष मनोज यादव विद्यालय के प्रबंधक रमाकांत वर्मा हेमंत श्रीवास्तव ने माल्यार्पण कर किया।

सर्वप्रथम संस्थान के बच्चों द्वारा मनमोहक श्री कृष्ण की बाल लीला का मंचन किया गया। रॉकिंग डांस ग्रुप कैमूर बिहार के कलाकारों द्वारा जोश से भरपूर देश प्रेम की भावना से ओतप्रोत समूह नृत्य प्रस्तुत किया संगीत कला दर्शन नृत्य नाट्य समूह लालगंज तपस्या क्रिएटिव स्कूल आजमगढ़ मूव्स डांस स्टूडियो आजमगढ़ द्वारा जबरदस्त समूह नृत्य की प्रस्तुतियां हुई.। तत्पश्चात संगीत संध्या प्रारंभ हुई जिसमे अरुण सिंह अनाड़ी, गुड्डू राय,गौरी यादव और सीमा सरगम ने अपने गीतों से सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया तत्पश्चात पुरस्कार वितरण प्रारंभ हुआ राष्ट्रीय स्तर पर नृत्य में कार्य करने के लिए विशंभर साहू वापी कटक उड़ीसा, आशीष कुमार पाल ढेकानाल उड़ीसा, विजयलक्ष्मी शर्मा असम, स्मृति कश्यप असम, संदीप मौर्य वाराणसी, अमन सिंह मिजार्पुर, श्रवण रॉक कैमूर बिहार को सम्मानित किया गया। समारोह में विशेष योगदान के लिए ग्राम प्रधान सुनील कुमार मौर्य अजमतपुर कोडर, बदरका पुलिस चैकी के समस्त स्टाफ को भी सम्मानित किया गया। लोक नृत्य समूह का प्रथम पुरस्कार निखिला उत्कल कलानिकेतन कटक व नीता नृत्यांगना उड़ीसा को संयुक्त रुप से मिला। आधुनिक समूह नृत्य का प्रथम पुरस्कार बोल्ड डांस अकैडमी आजमगढ़, द्वितीय पुरस्कार, आर डी अफ डांस अकैडमी आजमगढ़ तथा तृतीय पुरस्कार दिवी डांस एकेडमी दोहरीघाट को मिला। इस अवसर पर भाजपा नेता व पूर्व प्रत्याशी अखिलेश कुमार मिश्र गुड्डू, प्रवीण कुमार सिंह, शैलेंद्र अग्रवाल, सुभाष चंद श्रीवास्तव, सुनील अग्रवाल, पंकज अग्रवाल, ओमप्रकाश अग्रवाल लड्डू, संजय अग्रवाल, पवन अग्रवाल विशेष रूप से उपस्थित थे। समारोह को सफल बनाने के लिए उपाध्यक्ष डॉ शशि भूषण शर्मा, मनोज मौर्य, राकेश कुमार, रवि चैरसिया, अमरजीत विश्वकर्मा, कमलेश सोनकर, शशि सोनकर, सहित संस्थान पदाधिकारी लगे हुए है। संचालन सुनील दत्त विश्वकर्मा ने किया।

## बैरकों की तलाशी के दौरान बरामद हुए तीन मोबाइल

**आजमगढ़।** इटौरा जेल में बंद कुख्यात अपराधियों द्वारा संचालित किए जा रहे आपराधिक नेटवर्क को ध्वस्त करने में जेल प्रशासन नाकाम साबित हो रहा है। शुक्रवार को जेल की बैरकों के निरीक्षण के दौरान तीन मोबाइल फोन की बरामदगी इसका प्रत्यक्ष उदाहरण है। इस मामले में जेलर की तहरीर पर सिधारी थाने में अज्ञात के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है। जेल प्रशासन द्वारा शुक्रवार को जेल परिसर में स्थित बैंरकों में सघन तलाशी अभियान चलाया गया। इस दौरान बैरक नंबर आठ तथा आठ-ए की तलाशी के दौरान जेल प्रशासन ने सुरक्षित ठिकानों पर छिपाए गए तीन अदद मोबाइल फोन बरामद किया। हालांकि मोबाइल किसके द्वारा छिपाकर रखे गए थे, इस बात की जानकारी नहीं हो सकी। इस संबंध में जेल प्रशासन ने दोनों बैंरको में बंदियों से पूछताछ की लेकिन कोई नतीजा नहीं निकला। देर शाम जेलर विकास कटिहार की तहरीर पर सिधारी थाने में अज्ञात के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत किया गया।

# ऑटो पर गिरा गन्ना लदा ट्रक, कई जख्मी

**जनसंदेश न्यूज**

**अतरौलिया (आजमगढ़)।** स्थानीय थाना क्षेत्र के गदनपुर के समीप एक गन्ना लदी ट्रक पलटने से मरीजों को लेकर जा रहे टेम्पो सवार लोगो को गंभीर चोटें आई।



सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अतरौलिया से 8 मरीजों को लेकर बूढ़नपुर की तरफ जा रहे एक टेंपो के ऊपर गदनपुर के समीप एक ओवरलोड ट्रक से गन्ना पलट जाने से टेम्पो में सवार महिलाओं को गंभीर चोटें आई। स्थानीय लोगों ने इसकी सूचना पुलिस को दी मौके पर पुलिस पहुंचकर एंबुलेंस के माध्यम से घायलों को नजदीकी 100 शैय्या अस्पताल पहुंचाया जहां लोगों का इलाज चल रहा है। टैंपू में सवार मंजू पत्नी रविंद्र कुमार 32 वर्ष शोभावती पत्नी जगदीश निवासी नारखोरा 45 वर्ष, साहिल पुत्र जगदीश निवासी नरखोरा 24 वर्ष, प्रवीन पुत्र राजाराम निवासी चकिया 26 वर्ष समेत अन्य लोगों को चोटे आई जिन्हें स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया। वहीं ओवरलोड गन्ना लदी ट्रक की वजह से भयानक दुर्घटना होने से बाल-बाल लोग बचे। जहां टेंपो के ऊपर ही गन्ना पलट गई वह तो संजोग अच्छा ही था कि स्थानीय लोगों के प्रयास से टेम्पो सवार लोगो की जान बचाई जा सकी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर सड़क से गन्ना हटवाया जिससे आवागमन बाधित नही हुआ। वहीं स्थानीय लोगों का कहना है कि प्रतिदिन ओवरलोड ट्रकों की वजह से लोगों को दुर्घटना होने का भय बना रहता है।

## संक्षेप

### देशी शराब के साथ एक महिला सहित दो तस्कर गिरफ्तार

**बारा।** नए साल के अवसर पर बिहार में शराब तस्करी को लेकर पुलिस की सक्रियता बढ़ गई है। बृहस्पतिवार व शुक्रवार को गहमर पुलिस ने अलग-अलग जगहों से 130 शीशी देसी शराब बरामद करने के साथ बिहार की एक महिला तस्कर सहित दो लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। गिरफ्तार तस्करों में बक्सर जिले के धनसोई थाना क्षेत्र के पर्सियां गांव निवासी हरेराम कुमार, इटाढ़ी थाना क्षेत्र के कोच डेरा निवासी अभय कुमार सिंह, मुफस्सिल थाना बक्सर के नादाव गांव की महिला तेतरी देवी शामिल हैं। प्रभारी निरीक्षक पवन कुमार उपाध्याय ने बताया कि हरेराम कुमार को 45 शीशी देसी शराब के साथ उप निरीक्षक राम कुमार दुबे ने भदौरा तिराहे पर पकड़ा। अभय कुमार सिंह को 40 शीशी देसी शराब के साथ भतौरा रेलवे क्रासिंग के पास से पकड़ा गया। महिला तस्कर तेतरी देवी को 45 शीशी देसी शराब के साथ भदौरा पूर्वी रेलवे क्रासिंग से गिरफ्तार किया गया। सभी तस्करों पर संबंधित धाराओं में केस दर्ज कर जेल भेज दिया गया।

### दस हजार का इनामी गो तस्कर गिरफ्तार

**गहमर/बारा।** गहमर कोतवाली पुलिस ने शनिवार को कर्मनाशा के तटवर्ती गांव देवल से गो तस्करी करने वाले एक बदमाश को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपी के ऊपर 10 हजार रुपये का इनाम घोषित किया गया था। पुलिस ने पकड़े गए बदमाश के खिलाफ लिखपढ़ी कर चालान कर दिया।शनिवार को गहमर कोतवाली में आयोजित प्रेस वार्ता के दौरान प्रभारी निरीक्षक पवन कुमार उपाध्याय ने बताया कि पकड़ा गया वांछित दस हजार का इनामी मोहित बाबू पुत्र राजेंद्र बाबू निवासी भवानीपुर रितौर थाना इकदिल जनपद इटावा को उप निरीक्षक अश्वनी प्रताप सिंह ने गहमर थाना क्षेत्र के देवल गांव से गिरफ्तार किया। उन्होंने बताया कि 31 मार्च 2022 को गहमर पुलिस को सूचना मिली थी कि गो तस्कर डीसीएम वाहन में गोवंश को बिहार ले जा रहे हैं। उक्त सूचना पर पुलिस ने छह तस्करों को गिरफ्तार कर केस दर्ज किया गया था। उक्त बदमाश फरार हो गया था जिस पर दस हजार रुपये का इनाम घोषित किया गया था। गहमर कोतवाली के उप निरीक्षक अश्वनी प्रताप सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम ने उसे गिरफ्तार किया। पकड़े गए आरोपी के खिलाफ लिखापढ़ी करके चालान कर दिया गया।

### निःशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर का उठाए लाभः दिलीप राठौर

**गाजीपुर।** केवीएस इंस्टीट्यूट ऑफ आयुर्वेदिक मेडिकल साइंस एंड रिसर्च सेंटर मरदापुर, सादात के तत्वाधान में शनिवार को निःशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 120 महिलाओं व पुरुषों के मोतियाबिंद का ऑपरेशन किया गया। जबकि 165 मरीजों का पंजीकरण किया गया। नेत्र सर्जन डॉ. निशांत सिंह ने नेत्र संबंधी रोग से ग्रसित मरीजों का ऑपरेशन करने के साथ ही चिकित्सकीय सलाह और चश्मा तथा दवा का वितरण किया। संयोजक प्राचार्य इंजी. दिलीप राठौर ने बताया कि फरवरी 2023 तक प्रत्येक शनिवार को नेत्र शिविर का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि पिछले वर्ष से अब तक लगभग 5455लोगों का निःशुल्क सफल ऑपरेशन किया गया था। जबकि इस वर्ष अब तक 780लोगों का पंजीकरण हो चुका है। इनमें से 780लोगों का ऑपरेशन किया जा चुका है। इस शिविर में समीपवर्ती जनपद के लोगों को भी चिकित्सकीय सुविधा दिया जा रहा है। शिविर के आयोजन में प्रशासनिक अधिकारी डॉ रामअवध यादव,अनुज कुमार यादव मनोज यादव, अजीत कुमार, आरके कटारिया, आदि का सराहनीय योगदान रहा।

### यूपी बोर्ड सहित त्यौहारों को लेकर तीन माह तक 144 धारा लागू

**गाजीपुर।** यूपी बोर्ड परीक्षा, नववर्ष,मकर संक्राति एवं होली पर्व को शांति पूर्ण ढ़ग से संपंन कराने के लिए जिला प्रशासन ने तीन माह का 144 धारा लागू किया है। इस आशय की जानकारी एडीएम अरूण कुमार सिंह ने दी है। आगे उन्होंने बताया कि अतिरिक्त शान्ति व्यवस्था बनाये रखने हेतु कोई व्यक्ति ऐसे उपकरण आदि का प्रयोग नहीं करेगा, जो उसके लिए निषिद्ध हो। कोई भी व्यक्ति गलत खबरें या अफवाहें, जिससे शान्ति भंग होने की आशंका हो सकती है, नहीं फैलायेगा और न किसी प्रकार ऐसी अफवाहों को किसी अन्य माध्यम से किसी दूसरे व्यक्ति के पास भेजेगा। कोई भी व्यक्ति या व्यक्तियों का समूह किसी सार्वजनिक स्थल, धार्मिक स्थान एवं परीक्षा केन्द्र आदि पर नशीले पदार्थों का सेवन किसी भी परिस्थिति में नहीं करेगा। किसी भी धार्मिक स्थल का प्रयोग धार्मिक उन्माद फैलाने, भाषण आदि के लिए नहीं किया जायेगा, उक्त आदेश धार्मिक जुलूसों एवं परम्परागत त्यौहार, शवयात्रा, परम्परागत तथा सार्वजनिक रास्ते गुजरने वाले उक्त जुलूसों पर प्रभावी नहीं होगा। यह जनपद सीमा क्षेत्र में 30 दिसंबर से तीन माह तक अथवा इसके पूर्व जब तक इस आदेश को वापस न ले लिया जाय, प्रभावी रहेगा।

# शीतलहर और बढ़ी ठंड से जनजीवन प्रभावित


**परेशानी**

### घने कोहरे ने बढ़ाई लोगों की मुश्किलें, वाहनों की रफ्तार पर लगा ब्रेक

### कोहरे में लिपटा रहा जिला, वाहनों को हेड लाइट जलाकर पड़ा चलना

**जनसंदेश न्यूज**

**गाजीपुर।** शहर सहित ग्रामीण क्षेत्र शनिवार को कोहरे में लिपटा रहा। जिससे आम जनजीवन प्रभावित हो गया। छायी घने कोहरे के कारण दो पहिया वाहन चालकों को परेशानी का सामना करना पड़ा।



विकास भवन चौराहे पर सुबह आठ बजे छाया कोहरा।

धुंध के कारण वाहन चालकों को सुबह दस बजे तक वाहनों की हेडलाइट्स के सहारे चलना पड़ा। छाए घने कोहरे से जहां जनजीवन पुरी तरह से प्रभावित हुआ वही सड़क, रेल यातायात भी बाधित रहा, जिसका खामियाजा यात्रियों को भुगतना पड़ा। कई बसें, ट्रेन अपने समय पर नहीं पहुंचने के कारण यात्री अपने गंतव्य तक समय पर पहुंच सके। सुबह नौ बजे तक क्षेत्र में छायी कोहरे के परत के कारण सौ मीटर की दूरी भी देखना मुश्किल था। जिससे वाहन चालकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। दस बजे के बाद सूर्य देवता के दर्शन देने के बाद निकली धूप से लोगों को सर्दी से थोड़ी राहत मिली। धुंध के कारण वाहन चालकों को खासकर बसों को भी धीमी गति से चलाया गया। घने कोहरे के कारण लोग दोपहर तक घरों में दुबके रहे। जिससे आमजन जीवन भी प्रभावित हआ। जिले में अधिकतम तापमान 20 डिग्री सेल्सियस न्यूनतम तापमान 8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मौसम विभाग के मुताबिक अगले तीन-चार दिनों बाद सर्दी और बढेगी और कोहरे से लोगों को परेशानी भी झेलनी होगी। साथ ही वाहन चालकों को हेड लाइट और पार्किंग लाइट के सहारे चलना पड़ सकता है।

### ट्रेनों की रफ्तार पर लगा ब्रेक,यात्री रहे परेशान

घने कोहरे के कारण ट्रेनों की रफ्तार पर ब्रेक लग गया। डीएमयू समेत एक्सप्रेस गाडियां भी घंटों देरी से चल रही है। ऐसे में यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ा। कोहरा इतना घना था कि सामने पचास-सौ मीटर दिखना भी मुश्किल हो रहा था। सबसे ज्यादा परेशानी दैनिक यात्रियों को हुई। सिटी रेलवे स्टेशन पर सुबह आठ बजे लखनऊ-छपरा और सुहेलदेव एक्सप्रेस सवा घंटे लेट होने के कारण यात्रियों भी भीड़ और बढ़ गई। सद्भावना अप में सात घंटे तो डाउन में साढ़े तीन घंटे व तिनसुकिया एक्सप्रेस दो घंटे विलम्ब से आई। शुक्रवार रात से ही कोहरा पडना शुरू हो गया था। शनिवार की सुबह होते-होते घना कोहरा छा गया। कोहरे से इस सेक्शन से गुजरने वाली अधिकांश लंबी दूरी की गाडियां तीन से सात घंटे की देरी से चली। रेलवे प्रवक्ता का कहना है कि कोहरे के चलते आने वाले दिनों में भी यही समस्या बनी रहेगी।

# ट्रक लूटकांड का इनामियां बदमाश चढ़ा पुलिस के हत्थे

**गहमर/बारा।** गहमर कोतवाली पुलिस ने स्वाट टीम के साथ ट्रक लूटकांड में फरार चल रहे 15 हजार के इनामी वांछित को गिरफ्तार कर लिया है। वांछित का खुलासा प्रभारी निरीक्षक ने गहमर थाने में किया।



प्रभारी निरीक्षक पवन कुमार उपाध्याय ने शनिवार को गहमर थाने में खुलासा करते हुए बताया कि सरायकेला जनपद के आदित्यनगर थाना क्षेत्र में 8 सितंबर को 19.64 मिट्रिक टन सरिया लदे झारखंड नंबर ट्रक के चालक का अपहरण कर ट्रक लूट लिया था। ट्रक चालक की हत्या कर शव को झारखंड में फेंक दिया था। मामले में वांछित और पुलिस में मुठभेड़ हुई जिसमें वांछित पुलिस पर फायर कर फरार हो गया था। पुलिस ने लूटा ट्रक बरामद कर लिया था। आरोपी द्वारा 22 सितंबर को सदर कोतवाली पुलिस पर भी फायर किया गया था। आरोपी पर गहमर थाना में विभिन्न मामलों में मुकदमा दर्ज है। पुलिस ने शुक्रवार की शाम वांछित श्रवण कुमार उर्फ छोटू यादव पुत्र रामजी प्रसाद यादव निवासी पंचमहला थाना खुदागंज जनपद नालंदा बिहार को गिरफ्तार कर लिया। उसके ऊपर 15 हजार रुपये का इनाम घोषित था। पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक गहमर पवन कुमार उपाध्याय, उप निरीक्षक अशोक कुमार तिवारी, उप निरीक्षक सुरेंद्रनाथ सिंह, छोटू राय, कांस्टेबल सद्दाम हुसैन, स्वाट टीम हेड कांस्टेबल आशुतोष सिंह व चंद्रमणि त्रिपाठी आदि रहे।

# दबंगों ने ठेला चालक को पीटा, इलाज के दौरान मौत

**दबंगई**

### बीस रूपए के लिए हुआ था विवाद

**जमानियां।** ठेला चालक से पैसे की विवाद में दबंगों ने लाठी डंडो से पीटकर अधमरा कर दिया। जिसकी इलाज के दौरान मौत हो गई। पुलिस मामले की छानबीन में जुटी हुई है।

कोतवाली क्षेत्र के सुभानटोली मोहल्ला निवासी ठेला चालक को पैसे की विवाद में सोमवार की दबंग किस्म के लोगों ने मारपीट कर घायल कर दिया। तीन दिन बाद शुक्रवार को ठेला चालक का इलाज के दौरान मौत हो गई। मृतक की पत्नी चन्दा का कहना है कि बिते 26 तारीख कि सुबह करीब 8 बजे मेरे पति अपने बच्चों को स्कूल छोड़ने गये। जहां से वापसी के दौरान पठानटोली मोहल्ला निवासी अतायेवारीश खां उर्फ फुद्दून मिले। जिनके पास मेरे पति का 20 रूपया बाकि था। मेरे पति ने जब पैसा मांगा तो उसने गाली गलौज करते हुए उन्हें मारपीट कर घायल कर दिया। जिसके बाद घटना की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने मारपीट का मामला दर्ज कर घायल मेरे पति खलील शाह उर्फ बुधन (32) को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र जमानियां में भर्ती कराया। जहां से प्राथमिक उपचार के बाद वाराणसी के ट्रामा सेंटर के लिए रेफर कर दिया गया। इलाज के दौरान घायल ठेला चालक की तीन दिन शुक्रवार की सुबह करीब 12 बजे मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। प्रभारी निरीक्षक वंदना सिंह ने बताया कि आरोपी की गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीम उसके संभावित ठिकानों पर दबिश दे रही है। जल्द ही आरोपी पुलिस के कब्जे में होगा।

### पुलिस ने लुटेरे को पकड़ा,दो साथी फरार

**नंदगंज।** थाना क्षेत्र के अतरसुआ ओवर ब्रीज के समीप शनिवार को सुबह एक लुटेरे को पुलिस ने घटना के 12 घंटे के अंदर धर दबोचा उसके पास लूट गई मोबाइल तथा एक बाइक बरामद हुई है। पुलिस ने सम्बन्धित धारा में चालान कर जेल भेज दिया। थानाध्यक्ष महेन्द्र सिंह ने बताया कि शुक्रवार की रात करीब 9:30 बजे सम्मनपुर निवासी अमीन पुत्र आसिफ बस से इलाहाबाद से आकर अतरसुआ हाइवे ओवर ब्रिज के पास बस से उतरकर पैदल अपने घर सम्मनपुर जा रहा था। तभी सिहोरी के पास एक बाइक से तीन लोग आये और उसे रोककर उसके पास से मोबाइल तथा 4700 रुपया नगद छिनकर धमकाते हुए भाग गये। सूचना मिलते ही पुलिस सक्रिय हो गयी। इसी बीच उपनिरक्षक रमेश पटेल अपने हमराहियों के साथ शनिवार को रामपुर बन्तरा हाइवे पर सुबह सात बजे गस्त कर रहे थे कि मुखबिर की सूचना पर की अतरसुआ ओवरब्रिज के पास कुछ लुटेरे बाइक से किसी घटना को अंजाम देने के लिए खड़े है। इस सूचना पर पुलिस टीम मौके पर पहुँची तो लुटेरे पुलिस को देखते ही भागने लगे ।पुलिस ने एक लुटरे को दौड़ाकर धर दबोचा। जबकि अन्य दो युवक भाग गए। पकड़े गए युवक से पूछताछ करने पर उसने अपना नाम विकास पासी निवासी डिहिया बताया। उसने अपने साथियों का नाम पता बताया है। पुलिस ने उसके पास से एक मोबाइल और एक बाइक बरामद किया है। पकड़े गये युवक को सम्बन्धित धारा में चालान कर जेल भेज दिया गया । थानाध्यक्ष ने बताया कि पकड़ा गया युवक अपने साथियों के साथ हाइवे पर राहगीरों को लूटते रहते थे। पुलिस को इनकी बहुत दिनों से तलाश थी। भागे युवकों को भी जल्द गिरफ्तार कर लिया जायेगा।

# ओमजी ग्रुप के संस्थापक स्व. सूर्यनाथ सिंह को दी भावभीनी श्रद्धांजलि

**श्रद्धांजलि**

### पुण्यतिथि पर कॉलेज संचालक राजनीतिज्ञ और समाजसेवियों ने किया प्रतिभाग

**गाजीपुर।** अखिल भारतीय अनएडेड विश्वविद्यालय एवं महाविद्यालय एसो. नई दिल्ली के राष्ट्रीय महासचिव व ओम जी ग्रुप ऑफ इंस्टीच्यूशन जखनियां के मैनेजिंग डायरेक्टर डॉ. मनोज कुमार सिंह के पिता स्व. सूर्यनाथ सिंह को उनकी प्रथम पुण्यतिथि पर नम आंखों से याद करते हुए भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई। शास्वत सूर्यवंशी महाविद्यालय अतिगांवा प्रांगण में शनिवार को आयोजित श्रद्धांजलि सभा और स्मृति भोज में जनपद से लगायत प्रदेश के अन्य जनपदों से पधारे शिक्षा जगत से जुड़े लोगों और राजनीतिज्ञों तथा समाजसेवियों ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित किया। वक्ताओं ने उनके व्यक्तित्व और कृतित्व की चर्चा करते हुए उनके आदर्शों से प्रेरणा लेने का आह्वान किया। स्वभाव से काफी सरल और मृदुभाषी रहे स्व. एसएन सिंह ने परोपकार को अपनी जिंदगी का लक्ष्य बनाकर जीवन जीने का काम किया। इस अवसर पर डॉ. मनोज, अमित,शिवकांत,संजय सिंह, टिंकू, ओम, अनिल यादव, विपिन सिंह, अटल सिंह, सर्वानन्द सिंह झुन्ना, आलोक यादव, उमेश यादव, डॉ. विजय बहादुर यादव, सुरेन्द्र यादव, जवाहिर यादव, रामचन्द्र, पप्पू यादव, रामनगीना यादव, भुल्लन सिंह, विमल सोनकर, बाला यादव, संतोष यादव, देशबंधु यादव चिंटू, प्रमोद कुमार पप्पू, अजीत सिंह काली, अर्जुन पाण्डेय, डब्लू, वीरेंद्र यादव सहित अनेक कालेजों के प्रबन्धक व गणमान्यजन मौजूद रहे।




ओम जी ग्रुप ऑफ इंस्टीच्यूशन जखनियां में स्व. सूर्यनाथ सिंह की पुण्यतिथि में श्रद्धांजलि देने पहुंचे लोग।

### गरीबों की सेवा के प्रति रहें सदैव तत्पर

गाजीपुर जिले के जखनियां तहसील अंतर्गत अतिगांवा ग्राम स्थित एक साधारण परिवार में 10 जुलाई 1950 को जन्में स्व. एसएन सिंह एक साधारण परिवार से थे। वह दूरसंचार विभाग में ऑफिस सुपरिटेंडेंट (ओ.एस.) के पद पर सेवा देते हुए सेवानिवृत्त हुए। अपने जीवनकाल में असहायों व जरूरतमंदों की सेवा के प्रति सदैव तत्पर रहे।

# इस साल भी सौगातों से 'मालामाल' होंगे काशीवासी




**पर्यटन विकास, स्वास्थ्य, अच्छी सड़कें, पुलिस लाइन में बैरक, आरओबी, इनडोर स्टेडियम, स्मार्ट मीटर और कई पावन पथों का मिलेगा उपहार**

अंग्रेजी कैलेंडर के नये साल 2023 का आज आगाज हो चुका है। 2014 के बाद से बीते साल 2022 तक हमारे सांसद और देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने काशी को लगातार विकास कार्यों समेत कई माध्यमों से गिफ्ट देते रहे हैं। यह सिलसिला अभी थमा नहीं है। इस नववर्ष में भी यह क्रम थमेगा नहीं। काशीवासियों को मोदी 2023 में भी सौगातों से 'मालामाल' करेंगे। अबकी कई सड़कें, आरओबी समेत तमाम उपहार मिलने वाले हैं। इस साल बनारस की झोली में जो 'उपहार' आने वाले हैं, उन पर एक नजर संक्षिप्त दृष्टि डालते हैं



## गिफ्ट में अंतरराष्ट्रीय बालिका छात्रावास और कई सड़कें



50 करोड़ रुपये की लागत से अंतरराष्ट्रीय बालिका छात्रावास, 806 करोड़ रुपये की लागत से राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या-56 पर 63.36 किमी लंबे सुल्तानपुर-वाराणसी खंड में फोर लेन चौड़ीकरण, 949 करोड़ रुपये की लागत से वाराणसी रिंग रोड फेज-2 पैकेज-2 मार्ग, शहरी क्षेत्र में 345.15 करोड़ रुपये की लागत से गैस वितरण परियोजना आगामी मार्च तक पूर्ण करनी थी लेकिन यह प्रोजेक्ट पूर्ण कर लिये जाने का दावा है, 9.51 किमी लंबी लहरतारा-बीएचयू रवींद्रपुरी कॉलोनी होकर विजया सिनेमा तक 241.80 करोड़ की लागत से सड़क चौड़ीकरण, पांडेयपुर क्षेत्र स्थित काली मंदिर से आजमगढ़ मार्ग तक 218.66 रुपये करोड़ रुपये की लागत से सड़क चौड़ीकरण होकर जनपदवासियों को मिलेगा।

## गांवों के हर घर में होगा नल और कई पावन पथ

शहर के इस वर्ष मिलने वाले विकास से जुड़े उपहारों में बाबतपुर रेलवे स्टेशन के निकट 32.76 करोड़ रुपये की लागत से टू लेन आरओबी, हर घर नल योजना में 428 करोड़ रुपये की लागत से 143 ग्रामीण पेयजल परियोजना, जल जीवन, हर घर नल योजना में 212.4 करोड़ रुपये की लागत से 68 ग्रामीण पेयजल परियोजना, सिस वरुणा में 108.53 करोड़ रुपये की लागत से जलापूर्ति अपग्रेडेशन, पुलिस लाइन में 24.96 करोड़ रुपये की लागत से ट्रांजिट हॉस्टल, 60 करोड़ रुपये की लागत से नमो घाट पुनर्विकास फेज-2, पंचकोशी परिक्रमा यात्रा मार्ग के पांचों पड़ावों का 39.22 करोड़ रुपये की लागत से पर्यटन विकास, 24.36 करोड़ रुपये की लागत से अष्ट विनायक, विनायक एवं द्वादश ज्योतिर्लिंग यात्रा और अष्टभैरव, चारधाम यात्रा, काशी विष्णु यात्रा, द्वादश आदित्य यात्रा तथा नवदुर्गा यात्रा के लिए पावन पथ, करखियांव में 475 करोड़ रुपये की लागत से बनास काशी संकुल (डेयरी), पुरानी काशी के छह वार्डों का 27.31 करोड़ रुपये की लागत से पर्यटन विकास, सारनाथ में 18 करोड़ रुपये की लागत से बुद्धिस्ट सर्किट का विकास आदि।

## फोर लेन आरओबी पीएसी बैरक

काशीवासियों को मिलने वाली अन्य नयी सौगातों में प्रकार कचहरी से आशापुर होकर तक संदहा तक 241.89 करोड़ रुपये की लागत से 9.32 किमी लंबे मार्ग का सुद्दढ़ीकरण, मोहनसराय से कैंट तक 11.18 किमी लंबे सिक्स लेन सीसी रोड का 412.23 करोड़ रुपये की लागत से चौड़ीकरण एवं सुद्दढ़ीकरण, वाराणसी-भदोही-गोपीगंज रोड 8.6 किमी तक फोर लेन 269.10 करोड़ रुपये की लागत से चौड़ीकरण एवं सुद्दढ़ीकरण, 20.04 करोड़ रुपये की लागत से 34वीं वाहिनी पीएसी भुल्लनपुर एवं 36वीं वाहिनी पीएसी रामनगर में 2-2 सौ क्षमता के बैरक, करसड़ा में 66.55 करोड़ रुपये की लागत से अटल आवासी विद्यालय, लहरतारा से फुलवरिया जेपी मेहता इंटर कॉलेज वाया सेंट्रल जेल मार्ग वाया शिवपुर चुंगी 66.30 करोड़ रुपये पर संपार संख्या 5सी पर फोर लेन आरओबी प्राप्त होगा।



## अंतरराष्ट्रीय स्तर का मिलेगा इनडोर स्टेडियम



वाराणसी को नये साल पर अंतरराष्ट्रीय स्तर के इंडोर स्टेडियम की सौगात मिलने वाली है। सिगरा स्थित डॉ. संपूर्णानंद स्टेडियम में करीब 87 करोड़ की लागत से मल्टीलेवल मल्टीस्पोर्ट्स इनडोर स्टेडियम बनेगा। जहां करीब 20 से अधिक इंडोर गेम खेले जा सकेंगे। वाराणसी स्मार्ट सिटी सूत्रों की मानें तो सिगरा स्टेडियम में भूतल प्लस दो मंजिल का भवन होगा। इसमें बैडमिंटन, हैंडबॉल, बास्केटबॉल, वॉलीबॉल, टेबल टेनिस, वेटलिफ्टिंग, स्क्वैश, कॉम्बैट स्पोर्ट्स जैसे 20 से अधिक इनडोर खेल खेलने की सुविधा होगी। ओलंपिक स्तर का स्विमिंग पूल, वार्म अप पूल के साथ होगा। जिम, स्पा, योगा सेंटर, पूल बिलियर्ड्स और कैफेटेरिया के साथ बैंक्वेट हॉल भी बनेगा। मल्टी लेवल मल्टी स्पोर्ट्स इन इंडोर स्टेडियम को पैरा स्पोर्ट्स के मानको को भी ध्यान में रखकर बनाया जा रहा है। जिससे यहां पैरा स्पोर्ट्स और प्रतियोगिता भी हो पाए।

## ओवरलोडेड ट्रांसफॉर्मर और लीकेज की समस्या से छुटकारा

उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन लि. (यूपीपीसीएल) ने नये साल में ओवरलोडेड ट्रांसफॉर्मर और लीकेज की समस्या से छुटकारा दिलाने की तैयारी में हैं। यदि ऐसा हुआ तो लोकल फॉल्ट से उपभोक्ताओं को निजात मिल जाएगी। यूपीपीसीएल के प्रबंध निदेशक पंकज कुमार ने प्रदेश के सभी डिस्कॉम के प्रबंध निदेशक को जारी निर्देश में कहा है कि ओवरलोडेड ट्रांसफॉर्मरों और उसके लीकेज के चलते आए दिन विद्युत आपूर्ति बाधित होने की समस्या से न सिर्फ उपभोक्ता दो-चार होते हैं, बल्कि विभाग की छवि भी धूमिल होती है। चूंकि वर्तमान मौसम में विद्युत की डिमांड कम रहती है। लिहाजा, यह माकूल समय है जब अवर अभियंता और कर्मचारी अपने-अपने क्षेत्र के ओवरलोडेड ट्रांसफॉर्मरों व लीकेज को चिह्नित कर लिया जाए, ताकि नये साल में उस समस्या को दूर कर आगामी गर्मी में बेहतर विद्युत आपूर्ति व्यवस्था को सुचारू रूप से संचालित किया जा सके।

## विद्युत विभाग भी देगा तोहफा

नये साल पर बिजली विभाग भी तोहफा देने की तैयारी में है। इसके लिए विभाग ने एचसीएल कंपनी से टाइअप किया है। कंपनी अमृत-2023 नाम से पोर्टल एवं एप बना रही है। इसकी मदद से बिजली विभाग की सभी प्रकार की सुविधाएं एक ही जगह पर मिलने लगेंगी। उपभोक्ता को ऑफिसों के चक्कर नहीं लगाने होंगे। विभागीय अधिकारियों के अनुसार यह साफ्टवेयर पूरी तरह क्लाउड मैनेजमेंट सिस्टम पर कार्य करेगा। बिजली विभाग के अफसरों की मानें तो पूर्वांचल में इकलौता ऐसा जिला वाराणसी होगा, जहां एकीकृत मेथड पर सभी कार्य प्रभावी हो जाएंगे। विभाग के अधिकारियों का कहना है कि एप के माध्यम से कस्टमर्स की हर सुविधा पोर्टल पर आ जाएगी। इसकी मदद से उपभोक्ता अपनी शिकायत, 1912 के कार्य, नए कनेक्शन के लिए आवेदन, झटपट योजना की सुविधा, मीटर की सुविधा एवं शिकायत की जानकारी के बारे में जान सकेगा। इस योजना को मूर्तरूप देने में करीब पांच करोड़ रुपये खर्च होंगे।



## मिलेगा क्यूआर कोड वाला एलपीजी सिलिंडर



नये साल से केंद्र सरकार एलपीजी गैस सिलिंडर का इस्तेमाल करने वाले ग्राहकों की सुविधा के लिए कड़ा कदम उठाने जा रही है। यह कदम है एलपीजी सिलिंडरों को क्यूआर कोड से लैस करने का। ऐसा होने पर आप अपने सिलिंडर के बारे में यह पता कर सकेंगे कि इसकी डिलीवरी एजेंसी गोदाम से कब हुई और किस-किस रास्ते से होते हुए आपके घर तक पहुंची। इतना ही नहीं, क्यूआर कोड से यह भी पता चल जाएगा कि आपके सिलिंडर में कितनी बार रिफिलिंग की गई है। इससे आप यह भी पता कर पायेंगे कि इस सिलिंडर को वापस रिफिलिंग सेंटर आने में कितने दिन लग रहा है। इस प्रकार से आप आसानी से घर पर ही एलपीजी सिलिंडर को ट्रैक कर पायेंगे। सबकुछ ठीक-ठाक रहा तो फरवरी-2023 से क्यूआर कोड वाले सिलिंडर मिलने लगेंगे। एलपीजी एजेंसी सूत्रों की मानें तो अक्सर ग्राहकों की यह शिकायत रहती है कि उसके घरेलू गैस सिलिंडर में एलपीजी गैस की मात्रा एक से तीन किलो तक कम होती है। कई बार इसकी शिकायत करने के बाद भी ग्राहक उसकी ट्रेसिंग नहीं कर पाते हैं। एजेंसी वाले संबंधित ट्रालीमैन को डांट-फटकार कर अपने कर्त्तव्य की इतिश्री कर लेते हैं। ग्राहक यदि कड़ाई करता है तो कह दिया जाता है कि सिलिंडर तौल कर लीजिए। जितना गैस कम हो, तो उतना दाम काट लीजिए। चूंकि सिलिंडर की डिलीवरी के समय घर पर महिलाएं ही रहती है। इसलिए यह कदम कारगर साबित नहीं हो पाता। लिहाजा, अब सरकार ने ऐसे लोगों को पकड़े के लिए एक कड़ा कदम उठाया है।

## नये साल से घर-घर 4जी प्रीपेड स्मार्ट मीटर


नये साल से विद्युत उपभोक्ताओं के यहां 4जी प्रीपेड स्मार्ट मीटर लगाने की तैयारी है। इस मीटर की खासियत यह है कि यदि कोई उपभोक्ता इसके साथ छेड़छाड़ करेगा तो अलार्म बज उठेगा और उपभोक्ता के घर की बत्ती गुल हो जाएगी। पावर कॉरपोरेशन सूत्रों कीमानें तो 4जी प्रीपेड स्मार्ट मीटर पूरी तरह नयी तकनीकी फीचर से लैस हैं। इसमें बिजली चोरी से लेकर अन्य टेम्परिंग रोकने के लिए सभी फीचर्स लगाये गये हैं। इसके चलते इस मीटर में बिजली चोरी की गुंजाइश रत्ती भर भी नहीं है। एक अफसर ने अपना नाम न छापने की शर्त पर बताया कि 4जी प्रीपेड स्मार्ट मीटर में कई ऐसे फीचर्स लगाये गये हैं, जिनके माध्यम से मीटर के साथ किये गये छेड़छाड़ की भी जानकारी मिल जाएगी। यदि कोई भी उपभोक्ता मीटर के साथ छेड़छाड़ करेगा तो इसमे लगा अलार्म बजने लगेगा और स्वतः काम करना बंद कर देगा यानी उपभोक्ता के परिसर की बिजली गुल हो जाएगी। अफसर का कहना है कि चूंकि मीटर पावर कॉरपोरेशन के सर्वर से सीधे जुड़ा होगा, इसलिए छेड़छाड़ होते ही संबंधित खंड कार्यालय को इस बात की जानकारी हो जाएगी। विभागीय सूत्रों की मानें तो 4जी प्रीपेड स्मार्ट मीटर की टेस्टिंग भी शुरू हो गई है। इसके लिए पांच विद्युत उपकेंद्र चिह्नित किए गए हैं। इनमें 10-10 मीटर की संख्या के हिसाब से टेस्टिंग की जा रही है। टेस्टिंग के बाद विभागीय अधिकारी सत्यापित करेंगे कि इस मीटर से जो रीडिंग हो रही है, वह पूरी तरह से सही है।

## कज्जाकपुरा सेतु पर दौड़ेंगे वाहन



**वाराणसी।** रेल उपरिगामी सेतु 23ए, कज्जाकपुरा पर निर्माण कार्य प्रगति पर है। सेतु को पूर्ण कराने का लक्षित तिथि माह मार्च, 2024 है, जिसे दिसम्बर, 2023 तक पूर्ण कराने का हर सम्भव प्रयास किया जा रहा है। राज्य सेतु निगम के उप परियोजना प्रबन्धक एस०के० निरंजन ने बताया कि सेतु के निर्माण कार्य की पुनरीक्षित स्वीकृति द्वारा कुल लागत रू 144.52 करोड़ सेतु अंश रू 139.85 करोड़ की हुई है। माह अक्टूबर, 2022 तक रू 42.66 करोड़ व्यय करते हुए भौतिक प्रगति 20.93 प्रतिशत है। पूर्व में जीएडी सिंगल पिलर पर प्रस्तावित था। घनी आबादी एवं गंगा प्रदूषण की मेन लाइन (2.50 मी डाया) को शिफ्टिंग सम्भव न होने के कारण सिंगल पीलर पर निर्माण फिजिबल नहीं पाया गया। परियोजना की जीएडी में परिवर्तन कर (2पीलर) पर निर्माण कार्य प्रारम्भ किया गया। सेतु के सरेखण में पाइल फाण्डेशन के नीचे अण्डर ग्राउण्ड केबिल सीवर लाइन, पेयजल लाइन, टेलीफोन लाइन तथा गेल की गैस पाइप लाइनें आ रही हैं, जिसकी शिफ्टिंग एवं भूमि अध्याप्ति के कारण विलम्ब हुआ है। सेतु के सरेखण में कब्रिस्तान एवं मस्जिद की जमीन आ रही है, जिसका आपसी समझौते के आधार पर कार्य कराने का प्रयास किया जा रहा है। कुछ हिस्सों में अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही की जा चुकी है, उन स्थानों पर निर्माण कार्य प्रगति में है।

## कैंट स्टेशन पर मूर्त रूप लेंगी ये योजनाएं



वाराणसी। नये वर्ष 2023 में वाराणसी में कई योजनाएं मूर्त रूप लेंगी उनमें कैंट स्टेशन (वाराणसी जंक्शन) भी शामिल है। नई योजनाओं के तहत एक फुटओवर ब्रिज (एफओबी) जो स्टेशन के द्वितीय प्रवेश द्वार पर निकलेगा, इसके साथ ही यार्ड री मॉडलिंग का कार्य पूरा करते हुए प्लेटफार्म नंबर दो और तीन की चौड़ाई बढ़ेगी, चार व पांच की चौड़ाई कम होगी, मालगाड़ी के लिए बाईपास रेल लाइन, दो नये प्लेटफार्म के तहत प्लेटफार्म नंबर 10 और 11 का निर्माण, मालगोदाम की ओर तीसरा प्रवेश द्वार, द्वितीय प्रवेश द्वार पर नये कर्मिशियल भवन का निर्माण सहित अन्य कार्य वर्ष 2023 में पूरा होगा।

## स्वास्थ्य सेवाओं का होगा विस्तार

**मिलेगा लाभ**

**मिलेंगी एमआरयू, बीएसएल-3 सहित अन्य जरूरी लैब**

**ग्रामीण के साथ नगर क्षेत्र में बढ़ेंगे आयुष्मान भारत - हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर**

**वाराणसी।** मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ संदीप चौधरी का कहना है कि जनपद के समस्त सरकारी चिकित्सालयों, सामुदायिक व प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों, हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर पर चिकित्सीय एवं स्वास्थ्य सेवाओं में लगातार सुधार हुआ है। इसमें आधारभूत संरचना (इन्फ्रास्ट्रक्चर) के साथ डिजिटलीकरण पर पूरा जोर दिया गया। अब नए साल में भी नवीन चिकित्सीय एवं स्वास्थ्य सेवाओं का विस्तार किया जाएगा। चार प्रथम संदर्भन इकाई (एफआरयू) क्रमशः डीडीयू चिकित्सालय स्थित मातृ व शिशु स्वास्थ्य (एमसीएच) विंग, सीएचसी चौकाघाट, सीएचसी दुर्गाकुंड और मुख्यमंत्री द्वारा गोद ली गई सीएचसी हाथी बाजार

तीन हेल्थ एटीएम क्रमशः सीएचसी चौकाघाट, सीएचसी दुर्गाकुंड और पीएचसी बड़ागांव में स्थापित।



विभिन्न आठों ब्लॉक में 65 आयुष्मान भारत -हेल्थ वेलनेस सेंटर की बढ़ोतरी, अब हुए 225 हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर, गैर संचारी रोग कार्यक्रम के अंतर्गत सभी 11 ग्रामीण व शहरी सीएचसी में सेंटीनल/पैथालोजी लैब स्थापित, सभी 12 सीएचसी पर मिनी पोषण पुनर्वास केंद्र (एनआरसी) स्थापित, स्वास्थ्य सेवाओं के डिजिटलीकरण के लिए ई-कवच पोर्टल, मंत्रा एप, आधारबद्ध जन्म पंजीकरण, यूबीआई फेसिंग अटेंडेंस एप का संचालन शुरू हुआ। सभी हेल्थ वेलनेस सेंटर पर टेली मेडिसिन की सुविधा शुरू ।

**साल 2023 में बढ़ेंगी यह सुविधाएं**

तीन मल्टी डिसिप्लेनरी यूनिट (एमआरयू) लैब, एक बीएसएल-3 लैब, एक पब्लिक हेल्थ लैब, राजकीय चिकित्सालयों में हृदय रोगियों की सुविधा के लिए केंद्र, सभी सीएचसी और पीएचसी पर बेड की संख्या में बढ़ोतरी के लिए एक-एक यूनिट, सभी पीएचसी व सीएचसी सहित अन्य सार्वजनिक स्थानों पर एक-एक हेल्थ एटीएम, दो ब्लॉक स्तरीय पब्लिक हेल्थ यूनिट, दो नगरीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सारनाथ और काशी विद्यापीठ), ग्रामीण क्षेत्र में 75 हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर और नगर क्षेत्र में 48 हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर।

## पीपीपी मॉडल पर तैयार हो जायेगा रोडवेज



**वाराणसी।** उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम के चौधरी चरण सिंह अन्तर्राज्यीय रोडवेज बस स्टेशन को वर्ष 2023 में नये पंख लगते नजर आयेंगे। इसके लिए 96 करोड़ रुपये का टेंडर जारी किया गया है। पीपीपी मॉडल पर बनने वाले इस रोडवेज में कई भवन के साथ ही चार्जिंग प्वाइंट और अंडर पार्किंग की भी व्यवस्था होगी। इसके साथी बसों को सड़कों पर ना खड़ा करने की दृष्टि से परिसर को और स्पेसियस बनाया जायेगा। नये लुक में रोडवेज आकार लेगा। क्षेत्रीय प्रबंधक गौरव वर्मा ने बताया कि दुर्घटना मुक्त संचालन राजधानी एक्सप्रेस और निगम की बसों सहित सिटी बस में महिला चालक होंगी तैनात।

## 50 नई ई-बस मिलने की उम्मीद



नगरीय विभाग की ओर से संचालित प्रदेश भर में ई-बस के तहत वाराणसी में वर्ष 2023 में 50 नई बसों का सौगात मिलेगा। इससे जहां प्रदूषण कम होता नजर आयेगा, वहीं आवागमन में भी वृद्धि होगी। इसके साथ ही शहर ग्रामीण क्षेत्रों में विस्तार किया जायेगा। नये ई-बसों के आने के बाद शहर में छोटे वाहनों पर लगाम लग सकेगा।

## जाम से मिलेगी मुक्ति, जोनवार चलेगा ई-रिक्शा



वाराणसी। शहर को जाम से मुक्त करने के लिए परिवहन विभाग व यातायात विभाग की ओर से शहर को 2023 में एक जनवरी से तीन जोन में बांट कर यातायात संचालित किया जायेगा। इसके साथ ही मुख्य मार्गो पर ई-रिक्शा के संचालन में प्रतिबंध कर दिया जायेगा। इससे दुर्घटनाओं में ना सिर्फ कमी आयेगी बल्कि जाम से भी मुक्ति मिलेगी। शासन की ओर से इस तरह के निर्णय से लोगों को काफी राहत मिलती नजर आयेगी।

*प्रस्तुति:* जितेंद्र श्रीवास्तव, सुरोजित चैटर्जी, राधेश्याम कमल, अश्वनी श्रीवास्तव

पेज सज्जा: सौरभ जायसवाल

# स्पोर्ट्स

## पंत के एक्सीडेंट की तस्वीरें और विजुअल साझा करने वालों को रोहित की पत्नी ने लताड़ा

**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट टीम के बल्लेबाज ऋषभ पंत के एक्सीडेंट के बाद से उनके कई वीडियो वायरल हो रहे हैं। इसतरह के वीडियो से परेशान होकर भारतीय टीम के कप्तान रोहित शर्मा की पत्नी रितिका सजदेह ने पंत की दुर्घटना की तस्वीरें और विजुअल साझा करने वालों को लताड़ लगा दी है। उन्होंने इंस्टाग्राम स्टोरी पर लिखा किसी इसतरह के व्यक्ति की तस्वीरें और वीडियो पोस्ट करने के लिए आपको शर्म आनी चाहिए जो आहत हैं। उनके परिवार और दोस्त हैं जो उन छवियों से बुरी तरह प्रभावित थे। बता दें कि पंत के माथे दाहिने घुटने पीठ टखने और कलाई में चोटें आई हैं। हालांकि डॉक्टरों ने हड्डी संबंधी किसी गंभीर चोट से इनकार किया है। उनका पहले रुड़की के अस्पताल में इलाज किया गया और बाद में देहरादून रेफर कर दिया गया। घटना के वक्त कई वाहन हाइवे पर दौड़ रहे थे जिस वक्त एक्सिडेंट हुआ उस समय कोहरा भी ज्यादा नहीं था क्योंकि सीसीटीवी फुटेज में ऋषभ की गाड़ी सरपट दौड़ते हुए नजर आई थी।




# हॉस्पिटल में भर्ती पंत को बीसीसीआईने सुनाई खुशखबरी

## सूर्यकुमार के बल्ले से फूटा रनों का ज्वालामुखी, गेंदबाजी में भुवनेश्वर ने मारी बाजी

**नई दिल्ली।** बीसीसीआई ने साल 2022 के टेस्ट में अपने दो बेस्ट खिलाड़ी चुने हैं। इसमें एक बल्लेबाज ऋषभ पंत और तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह हैं। बीसीसीआई ने अपने ट्विटर पर ऋषभ पंत और जसप्रीत बुमराह की फोटो भी शेयर की। साथ ही उनके साल 2022 के वह आंकड़े भी शेयर किए हैं, जो उन्होंने क्रिकेट के मैदान पर बनाए। बता दें कि ऋषभ पंत ने 2022 में भारतीय में सबसे ज्यादा 7 टेस्ट मैच खेले, जिसकी 12 पारियों में 680 रन बनाए। वह इस साल सबसे ज्यादा टेस्ट रन बनाने वाले भारतीय भी हैं। पंत ने इस दौरान दो शतक और चार अर्धशतक जमाए हैं। तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह ने पांच टेस्ट मैच खेले, जिसकी 10

### जसप्रीत बुमराह की भी बल्ले-बल्ले

पारियों में सबसे ज्यादा (भारतीय में) 22 विकेट लिए। आपको बता दें कि क्रिकेटर ऋषभ पंत एक सड़क हादसे में घायल हो गए थे और उनका देहरादून के मैक्स अस्पताल में उपचार किया जा रहा है। पंत शुक्रवार तड़के अपनी मसीडीज बेंज कार से देहरादून जा रहे थे, तभी दिल्ली-देहरादून मार्ग पर झपकी लगने के कारण उनकी कार सड़क पर डिवाइडर से टकरा गई, जिससे उसमें आग लग गई। पंत कार का शीशा तोड़कर बाहर निकले और अपनी जान बचाई। ऋषभ पंत के माथे,




दाहिने हाथ की कलाई, दाहिने पैर का घुटना, टखना और अंगूठे में चोट लगी और उनके दाहिने घुटने का लिगामेंट फट गया है। पहले दिन उनके चेहरे की प्लास्टिक सर्जरी भी हुई थी।

***ऋषभ पंत इलाज के लिए मुंबई शिफ्ट किया जा सकता***

भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत के इलाज में कोई कोताही नहीं बरतना चाहता है। बोर्ड उन्हें इलाज के लिए मुंबई शिफ्ट किया जा सकता है। ताकि, बोर्ड की मेडिकल टीम की देखरेख में पंत के लिगामेंट का इलाज होगा। जरूरत पड़ने पर उन्हें विदेश भी भेजा जा सकता है। फिलहाल, देहरादून के मैक्स हास्पिटल में पंत का इलाज चल रहा है। उनके ब्रेन और स्पाइन की टफ्फरिपोर्ट नॉर्मल आई है। शनिवार को एक्टर अनुपम खेर और दिल्ली एंड डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट एसोसिएशन के डायरेक्टर श्याम शर्मा पंत से मिलने पहुंचे। साल 2022 का आज (31 दिसंबर) आखिरी दिन है। इस मौके पर बीसीसीआई ने साल 2022 के टी20 इंटरनेशनल में अपने दो बेस्ट खिलाड़ी चुने हैं। इसमें बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव और एक तेज गेंदबाज भुवनेश्वर कुमार हैं। बीसीसीआई ने अपने ट्विटर पर सूर्यकुमार यादव और भुवनेश्वर कुमार की फोटो भी शेयर की। वहीं भारत के लिए स्टाइलिश बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव ने टी20 इंटरनेशनल में सबसे ज्यादा रन बनाए हैं तो वहीं विकेट लेने के मामले में भुवनेश्वर कुमार सबसे आगे हैं। बता दें कि टीम इंडिया के बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव ने साल 2022 में 31 इंटरनेशनल टी20 मैचों में 1164 रन बनाए हैं। सूर्यकुमार यादव ने इस साल दो शतक के अलावा नौ बार पचास रनों का आंकड़ा पार किया। सूर्या भारत के ओर से टी20 फॉर्मेट में एक साल के अंदर 1000 रन बनाने वाले पहले और दुनिया के दूसरे बैट्समैन बने। टीम इंडिया के गेंदबाज भुवनेश्वर कुमार इस साल टी20 इंटरनेशनल में कमाल की गेंदबाजी की है। भुवनेश्वर ने इस साल 32 मुकाबले खेले हैं और 37 विकेट झटके हैं। उन्होंने साल 2022 में टी20 इंटरनेशनल में सिर्फ 6.98 की इकॉनमी से बॉलिंग की है। वहीं उनका बेस्ट बॉलिंग फिगर चार रन देकर पांच विकेट रहा। उधर, बीसीसीआई ने साल 2022 के वनडे इंटरनेशनल में अपने दो बेस्ट खिलाड़ी चुने हैं।

## मोहन बागान क्लब में जल्द होगा 'पेले गेट', सचिव देवाशीष दत्ता ने की घोषणा

**कोलकाता।** दुनिया के सर्वश्रेष्ठ फुटबॉलरों में से एक और 45 साल पहले कोलकाता में मैच खेलने वाले पेले के निधन पर फुटबॉल के दीवाने इस महानगर में भी शोक की लहर छा गई। पेले का कैंसर से जूझने के बाद ब्राजील के साओ पाउलो के एक अस्पताल में निधन हो गया था। मोहन बागान के लिए यह काला दिवस था क्योंकि यह देश का एकमात्र क्लब है जिसके खिलाफ तीन बार के विश्व कप विजेता पेले ने एक प्रदर्शनी मैच में हिस्सा लिया था। पेले के निधन के कारण मोहन बागान ही नहीं उसके चिर प्रतिद्वंद्वी ईस्ट बंगाल और मोहम्मडन स्पोर्टिंग ने भी अपने झंडे आधा झुका दिए।

## सऊदी अरब के फुटबॉल क्लब से जुड़े रोनाल्डो एक साल में कमा सकते हैं 200 मिलियन डॉलर




**लंदन।** पुर्तगाल के सुपर स्टार क्रिस्टियानो रोनाल्डो मोटी धनराशि पर सऊदी अरब के फुटबॉल क्लब अल नासर से जुड़ गए हैं जिसे मध्य पूर्व के फुटबॉल के लिए बड़ी घटना माना जा रहा है लेकिन इससे यूरोप का दिग्गज खिलाड़ी खेल के शीर्ष मंच से गायब हो जाएगा। अल नासर ने पांच बार के बैलन डिओर विजेता रोनाल्डो की तस्वीर सोशल मीडिया पर जारी की है जिसमें वह टीम की जर्सी पकड़े हुए हैं। रोनाल्डो ने इससे पहले इस क्लब के साथ जून 2025 तक करार किया। क्लब ने कहा, इस करार से न सिर्फ क्लब को अच्छी सफलताएं हासिल करने की प्रेरणा मिलेगी बल्कि इससे हमारी लीग, हमारे देश और भविष्य की पीढ़ियों को भी सर्वश्रेष्ठ करने की प्रेरणा मिलेगी। इस 37 वर्षीय फुटबॉल स्टार का यह करियर का अंतिम करार हो सकता है जिसके लिए उन्हें मोटी धनराशि मिलेगी। मीडिया रिपोर्टों के अनुसार पुर्तगाल का यह स्टार इस करार से प्रतिवर्ष 200 मिलियन डॉलर की कमाई कर सकता है जिससे वह फुटबॉल के इतिहास में सर्वाधिक भुगतान पाने वाला खिलाड़ी बन जाएगा। रोनाल्डो ने एक बयान में कहा कि वह एक अलग देश में नई फुटबॉल लीग का अनुभव हासिल करने के लिए उत्सुक हैं। उन्होंने कहा, मैं भाग्यशाली हूं कि मैंने यूरोपीय फुटबॉल में वह सब हासिल किया जो मैं कर सकता था और मुझे लगता है कि एशिया में अपना अनुभव साझा करने का यह सही समय है।

# सर्वाधिक टेस्ट विकेट लेने वाले गेंदबाजों में रबाडा शीर्ष व लियॉन दूसरे पायदान पर

## कोई भी भारतीय गेंदबाज टॉप फाइव में शामिल नहीं

**नई दिल्ली ।** साल 2022 वैसे टी20 विश्व कप से भरपूर रहा क्योंकि सभी टीमें ऑस्ट्रेलिया में होने वाले टी20 विश्व के लिए तैयारियां कर रहीं थी। हालांकि वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप के कारण अब टेस्ट क्रिकेट को भी काफी तरजीह मिल रही है। साल 2021 में टेस्ट चैंपियनशिप का पहला खिताब न्यूजीलैंड ने जीता था और इस चैंपियनशिप का दूसरा संस्करण 2023 में खेला जाना है। टेस्ट चैंपियनशिप में अपनी जगह मजबूत करने के लिए साल 2022 में टीमों में होड़ मची हुई है। इस दौरान कई बल्लेबाजों ने अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन दिया और कई गेंदबाजों ने टेस्ट चैंपियनशिप में अपनी टीम के जगह पक्की के लिए पूर जोर लगा दिया। साल 2022 सर्वअधिक टेस्ट विकेट लेने वाले गेंदबाजों की बात करें तब ऑस्ट्रेलिया के नॉथन लियॉन और दक्षिण-अफ्रीका के कगिसो रबाडा 47-47 विकेट चटकाकर सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज बने।



**1.कगिसो रबाडा** (47 विकेट)- दक्षिण अफ्रीका के इस धुरंधर तेज गेंदबाज कगिसो रबाडा साल 2022 के सर्वश्रेष्ठ टेस्ट गेंदबाज बने। रबाड़ा ने इस साल कुल 9 मैच खेले और 22.25 की औसत के साथ 47 विकेट चटकाए।

**2. नाथन लियॉन** (47 विकेट) - ऑस्ट्रेलियाई स्पिनर नॉथन लियॉन ने भी इस साल 47 विकेट लिए लेकिन वह लिस्ट पर दूसरे नंबर पर हैं। रबाडा ने यहां 9 मैचों में 47 विकेट चटकाई वहीं लियॉन ने 11 मैचों में इतने विकेट हासिल किए। नॉथन लियॉन का इस दौरान गेदबाजी की औसत 20.06 की रही।

**3.जैक लीच** (46 विकेट) -इंग्लैंड के स्पिनर जैक लीज साल 2022 में टेस्ट क्रिकेट में सर्वश्रेष्ठ विकेट लेने के मामले में तीसरे नंबर पर रहे। उन्होंने 14 टेस्ट मैचों में 38.28 की औसत के साथ 46 विकेट हासिल की।

**4.स्टुअर्ट ब्रॉड** (40 विकेट) इंग्लैंड के तेज गेंदबाज स्टुअर्ड ब्रॉड इस साल चौथे सबसे ज्यादा टेस्ट विकेट लेने वाले गेंदबाज बने। ब्रॉड ने 9 मैचों में 40 विकेट लिए और इस दौरान उनकी औसत 25.75 की रही।

**5.मार्को जेनसन** (36 विकेट)-दक्षिण अफ्रीकी तेज गेंदबाज मार्को जेनसन टेस्ट क्रिकेट में सबसे ज्यादा विकेट लेने के मामलें में पांचवे नंबर पर रहे। उन्होंने 8 मैचों में 19.02 की औसत के साथ 36 विकेट लिए।

## बॉलीवुड न्यूज

### लाल सिंह चड्ढा की ओटीटी और टीवी रिलीज के बाद सोशल मीडिया पर ट्रेंड हुआ



मुंबई। सुपरस्टार आमिर खान हमेशा अपने करियर के दौरान दर्शकों के लिए कुछ बेहतरीन कंटेंट लेकर सामने आए हैं। 2022 में भी उन्होंने अपने इसी सिद्धांत को फॉलो किया और हमें 'लाल सिंह चड्ढा' जैसी एक शानदार फिल्म दी, जिसने अपने ओटीटी रिलीज और हाल ही में वर्ल्ड टेलीविजन रिलीज के बाद लोगों का दोगुना प्यार हासिल किया है। आमिर खान और करीना कपूर खान स्टारर इस फिल्म का जादू फिर से दर्शकों को पर चला क्योंकि फैमिली ऑडियंस ने फिल्म को फिर से तलाशा और छोटे पर्दे पर भी इसका भरपूर आनंद लिया। जबकि कुछ ने लाल सिंह चड्ढा को 'देश की बेस्ट निर्मित फिल्मों में से एक' बताया, तो वहीं दूसरों ने ओटीटी और टेलीविजन पर अपने घरों में आराम से देखने के दौरान इसे सूदिंग और सेटिस्फाइंग इफेक्ट वाली फिल्म कहा। 'लाल सिंह चड्ढा' को भारतीय दर्शकों के बीच कई नए प्रशंसक भी मिले, जो सिनेमाघरों में इस फिल्म को देखने से चूक गए। वैसे ये कोई हैरानी की बात नहीं है, क्योंकि आमिर खान हमेशा अपनी फिल्मों के साथ भावनाओं को गहराई से छूने में कामयाब रहे हैं, जो बड़े पैमाने पर दर्शकों के साथ जुड़ी हुई हैं। दिलचस्प बात यह है कि फिल्म को सिनेमाघरों में रिलीज होने पर दर्शकों से जबरदस्त प्रतिक्रिया मिल चुकी है, जहां कुछ ने इसे मास्टरपीस कहा, तो कुछ को ये अपने आप में खास लगी। इन प्रतिक्रियाओं को देखते हुए, यह कहना सही होगा कि दर्शकों को आमिर खान की लाला सिंह चड्ढा से एक बार फिर से प्यार हो गया है।

# 2022 भारतीय टीम के लिए रहा खराब

**मुंबई।** टीम इंडिया साल 2023 की चुनौती के लिए तैयार है। 2022 की बात करें तब एक और साल भारतीय टीम आईसीसी ट्रॉफी नहीं जीत सकी। इस साल 2 आईसीसी टूनामेंट है। इसके बाद रोहित शर्मा से लेकर हार्दिक पंड्या तक पर सभी की नजर रहेगी। पंड्या को टी20 टीम की कमान दी जा सकती है। 3 जनवरी से श्रीलंका के खिलाफ शुरू हो रही टी20 सीरीज के लिए उन्हें कप्तान बनाया गया है। हालांकि सीनियर खिलाड़ियों को सीरीज से आराम दिया गया है। वनडे सीरीज से कप्तान रोहित सहित सभी सीनियर खिलाड़ी वापसी कर रहे हैं।

टीम ऑस्ट्रेलिया में हुए टी20 वर्ल्ड कप संतोषजनक प्रदर्शन नहीं कर सकी थी। सेमीफाइनल में टीम को इंग्लैंड से 10 विकेट से करारी हार मिली थी। इसके बाद केएल राहुल से लेकर सीनियर खिलाड़ी भुवनेश्वर कुमार तक के प्रदर्शन पर सवाल उठे थे। भुवनेश्वर को टी20 और वनडे टीम से बाहर कर

### वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप और वनडे वर्ल्डकप इसी साल

### 2023 में टीम के सामने चुनौतियां अपार

दिए गए हैं। वहीं राहुल वनडे और टी20 में उम्मीद के मुताबिक खेल नहीं दिखा सके हैं। उन्हें श्रीलंका के खिलाफ वनडे सीरीज के लिए बतौर विकेटकीपर टीम में रखा गया है। यानी वे बतौर बल्लेबाज अपनी जगह खो चुके हैं। 2023 की बात करें तब वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल के अलावा वनडे वर्ल्ड कप भी होना है।




शिखर धवन भी वनडे टीम से अपनी जगह खो चुके हैं।

वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप का फाइनल जून में इंग्लैंड में होना है। उससे पहले भारतीय टीम को 9 फरवरी से ऑस्ट्रेलिया से 4 मैचों की टेस्ट सीरीज खेलनी है। यह सीरीज चैंपियनशिप का हिस्सा है। फाइनल की रेस में बने रहने के लिए टीम को यह सीरीज जीतना जरुरी हैं। टेबल में कंगारू टीम अभी टॉप पर है जबकि भारतीय टीम दूसरे नंबर पर है। वनडे वर्ल्ड कप की बात की जाए तब मुकाबले अक्टूबर-नवंबर में भारत में ही होने है। इसकारण मेजबान होने के नाते भारतीय टीम प्रबल दावेदार मानी जा रही है। भारत ने अंतिम बार वर्ल्ड कप 2011 में घर में ही जीता था। तब एमएस धोनी की कप्तानी में टीम टाइटल जीतने में सफल रही थी। भारतीय टीम को 2013 से आईसीसी ट्रॉफी का इंतजार है। टीम ने अंतिम बार धोनी की ही कप्तानी में चैंपियंस ट्रॉफी जीती थी। पिछले दिनों ऑस्ट्रेलिय में हुए टी20 वर्ल्ड कप का खिताब इंग्लैंड ने जीता।

## अस्पताल में ऋषभ पंत से मिलने पहुंचे अनिल कूपर और अनुपम खेर



**देहरादून।** बॉलीवुड अभिनेता अनिल कपूर और अनुपम खेर ने शनिवार को देहरादून के मैक्स अस्पताल पहुंचकर क्रिकेटर ऋषभ पंत से मुलाकात की। मैक्स अस्पताल से बाहर निकलने के बाद अनिल कपूर ने संवाददाताओं से कहा, पंत की स्थिति ठीक है। हम उनसे प्रशंसकों के रूप में मिले। आइए हम प्रार्थना करें कि वह जल्द ठीक हो जाएं और हम उन्हें फिर से खेलते हुए देखें। वह फाइटर हैं, पूरे देश की दुआएं उनके साथ हैं। अनिल कपूर के साथ पंत से मिलने अस्पताल पहुंचे अनुपम खेर ने कहा कि उन दोनों ने युवा क्रिकेटर को खूब हंसाया। खेर ने कहा, सब कुछ ठीक है। हम पंत, उनकी मां और रिश्तेदारों से मिले। वे सब ठीक हैं। हमने उन्हें खूब हंसाया। हादसे में पंत के सिर, पीठ और पैर में चोटें आई हैं। अस्पताल प्रबंधन ने बताया कि पंत की हालत स्थिर है। आपको बता दें कि क्रिकेटर ऋषभ पंत एक सड़क हादसे में घायल हो गए थे और उनका यहां के इस अस्पताल में उपचार किया जा रहा है। पंत शुक्रवार तड़के अपनी मसीर्डीज बेंज कार से देहरादून जा रहे थे, तभी दिल्ली-देहरादून मार्ग पर झपकी लगने के कारण उनकी कार सड़क पर डिवाइडर से टकरा गई, जिससे उसमें आग लग गई।

# भारतीयों के लिए उपलब्धियों भरा रहा 2022




**नई दिल्ली।** थॉमस कप में ऐतिहासिक जीत भारतीय बैडमिंटन के लिए किवदंती बन गई जबकि नीरज चोपड़ा ने डायमंड लीग खिताब जीतकर अपने 'सुपरस्टार' दर्जे में इजाफा किया लेकिन 22 गज की पिच पर क्रिकेट टीम का संघर्ष 2022 में भारतीय खेलों के लिए खट्टे मीठे नतीजों से भरा रहा। हॉकी में महिला टीम ने प्रेरणादायी प्रदर्शन जारी रखते हुए बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेलों में रजत पदक जीता। ओलंपिक चैम्पियन नीरज भले ही 90 मीटर दूर भाला नहीं फेंक सके लेकिन एलीट टूनार्मेंट में पोडियम में शीर्ष स्थान से उनकी महानता का कद ऊंचा होना जारी रहा। हालांकि पहलवान रवि दहिया अपनी ओलंपिक सफलता के अनुरूप प्रदर्शन नहीं कर सके और विश्व चैम्पियनशिप के पहले ही दौर से बाहर हो गये। दहिया जैसे जुनूनी और मेहनती पहलवान को यह हार सबसे ज्यादा सालती होगी। अब उनके 2023 में बेहतरीन प्रदर्शन की आस है जिसमें पेरिस ओलंपिक के कोटे दाव पर लगे होंगे। दहिया के इस तरह बाहर होने की बिलकुल उम्मीद नहीं थी, वहीं थॉमस कप में पुरूष बैडमिंटन खिलाड़ियों के साथ भी ऐसा ही था जिन्होंने ऐतिहासिक खिताबी जीत से भारत को बैडमिंटन में पावरहाउस बनने की राह पर ला दिया है। सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी पिछले दो वर्षों से शानदार प्रदर्शन दिखा रहे हैं और मई में बैंकाक में खेले गये इस प्रतिष्ठित टूनार्मेंट में चीन और इंडोनेशिया के दबदबे को खत्म करने में उनके प्रदर्शन ने अहम भूमिका अदा की। पीवी सिंधू और लक्ष्य सेन जैसे स्थापित सितारे कोर्ट पर वैसा प्रदर्शन नहीं दिखा सके जिसकी उनसे उम्मीद थी लेकिन उन्होंने बीडब्ल्यूएफ टूर पर कई खिताब जीतकर अपनी उपस्थिति दर्ज करायी। बैडमिंटन खिलाड़ियों ने बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेलों में अपना प्रभावी प्रदर्शन जारी रखा और तीन स्वर्ण सहित छह पदक (एक रजत और दो कांस्य भी) अपने नाम किये। नीरज हालांकि ग्रोइन चोट के कारण राष्ट्रमंडल खेलों में शिरकत नहीं कर सके लेकिन इससे पहले वह अमेरिका में विश्व चैम्पियनशिप में रजत पदक जीतकर अंजू बॉबी जॉर्ज के बाद यह उपलब्धि हासिल करने वाले दूसरे भारतीय एथलीट बने। अंजू ने 2003 पेरिस चरण में कांस्य पदक जीता था। सितंबर में वह डायमंड लीग सीरीज के फाइनल्स में स्वर्ण पदक जीतकर यह उपलब्धि हासिल करने वाले पहले भारतीय बने। डायमंड लीग के स्टॉकहोम चरण में वह दूसरे स्थान पर रहे थे और 89.94 मीटर दूर भाला फेंककर 90 मीटर के करीब पहुंच गये थे। वहीं कम से कम छह शीर्ष भारतीय एथलीट को प्रतिबंधित पदार्थ का इस्तेमाल करने के लिये पकड़ा गया और इन पॉजिटिव डोप मामलों से राष्ट्रमंडल खेलों की तैयारियां प्रभावित हुईं। भारतीय पहलवानों से राष्ट्रमंडल खेलों में दबदबा बनाने की उम्मीद थी लेकिन दहिया इसमें जूझते नजर आये, अमन सहरावत ने 57 किग्रा वर्ग में प्रगति की जो अलमाटी में बोलात तुरलीखानोव में स्वर्ण पदक जीतकर अंडर-23 विश्व चैम्पियन बने। विनेश फोगाट भी जूझती दिखी लेकिन ग्रीको रोमन पहलवानों और जूनियर पहलवानों ने बड़े मंच पर बेहतरीन प्रदर्शन किया जिससे भारतीय कुश्ती के लिये वर्ष शानदार रहा। अंतिम पंघाल अंडर-20 विश्व चैम्पियन बनी और जब विनेश नहीं होंगी तो वह 53 किग्रा वजन वर्ग में भारत के लिये सर्वश्रेष्ठ पहलवान हो सकती हैं। भारतीय हॉकी टीमों ने ऊपर की ओर बढ़ना जारी रखा जिसमें महिलाओं ने पुरूषों पर बाजी मारी। महिला टीम ने 16 वर्षों के बाद राष्ट्रमंडल खेलों में कांस्य पदक जीता। पुरूष टीम ने भी रजत पदक जीता लेकिन फाइनल में आस्ट्रेलिया से मिली 0-7 की हार निराशाजनक रही। भारतीय पुरूष हॉकी टीम को आस्ट्रेलिया से हुई श्रृंखला में 1-4 से शिकस्त झेलनी पड़ी। भारोत्तोलक मीराबाई चानू ने राष्ट्रमंडल खेलों में स्वर्ण पदक के अलावा विश्व चैम्पियनशिप से दूसरा पदक भी अपनी झोली में डाला। वहीं खेल को नये नायक जेरेमी लालरिनुंगा और अचिंता शेयुली के रूप में मिले जो बर्मिंघम में 10 पदक विजेताओं में शामिल रहे। भारत को खेल में हर्षदा गरूड़ के रूप में जूनियर विश्व चैम्पियन मिला। भारतीय प्रशंसक चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान के खिलाफ टी20 विश्व कप के रोमांचक मुकाबले में विराट कोहली के लाजवाब शॉट्स कभी नहीं भूलेंगे और इस पारी को बार बार देखना चाहेंगे। कोहली ने साबित किया कि टी20 प्रारूप में भी बल्लेबाजी एक कला ही है। कोहली ने लंबे प्रारूप में कप्तानी छोड़ दी जिसके बाद बीसीसीआई से उनके रिश्ते और कड़वे हो गये जब उन्हें वनडे कप्तानी से हटा दिया गया। कहा जा सकता है कि 2022 में भारतीय क्रिकेट में मैदान के अंदर और बाहर माहौल अराजकता भरा रहा। मुख्य बल्लेबाजों का संघर्ष बहस का विषय बना रहा जिसमें कप्तान रोहित शर्मा और केएल राहुल शामिल रहे। उनके बल्लेबाजी रवैये पर सवाल उठाये गये क्योंकि टीम को अकसर पावरप्ले ओवरों में उनके इस संघर्ष का खामियाजा भुगतना पड़ा। वहीं हार्दिक पांड्या राष्ट्रीय टीम के नये कप्तान के तौर पर सामने आये क्योंकि रोहित को विश्व कप में एक बार फिर सेमीफाइनल में मिली हार का खामियाजा भुगतना पड़ा जिसमें टीम इंग्लैंड के हाथों हार गयी। भारतीय टीम ने दक्षिण अफ्रीका में एक टेस्ट श्रृंखला भी गंवा दी। जहां स्थापित खिलाड़ी जूझते दिखे तो एक बल्लेबाज जिसने प्रशंसकों और विशेषज्ञों को मंत्रमुग्ध किया वो थे सूर्यकुमार यादव। उनकी गेंद को स्ट्राइक करने की काबिलियत असाधारण थी जिससे उनकी तुलना महान क्रिकेटर एबी डिविलियर्स से की गयी। जिस तरह से सौरव गांगुली का बीसीसीआई अध्यक्ष के तौर पर कार्यकाल खत्म हुआ, उसकी भी काफी आलोचना हुई।

जनसंदेश टाइम्स प्रा.लि.के लिए **प्रवीण कुमार कुशवाहा,** सी 28 /121, तेलियाबाग, प्रथम तल, वाराणसी से प्रकाशित एवं मीडिया टेक्स्ट (Media Text) प्रा.लि. प्रेस, रोहनिया, वाराणसी से मुद्रित।
**प्रधान सम्पादक - सुभाष राय**
**स्थानीय सम्पादक -प्रवीण कुमार कुशवाहा**
पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों से सम्बन्धित विवादों का न्याय क्षेत्र वाराणसी होगा।
फोन नं. 8177008889
आरएनआई नं. **UPHIN/2012/46221**
डाक पंजीयन सं.: जीपीओएलडब्ल्यू / एनपी - 78/2011-13।

# 2023 समस्त जनपद वासियों को नववर्ष की हार्दिक शुभकामनाएं


2023 नववर्ष की हार्दिक शुभकामनाएं
डॉ. सरफराज खान
सपा जिलाध्यक्ष
अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ
नगर पंचायत जफराबाद
से अध्यक्ष पद की महिला प्रत्याशी
राहिला
पत्नी-सरफराज खान

2023 नववर्ष की हार्दिक शुभकामनाएं
रॉयल पैलेस मैरिज हॉल
प्रो. हाजी रेयाज
मो. 8948194883

HAPPY NEW YEAR 2023

2023 नववर्ष की हार्दिक शुभकामनाएं
फेरुराम सरोज
प्रधान- सुंगुलपुर
ग्रा.पं.अधिकारी- अभिषेक यादव

2023 नववर्ष की हार्दिक शुभकामनाएं
लायन्स क्लब जौनपुर सूरज
आनन्द स्वरुप (अध्यक्ष)
विजय कृष्ण साहू (सचिव)
विकास साहू 'विक्की' (कोषाध्यक्ष)
संतोष साहू 'बच्चा' (जोन चेयरपर्सन)
नसीम अख्तर (पूर्व अध्यक्ष)

आमंत्रण पत्र
कार्यक्रम
श्री रामकथा
दिनांकः- 1 जनवरी 2023 दिन- रविवार से
दिनांकः- 5 जनवरी 2023 दिन- गुरूवार तक
नित प्रति-अपरान्ह 1 से सायं 5 बजे तक
यज्ञ पूर्णाहुति एवं प्रसाद वितरण-
6 जनवरी 2023 दिन- शुक्रवार
(कथा विश्राम के पश्चात)
कथा स्थानः- श्री हनुमान मंदिर, सवंसा
(सरकारी अस्पताल के बगल) महराजगंज, जौनपुर
-निवेदक-
यादवेन्द्र प्रताप सिंह 'लवकुश'
भाजपा मण्डल अध्यक्ष महराजगंज
आयोजकः- समस्त सवंसा ग्रामवासी एवं महराजगंज व क्षेत्रवासी भक्तगण, मित्र गण

2023 नववर्ष की हार्दिक शुभकामनाएं
स्टार मोटर्स ग्रुप
की तरफ से समस्त जनपद वासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
पताः सीहीपुर, जौनपुर

2023 नववर्ष की हार्दिक शुभकामनाएं
पप्पू चौहान
प्रधान- नत्थनपुर

2023 नववर्ष की हार्दिक शुभकामनाएं
धर्मराज
प्रधान- केशवपुर (सखोई)
वि.खं.-सिरकोनी
ग्रा.पं.अधिकारी- मोहम्मद साजिद अंसारी

2023 नववर्ष की हार्दिक शुभकामनाएं
जगदीश नारायण राय
पूर्व कैबिनेट मंत्री-उत्तर प्रदेश सरकार
विधायक
जफराबाद विधान सभा

2023 नववर्ष की हार्दिक शुभकामनाएं
रमेश चन्द्र जायसवाल उर्फ - बबलू
भाजपा मण्डल अध्यक्ष- सिरकोनी
प्रधान- कल्याणपुर

2023 नववर्ष की हार्दिक शुभकामनाएं
जड़ावती देवी
प्रधान- शिवपुर
ग्रा.पं.अधिकारी- मोहम्मद साजिद अंसारी

2023 नववर्ष की हार्दिक शुभकामनाएं
चंदा देवी
पत्नी- मृत्युंजय यादव
प्रधान-गयासपुर, वि.खं.-सिरकोनी
ग्रा.पं.अधिकारी- मोहम्मद साजिद अंसारी

2023 नववर्ष की हार्दिक शुभकामनाएं
धनरावती देवी
पत्नी- राजेश निषाद
प्रधान- मोथहाँ, वि.खं.-सिरकोनी
ग्रा.पं.अधिकारी- अभिषेक यादव

2023 नववर्ष की हार्दिक शुभकामनाएं
रीता देवी
पत्नी- मनोज यादव
प्रधान-खरचनपुर, वि.खं.-सिरकोनी
ग्रा.पं.अधिकारी- मोहम्मद साजिद अंसारी

समस्त छात्र, छात्राओं शिक्षक-सहयोगियों एवं अभिभावक तथा क्षेत्रवासियों को नूतनवर्ष की हार्दिक शुभकामनायें
धर्मेन्द दुबे
प्रधानाचार्य

कमला हास्पिटल रिसर्च एण्ड ट्रामा सेन्टर
नव वर्ष, मकरसंक्रांति की हार्दिक शुभकामनाएं
डॉ. आर.बी. चौहान
पता- मीरपुर चौराहा, मड़ियाहूँ रोड, मछलीशहर

2023 नववर्ष की हार्दिक शुभकामनाएं
विनोद कुमार पाल
प्रधान- गोनालपुर

2023 नववर्ष की हार्दिक शुभकामनाएं
धर्मेन्द्र सिंह
प्रधान-शाहपुर नेवादा

2023 नववर्ष की हार्दिक शुभकामनाएं
फौजी इण्टरप्राइजेज
प्रो.- कृष्ण कुमार सिंह (के.के. सिंह)

2023 नववर्ष की हार्दिक शुभकामनाएं
विरेन्द्र कुमार पाल
प्रधान प्रतिनिधि- लमहन

2023 नववर्ष की हार्दिक शुभकामनाएं
समशेर बहादुर सिंह
सीनियर मार्केटिंग इंस्पेक्टर, केराकत, जौनपुर

2023 नववर्ष की हार्दिक शुभकामनाएं
मोतीचंद सर्राफ
सोने चाँदी फैन्सी आभूषणों के विक्रेता
प्रो.- संजय कुमार सर्राफ
9721918598, 9415652582
गोलाबाजार, केराकत, जौनपुर

2023 नववर्ष की हार्दिक शुभकामनाएं
आजाद कुरैशी
केराकत, जौनपुर

2023 नववर्ष की हार्दिक शुभकामनाएं
मोतीचंद सुरेन्द्रचंद सर्राफ
प्रो.- राजीव कुमार साहू (अखिलेश)
मो.- 9450083541, केराकत, जौनपुर

2023 नववर्ष की हार्दिक शुभकामनाएं
संजय सिंह
अध्यक्ष
केराकत, जौनपुर

2023 नववर्ष की हार्दिक शुभकामनाएं
मोती मैरेज लॉन
प्रो.- राजेश गुप्ता- 8756800338

2023 नववर्ष की हार्दिक शुभकामनाएं
अशोक कुमार
प्रधान- अनुसा, वि.खं.- बदलापुर

2023 नववर्ष की हार्दिक शुभकामनाएं
शीतला प्रसाद यादव
प्रधान- दुधौड़ा, वि.खं.-बदलापुर

2023 नववर्ष की हार्दिक शुभकामनाएं
नीरज यादव
प्रधान - बघन्दा, धर्मापुर

2023 नववर्ष की हार्दिक शुभकामनाएं
बाबा टाइल्स इंटर लॉकिंग ईंट व सीमेंट
प्रो.-जितेंद्र कुमार सिंह (चंदेल)
मो.-9935903255

नव वर्ष 2023 की हार्दिक शुभकामनाएं
नवीन साहू

2023 नववर्ष की हार्दिक शुभकामनाएं
अर्चना देवी
पत्नी-लालदेव यादव
प्रधान- जमुहाई, वि.ख.- बदलापुर

2023 नववर्ष की हार्दिक शुभकामनाएं
दिनेश चन्द्र मिश्र
प्रधान-डुहरी, वि.ख.- बदलापुर

2023 नववर्ष की हार्दिक शुभकामनाएं
शत्रुधन कुमार
निवेदक- समस्त ग्रामवासी।

2023 नववर्ष की हार्दिक शुभकामनाएं
प्रभाकर प्रधान (गुड्डू)

2023 नववर्ष की हार्दिक शुभकामनाएं
चंदन तिवारी
प्रधान- इनामीपुर वि.ख.- बदलापुर

2023 नववर्ष की हार्दिक शुभकामनाएं
अनूप दिक्षीत
ग्राम विकास अधिकारी
वि.खं.- मुफ्तीगंज, जौनपुर

2023 नववर्ष की हार्दिक शुभकामनाएं
अभिनव डायग्नोस्टिक सेंटर
सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के सामने सरायबीरू स्टेशन रोड, केराकत, जौनपुर

2023 नववर्ष की हार्दिक शुभकामनाएं
रुद्रा डायग्नोस्टिक सेंटर
स्टेशन रोड
केराकत, जौनपुर

2023 नववर्ष की हार्दिक शुभकामनाएं
डॉक्टर प्रिंस मोदी
चिकित्सा अधीक्षक

2023 नववर्ष की हार्दिक शुभकामनाएं
सावित्री देवी
ग्राम प्रधान मदेवरा मुफ्तीगंज

2023 नववर्ष की हार्दिक शुभकामनाएं
नरेंद्र यादव
धर्मापुर, जौनपुर

2023 नववर्ष की हार्दिक शुभकामनाएं
जयहिंद यादव
ग्राम प्रधान
धर्मापुर, जौनपुर

2023 नववर्ष की हार्दिक शुभकामनाएं
सरोजा देवी
निवेदक- आनंद कुमार

2023 नववर्ष की हार्दिक शुभकामनाएं
कमलेश सरोज
प्रधान
मुफ्तीगंज, जौनपुर

2023 नववर्ष की हार्दिक शुभकामनाएं
संजय सरोज
पूर्व प्रत्याशी- वि.स., केराकत
मुफ्तीगंज, जौनपुर

2023 नववर्ष की हार्दिक शुभकामनाएं
रवि कुमार सिंह
खण्ड विकास अधिकारी
वि.खं.- मुफ्तीगंज, जौनपुर

2023 नववर्ष की हार्दिक शुभकामनाएं
रागिनी देवी
पत्नी-मनोज कुमार यादव

2023 नववर्ष की हार्दिक शुभकामनाएं
निर्मला देवी
पत्नी- संजय यादव
मुफ्तीगंज, जौनपुर

2023 नववर्ष की हार्दिक शुभकामनाएं
निशा देवी
पत्नी- सुरेन्द्र सरोज
मुफ्तीगंज, जौनपुर

2023 नववर्ष की हार्दिक शुभकामनाएं
आलोक कुमार मिश्र
ग्राम पंचायत अधिकारी
वि.खं.- मुफ्तीगंज, जौनपुर

2023 नववर्ष की हार्दिक शुभकामनाएं
बिनय कुमार सिंह
पूर्व प्रमुख
वि.खं.- मुफ्तीगंज, जौनपुर

2023 नववर्ष की हार्दिक शुभकामनाएं
डा. सभाजीत यादव
प्रबंधक
जलालपुर, जौनपुर

2023 नववर्ष की हार्दिक शुभकामनाएं
किरन सरोज
पत्नी-ओमप्रकाश सरोज
प्रधान
जलालपुर, जौनपुर

2023 नववर्ष की हार्दिक शुभकामनाएं
सरोज पटेल
पत्नी-अजय पटेल
प्रधान
जलालपुर, जौनपुर

2023 नववर्ष की हार्दिक शुभकामनाएं
जितेन्द्र बहादुर यादव (सुक्खू)

2023 नववर्ष की हार्दिक शुभकामनाएं
डा. आर.के. गुप्ता
एम.बी.बी.एस., एम.डी.
जलालपुर, जौनपुर

2023 नववर्ष की हार्दिक शुभकामनाएं
हीरालाल यादव
प्रधान
मुफ्तीगंज, जौनपुर

2023 नववर्ष की हार्दिक शुभकामनाएं
रामदुलार यादव
प्रधानाध्यापक

2023 नववर्ष की हार्दिक शुभकामनाएं
रामसरन सरोज
प्रधान
मुफ्तीगंज, जौनपुर